बैशाख शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 16 मई 2024
वर्ष 5, अंक 179, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

डब्ल्यूएचओ ने डेंगू के दूसरे टीके को दी मंजूरी 16

आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं बाबिल 15

स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको को मारी गई गोली

ब्रातीस्लावा (स्लोवाकिया), एजेंसी

- हालत बेहद नाजुक, बैंस्का बायस्ट्रिका के अस्पताल में भर्ती किए गए
- राष्ट्रपति जुजाना कैपुतोवा ने की कड़ी निंदा, संसद स्थगित

स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को कई गोलियां मारी मारी गई हैं। उनकी फेसबुक प्रोफाइल के अनुसार फिको का जीवन खतरे में है। उन्हें हेलीकॉप्टर द्वारा बैंस्का बायस्ट्रिका के एक अस्पताल ले जाया गया है जहां उनकी सर्जरी की जा रही है। यह जानकारी श्रम मंत्री एरिक टॉमस ने दी।

फिको के लिए अगले कुछ घंटे बहुत महत्वपूर्ण है। स्लोवाकिया के समाचार टेलीविजन स्टेशन 'टीए3' के अनुसार यह घटना राजधानी से लगभग 150 किमी दूर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में हुई। फिको (59) को पेट में भी गोली लगी है। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। संसद के उपाध्यक्ष लुबोस ब्लाहा ने स्लोवाकिया की संसद में घटना की पुष्टि की और संसद स्थगित कर दिया। राष्ट्रपति जुजाना कैपुतोवा ने प्रधानमंत्री पर हमले की निंदा की।

प्रख्यात लेखिका पद्मश्री मालती जोशी का निधन

नई दिल्ली। पद्मश्री से सम्मानित और हिन्दी तथा मराठी की प्रख्यात लेखिका मालती जोशी (90) का बुधवार 15 मई को दिल्ली में निधन हो गया। उनका जन्म महाराष्ट्र के औरंगाबाद में 04 जून 1934 को हुआ था। वे आइसोफ़ेगस के कैंसर से पीड़ित थीं। 50 से अधिक हिन्दी-मराठी कथा संग्रहों की लेखिका मालती जोशी को शिवानी के बाद हिन्दी की सबसे लोकप्रिय कथाकार माना जाता हैं।

प्रेसवार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के निशाने पर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

मोदी जितना कांग्रेस को गाली देते हैं, उतना राम का नाम भी नहीं लेते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को यहां ताज होटल में एक संयुक्त पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को बहुत कुछ दिया है। गांधी, नेहरू, आंबेडकर समेत सभी ने बहुत कुछ देश को दिया लेकिन, आप भाषण में मटन, चिकन, मंगलसूत्र जैसे मुद्दे ला रहे हैं। अगर वोट लेना है तो अपने काम पर लो न, क्यूं बिन मुद्दे की बात कर रहे हो? खरगे ने कहा, पीएम मोदी ने उतना राम का नाम नहीं लिया होगा, जितना उन्होंने राहुल-सोनिया, कांग्रेस को गालियां दीं हैं।

खरगे ने कहा, प्रधानमंत्री 400 पार बोल रहे हैं, पर उनका धन्यवाद कि वो 600 पार नहीं बोल रहे हैं। मैं शर्त लगाता हूं कि वो 200 पार नहीं कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि अभी तक चार चरण के चुनाव हो चुके हैं इसमें इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है। कहा कि, इंडिया गठबंधन 4 जून को सरकार बनाने जा रहा है।

अखिलेश यादव के साथ प्रेस कांफ्रेंस में बोलते खरगे।

हम उप्र. में 79 सीटें जीत रहे : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा कि इंडिया गठबंधन के लिए जो जनसमर्थन दिखाई दे रहा है, उससे साफ है कि आने वाले समय में 140 करोड़ के देश की जनता भाजपा को 140 सीटों के लिए तरसा देगी। भाजपा के रथ का चक्का न सिर्फ फंस गया है बल्कि धंस गया है इसलिए उनकी भाषा बदली है। अखिलेश ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन उप्र. में 79 सीटें जीत रहा है।

योगी बोले, सच बोलने की आदत डालें खरगे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उप्र. में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सलाह दी कि उन्हें सच बोलने की आदत डाल लेनी चाहिए। योगी बुधवार को कई जिलों में आयोजित चुनावी जनसभाओं के लिए बुधवार सुबह निकलने से पहले सरकारी आवास पर एक न्यूज एजेंसी से बात कर रहे थे।

मैं लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने की कांग्रेस की साजिश का पर्दाफाश कर रहा

महाराष्ट्र की चुनावी रैली में बोले प्रधानमंत्री मोदी-केवल दरार पैदा कर सकती है कांग्रेस

- अल्पसंख्यकों के लिए 15 फीसदी धन देकर बजट को भी हिंदू-मुस्लिम में बांटना चाहता है विपक्षी दल

कल्याण (महाराष्ट्र), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उन पर हिंदू-मुस्लिम मुद्दा उठाने का आरोप लगाया जा रहा है, लेकिन वह केवल कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की तुष्टीकरण की राजनीति और लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने की उनकी साजिश का पर्दाफाश कर रहे हैं। महाराष्ट्र में ठाणे जिले के कल्याण में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी भी विकास की बात नहीं कर सकती, बल्कि वह केवल हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दरार पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि उनके पूर्ववर्ती डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों के लिए 15 प्रतिशत धन आवंटित करके देश के बजट को मुस्लिम बजट और हिंदू बजट में विभाजित करना चाहती है।

उन्होंने दावा किया कि विपक्षी इंडिया गठबंधन सत्ता में आने के बाद तुष्टीकरण की इस नीति को लागू करेगा। उन्होंने पूछा कि क्या देश को ऐसे ही चलाना चाहिए? कांग्रेस ने पहले धर्म के नाम पर देश को बांटा और वह अब भी ऐसा करना चाहती है। यदि इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है, तो वे देश को धार्मिक आधार पर विभाजित कर देंगे....हमें देश को एक साथ रखना होगा...क्या भारतीयों को विभाजित करना अच्छी बात है? क्या ऐसे लोगों को महाराष्ट्र में एक भी सीट जीतने देना चाहिए?

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का कल्याण उनकी प्राथमिकता है और उनके दस साल के कार्यकाल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया। मोदी ने कहा कि गरीबों को पक्के घर, नल का पानी, बिजली और मुफ्त स्वास्थ्य बीमा सुविधा प्रदान की गई।

कल्याण में सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को गदा भेंट की, महाराष्ट्र के सीएम शिंदे भी मौजूद रहे।

तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे कांग्रेस के शहजादे

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी के स्पष्ट संदर्भ में) तुष्टीकरण को लेकर राजनीति कर रहे है और कर्नाटक उनकी प्रयोगशाला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता वोट-जिहाद की बात करते हैं। मुझ पर हिंदू-मुस्लिम (राजनीति करने) का आरोप लगाया जा रहा है, लेकिन मैं केवल लोगों को धर्म के आधार पर बांटने और उनकी तुष्टीकरण की राजनीति करने की कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की साजिश को बेनकाब कर रहा हूं। मेरी छवि से ज्यादा देश की एकता जरूरी है।

उपहारों की सूची बनाएं, उस पर वर-वधू के हस्ताक्षर भी कराएं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज के एक मामले पर सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3(2) के तहत विवाह में मिले उपहारों की एक सूची बनानी चाहिए और उस पर दूल्हा और दुल्हन के हस्ताक्षर भी करवाने चाहिए, जिससे शादी के बाद दोनों पक्ष और उनके परिवार के सदस्य दहेज लेने या दहेज देने का झूठा आरोप न लगा सकें। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने अंकित सिंह व तीन अन्य द्वारा दाखिल 482 की अर्जी पर सुनवाई के दौरान सुझाव देते हुए पारित किया।

कोर्ट ने मामले को आगामी 23 मई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा कि भले ही पक्षकार उपहारों की सूची का रखरखाव न कर रहे हों, लेकिन न्यायालय को आज तक यह भी नहीं बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 3(2) को कैसे लागू किया जा रहा है। कोर्ट ने आगे बताया कि दहेज प्रतिषेध (वर-वधू भेंट सूची) नियम, 1985 के नियम 2 के तहत उपहारों की सूची को बनाए रखने के तरीके को निर्धारित किया गया है। हालांकि विधायिका ने विवाह के समय दूल्हा और दुल्हन को मिलने वाले उपहारों को ''दहेज'' की परिभाषा से मुक्त रखा है, लेकिन दूल्हा और दुल्हन के लिए नियमों के अनुसार उपहारों की सूची बनाना आवश्यक बताया है, क्योंकि यह सूची भविष्य में दहेज के आरोपों को खत्म करने के लिए एक उपाय के रूप में काम करेगी।

हालांकि न्यायालय ने यह स्वीकार किया कि कोर्ट के समक्ष किसी भी मामले में किसी पक्ष ने दहेज की मांग का आरोप लगाते हुए उपरोक्त अधिनियम और नियम 1985 के तहत कोई सूची दाखिल नहीं की। विवाह के बाद दहेज को लेकर होने वाली बेवजह की मुकदमेबाजी को गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने कहा कि धारा 8 (बी) के तहत अधिनियम के क्रियान्वयन के उद्देश्य से दहेज प्रतिषेध अधिकारियों की नियुक्ति भी आवश्यक है। कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव से इस संदर्भ में जानकारी मांगी कि राज्य में कितने दहेज निषेध अधिकारी नियुक्त किए गए हैं और अगर उन्हें नियुक्त नहीं किया गया है तो दहेज के दिन-प्रतिदिन बढ़ते मामलों को देखते हुए अब तक किसी ऐसे अधिकारी की नियुक्ति क्यों नहीं हुई है।

- दहेज के एक मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने दिए महत्वपूर्ण आदेश

एक नजर

रुपे कार्डधारकों को सात देशों में मिलेगा कैशबैक

नई दिल्ली। रुपे क्रेडिट व डेबिट कार्डधारकों को अमेरिका, जापान, कनाडा, स्पेन, स्विटजरलैंड, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात में खरीदारी पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। रुपे ने बुधवार को कहा कि ऑफर अवधि में रुपे कार्ड का उपयोग करने वालों को उक्त देशों में डिस्कवर नेटवर्क या डायनर्स क्लब इंटरनेशनल नेटवर्क पर पॉइंट-ऑफ-सेल खरीदारी करने पर 25 प्रतिशत कैशबैक मिलेगा। ऑफर 15 मई से 31 जुलाई तक है।

सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आप नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 मई तक बढ़ा दी।

राम मंदिर की प्रतिष्ठा दोबारा की जाएगी : शंकराचार्य

अलवर, एजेंसी

जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा दोबारा की जाएगी, जनवरी माह में की गई प्राण प्रतिष्ठा एक राजनीतिक इवेंट था। ज्योतिष पीठाधीश्वर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने यह बात बुधवार को अलवर में पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि धर्म शास्त्रों में यह कहीं भी नहीं लिखा कि अधूरे मंदिर की प्रतिष्ठा की जाए, राम मंदिर का अभी 30 फीसदी निर्माण कार्य हुआ है, ऐसे में प्रतिष्ठा नहीं की जानी चाहिए, अब इसकी दोबारा प्रतिष्ठा होगी। देश-विदेश का कोई भी पंडित यह बता दे कि अधूरे मंदिर की प्रतिष्ठा की जा सकती है। उन्होंने कहा की प्रतिष्ठा शब्द को धूमिल किया गया है, ऐसा नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि अगर लाभ लेना था, तो इस पर कोई भी कार्यक्रम करा सकते थे और दूसरे शब्दों का उपयोग किया जा सकता था।

- राजनीतिक कार्यक्रम था जनवरी में की गई प्राण प्रतिष्ठा

राहुल के खिलाफ निर्वाचन आयोग पहुंची भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेना पर टिप्पणी के लिए कार्रवाई करने की उठाई मांग

भाजपा ने बुधवार को निर्वाचन आयोग से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ उनकी उस टिप्पणी के लिए कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया जिसमें उन्होंने कहा था कि मोदी सरकार ने सैनिकों की दो श्रेणियां बनाई हैं, जिनमें से एक गरीब परिवारों और आरक्षित वर्गों से है और दूसरी अमीर परिवारों से है।

केंद्रीय मंत्रियों एस जयशंकर, अर्जुन राम मेघवाल और राजीव चंद्रशेखर सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाया और शिकायत दर्ज कराई। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने रायबरेली में एक चुनाव रैली में कहा था कि नरेन्द्र मोदी ने दो तरह के सैनिक तैयार किए हैं, पहले में गरीबों के बेटे और दलित, आदिवासी, पिछड़े, सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अल्पसंख्यक शामिल हैं जबकि दूसरे में वे लोग हैं जो अमीरों के बेटे हैं। जो सरासर झूठ है।

झारखंड के मंत्री आलम को ईडी ने किया गिरफ्तार

रांची। झारखंड में ईडी ने दूसरे दिन बुधवार को छह घंटे की पूछताछ के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया है।

ईडी ने मंत्री के पीएस संजीव लाल के सहयोगी के ठिकानों से मिले 35 करोड़ 23 लाख रुपये कैश मामले में पूछताछ के लिए उन्हें समन किया था। इसे लेकर मंगलवार को लगभग नौ घंटे की पूछताछ के बाद फिर से दूसरे दिन बुधवार को उन्हें बुलाया गया था।

सीएए के तहत 14 लोगों को मिली भारत की नागरिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

- गैर मुस्लिम प्रवासियों को सौंपे गए नागरिकता प्रमाणपत्र
- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया

संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के तहत नागरिकता प्रमाणपत्रों का पहला सेट बुधवार को जारी करने के साथ 14 लोगों को भारत की नागरिकता प्रदान की गई। इसके साथ ही पड़ोसी देशों में प्रताड़ना के शिकार होकर भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू हो गई।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक दिन करार देते हुए कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने वाले लोगों का दशकों पुराना इंतजार खत्म हो गया है।

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने 14 लोगों को प्रमाण पत्र सौंपे। आम चुनावों के बीच यह कदम उठाया गया है। सीएए को 31 दिसंबर 2014 तक या उससे पहले भारत आए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में प्रताड़ना के शिकार गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने के लिए दिसंबर 2019 में लाया गया था।

अपंजीकृत वाहनों को वापस भेजें

देहरादून, एजेंसी

चारधाम यात्रा में शामिल बिना रजिस्ट्रेशन एवं ट्रिप कार्ड या पोस्ट डेटेड रजिस्ट्रेशन की बसों एवं गाड़ियों को यात्रामार्ग पर तत्काल रोक, वापस भेजा जाय। साथ ही दुष्प्रचार करने वाले तथा यात्रा के संबंध में फेक न्यूज अथवा विडियो बनाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

बुधवार को यह निर्देश देते हुए देहरादून सचिवालय में चारधाम यात्रा प्रबन्धन की समीक्षा के दौरान, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने स्पष्ट किया कि फेक न्यूज या वीडियों के माध्यम से यात्रा को बदनाम करने वाले तत्वों के विरूद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने परिवहन विभाग को टूर ऑपरेटर्स के साथ बिना रजिस्ट्रेशन, बिना ट्रिप कार्ड या पोस्ट डेटेड रजिस्ट्रेशन के वाहनों के मुद्दे पर बैठक करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में मुख्य सचिव द्वारा अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों एवं पुलिस महानिदेशकों को भी पत्र भेजा जाएगा।

वहीं तीर्थयात्रियों को रोके जाने सहित यात्रा के कथित कुप्रबंधन के विरुद्ध बुधवार को उत्तरकाशी में होटल एवं अन्य व्यवसायियों ने जुलूस निकला तथा विरोध-प्रदर्शन किया।

- चारधाम यात्रा में भीड़ बढ़ने पर मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

तय तिथि पर ही यात्रा करें

चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने बुधवार को तीर्थयात्रियों से पंजीकरण के दौरान दी गई तारीख पर ही दर्शन करने, यात्रा के दौरान खुद को वातावरण के अनुकूल ढालने तथा चिकित्सा इतिहास नहीं छिपाने का अनुरोध किया है। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने श्रद्धालुओं के इतनी बड़ी संख्या में आने को उत्तराखंड का सौभाग्य बताया। कहा कि चुनौतियों से निपटने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

सेवा में झोल | टोल फ्री नंबर पर नहीं उठाई जाती कॉल, पशुओं के मरने के बाद पहुंचती है मोबाइल वेटरनरी यूनिट

कागजों पर दौड़ रही 1962 सेवा, दम तोड़ रहे पशु-पक्षी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में पशुपालन विभाग की 1962 सेवा के नाम कंपनियां पशु-पक्षियों की जान से खिलवाड़ कर कमाई करने में लगी हैं। एक वर्ष से ज्यादा होने पर टोल फ्री नंबर 1962 में सुधार नहीं हो पाया है। फोन तक नहीं उठाया जाता और यदि किसी तरह यदि कॉल उठी भी तो एक्सीडेंट या अन्य गंभीर बीमारियों पर टेलीकॉलर मौके पर मोबाइल वेटनरी यूनिट (एंबुलेंस) भेजने की बजाय ज्यादातर केस फोन पर परामर्श देकर हल करते हैं। बहुत कम मामलों में मोबाइल यूनिट पहुंचती है, देरी के कारण पशुओं की मौत हो जाती है। इस तरह के मामले रोजाना ही सामने आ रहे हैं। फिर भी कागजों पर सब ठीक चल रहा है। वहीं, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने जांच कराने की बात कही है।

- गंभीर बीमारी व हादसा होने पर भी फोन पर देते हैं परामर्श, मंत्री ने कहा- कराई जाएगी जांच

एक लाख पशुओं पर एक एंबुलेंस

यह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका काफी मार्च 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हरी झंडी दिखाकर संचालन किया था। प्रदेश को पांच जोन में बांटकर 100 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की कुल 520 एंबुलेंस दी गई हैं। एक कंपनी को एक जोन का संचालन मिला है। एक लाख पशुओं पर एक एंबुलेंस हैं। लेकिन, जिलों पर जो एंबुलेंस दी गईं उनमें आधी उपचार और आधी गांव-गांव सेवा का प्रचार करती हैं। एक एंबुलेंस पर आउटसोर्स से आए एक पशु चिकित्सक, मल्टी टास्क पर्सन व एक चालक है। एंबुलेंस में ऑपरेशन तक की व्यवस्था है। लेकिन चिकित्सक सर्जरी तक नहीं कर पाते हैं।

> 1962 सेवा की संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब करेंगे और जांच कराएंगे। लापरवाही पर कार्रवाई करेंगे। उन्नाव मामले पर सीवीओ से जानकारी कर गाय के उपचार के लिए निर्देशित करेंगे। - **धर्मपाल सिंह**, पशुपालन मंत्री

कंट्रोल रूम पर कॉल रिसीव करने वालों की संख्या कम है और कॉल ज्यादा आती है। इसलिए समस्या है। सभी जगह एंबुलेंस पहुंचती हैं। जो कमियां हैं वह संज्ञान लेकर दूर कर रहे हैं। - **डॉ. पीएन सिंह**, निदेशक रोग नियंत्रण, पशुपालन

लापरवाही के उदाहरण

केस 1 : 8 मई को अमरोहा सदर में रामलीला मैदान के पास एक गाय के पेट में बच्चा मरने पर वहां के मनोज द्वारा की गई 1962 पर कॉल नहीं लगी। डीएम और अपर निदेशक पशुपालन के हस्तक्षेप पर सरकारी डॉक्टरों की टीम भेजी गई।

केस 2 : 9 मई को फतेहपुर के सदर और खागा में एक बंदर बीमार व दूसरा एक्सीडेंट से घायल हो गया था। वहां के सुमित द्वारा 1962 पर की गई कॉल नहीं उठी। डीएम के संज्ञान में आने पर टीम भेजकर उपचार कराया।

एक नजर

जीएसटी टीमों की रडार पर कई फर्म

बरेली, अमृत विचार : कर चोरी करने वाली फर्मों पर जीएसटी की टीमों की नजर है। ऐसी दो फर्मों पर कार्रवाई की जा चुकी है। शहर में कुछ कारोबारी गाजियाबाद और दिल्ली की फर्मों से बरेली के नाम से बिल तो कटा रहे हैं लेकिन यहां उस तरह की कोई फर्म नहीं है। बोगस फर्मों के जरिये कारोबार किया जा रहा है। जीएसटी के एडीशनल कमिश्नर (एसआईबी) एचपी दीक्षित बताते हैं कि पिछले दिनों प्रेम नगर में इलेक्ट्रिकल सामान की दुकान पर छापेमारी लाखों की कर चोरी पकड़ी थी। सोमवार को हाईवे बनाने का ठेका लेने वाली डीडीपुरम की फर्म को कर चोरी में पकड़ा गया था। डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि जिले में अभी और कुछ ऐसी फर्में हैं। जल्द इनपर कार्रवाई की जाएगी।

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा देखने पहुंची महानगर कांग्रेस कमेटी

बरेली, अमृत विचार : विपक्षी पार्टियों ने ईवीएम की सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूम के बाहर पहरेदारी शुरू कर दी है। पार्टी हाईकमान के निर्देश पर बुधवार को महानगर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने परसाखेड़ा स्थित स्ट्रांग रूम के बाहर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि प्रतिदिन रिपोर्ट पार्टी हाईकमान को भेजी जा रही है। सीसीटीवी फुटेज भी चेक कर रहे हैं। महानगर प्रवक्ता योगेश जौहरी, सादिक अंसारी, महसर खान, जहीरूद्दीन उर्फ मुन्ना, र फिरोज खान, सरवत हुसैन हाशमी, महेंद्र सिंह, इस्लाम खान, कौशल पंडित, शफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

कुतुबखाना पुल के नीचे अवैध कब्जे हटाकर वेंडिंग जोन विकसित करेंगे, पार्किंग-टॉयलट भी बनाएंगे

निगम के अफसरों ने जाम से निजात दिलाने के लिए बनाई कार्ययोजना, हर दो पिलर के बीच बनेगा वेंडिंग जोन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आचार संहिता खत्म होने के बाद हटाया जाएगा अतिक्रमण

अमृत विचार : नगर निगम के अफसरों ने बुधवार को बैठक कर कुतुबखाना पुल के नीचे जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कार्ययोजना तैयार की। इसके तहत तय किया गया कि पुल की दोनों सर्विस लेन पर किया गया अतिक्रमण हटाया जाएगा, साथ ही सभी पिलर के बीच खाली जगह में स्ट्रीट वेंडरों के लिए वेंडिंग जोन विकसित किया जाएगा। वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग के इंतजाम के साथ शौचालय का भी निर्माण कराया जाएगा।

बैठक में नगर निगम के साथ स्मार्ट सिटी कंपनी और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इसमें तैयार की गई कार्ययोजना पर चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद क्रियान्वयन करने की योजना है। इन अधिकारियों ने मंगलवार को भी इस संबंध में बैठक की थी। नगर आयुक्त ने बताया कि कुतुबखाना पुल के नीचे सड़क पर भारी अतिक्रमण होने से जाम लग रहा है और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। अब चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद इस अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटाया जाएगा।

> कुतुबखाना पुल के नीचे की सड़क को साफ करने के लिए कार्ययोजना बनाई गई है ताकि लोगों को जाम की समस्या से जूझना न पड़े। पुल के नीचे वेंडिंग जोन भी विकसित किया जाएगा। – **सुनील कुमार यादव**, अपर नगर आयुक्त

अधिकारियों ने पुल के नीचे बेतरतीब ढंग से खड़े होने वाले वाहनों को भी जाम लगने का प्रमुख कारण माना। तय किया गया है कि पुल के नीचे पार्किंग का भी निर्माण कराया जाएगा ताकि इस समस्या का समाधान हो सके। पुल के हर दो पिलर के बीच वेंडिंग जोन घोषित किया जाएगा ताकि सड़क के बजाय वेंडर इसकी सीमा में रहें और सड़क पर गुजरने वाले वाहनों को निकलने में दिक्ककत न हो। इससे रोजगार करने वाले लोगों को सहूलियत मिलने के साथ नगर निगम की भी आय बढ़ेगी।

कुतुबखाना पुल के नीचे कोहाड़ापीर की ओर सड़क पर बाइक स्टैंड बनाने से लगता है जाम। ● अमृत विचार

दुकानदारों ने कहा- पुल के नीचे अभी ढेर समस्याएं

बरेली, अमृत विचार : कुतुबखाना पुल के निर्माण के दौरान हजारों दुकानदारों ने भारी परेशानियां झेलीं। तमाम दुकानदारों का कारोबार बैठ गया तो कई ने दुकानें बंद करके यह बाजार ही छोड़ दिया। इलाके के दुकानदार अब भी परेशान हैं। उनका कहना है कि पुल बनने से कोई दिक्कत कम तो नहीं, उल्टे नई दिक्कतें बढ़ गई हैं। जाम तो एक सिरदर्द बना ही हुआ है, ऊपर से नालियां चोक होने की वजह से बरसात में इस पूरे बाजार में पानी भरने की आशंका और पैदा हो गई है।

कुमार टॉकीज से घंटाघर और घंटाघर से कोहाड़ापीर तक व्यापारियों के सामने कोई न कोई समस्या बनी ही हुई है। घंटाघर के आगे लोगों ने पुल के नीचे ही बाइक स्टैंड बना लिया है। यहां से कुछ ही दूरी पर पार्किंग है लेकिन वहां एक भी वाहन खड़ा नहीं होता। कोहाड़ापीर चौराहे के पास व्यापारी दीप अग्रवाल कहते हैं कि चौराहे पर यातायात की बदहाल व्यवस्था परेशानी का सबसे बड़ा कारण है। यहां बाइक के साथ दुकानों के आगे ऑटो और ई रिक्शा भी खड़े कर लिए जाते हैं। इससे झगड़े हो रहे हैं। यह समस्या हल करने के बजाय यहां सेल्फी प्वाइंट बनाने की बात कही जा रही। यही समस्या श्याम, अनिरुद्ध ,अजय समेत दूसरे दुकानदारों ने दोहराई। संजय आनंद का कहना है कि नालियां साफ किए बगैर उन्हीं के ऊपर गार्डर रख दिए गए हैं। अफसर दावे चाहे जो करें लेकिन बरसात में यहां फिर जलभराव होना तय है। दुकानों में भी पानी भरेगा। पुल के नीचे अभी बिजली की भी व्यवस्था नहीं हो पाई है।

> **यह भी सिरदर्द**
> दुकानदारों का कहना है कि कुतुबखाना पुल के नीचे जगह का इस्तेमाल शास्त्री मार्केट और बड़ा बाजार के व्यापारी अपने और अपने कर्मचारियों के वाहन खड़े करने के लिए कर रहे हैं। अगर पुल के नीचे बाइक खड़ी करनी हैं तो सिर्फ ग्राहकों की होनी चाहिए जो आती-जाती रहेंगी और जाम नहीं लगेगा।

पारा 40.7 डिग्री, आज से लू का अलर्ट

बरेली, अमृत विचार : कुछ दिनों की राहत के बाद तापमान एक बार बढ़ने लगा है। जिले के तापमान में बुधवार को जहां रात के तापमान में गिरावट तो दिन में तेज धूप खिलने से बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। मौसम विभाग ने 16 से 19 मई तक तापमान 42 डिग्री तक जाने और लू चलने का अलर्ट जारी किया है। जिले में बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस अधिक 40 .7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 .2 डिग्री कम दर्ज 22 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लू का अलर्ट जारी किया गया है। अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी होगी। 16-19 मई तक अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज होने का पूर्वानुमान है।



● अधिकतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक दर्ज

नगर निगमः बेलदार को बना दिया सुपरवाइजर, शासन ने मांगी रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम अफसरों ने बेलदार के मूल पद पर तैनात एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को निर्माण विभाग में सुपरवाइजर बना दिया। अब वह एसी कमरे में बैठकर अफसरी कर रहा है। इसकी शिकायत पर शासन की ओर से रिपोर्ट मांगे जाने के बाद अपर नगर आयुक्त ने कर्मचारी की फाइल तलब की है।

नगर निगम में तमाम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मूल पदों से हटाकर निर्माण और जलकल विभाग में दूसरे काम कराए जा रहे हैं। पिछले दिनों बोर्ड की बैठक में पार्षदों की ओर से भ्रष्टाचार को इसकी वजह बताते हुए जमकर हंगामा किया था। इसके बाद कुछ कर्मचारियों को हटाकर मूल पदों पर भेज दिया गया लेकिन अब कई कर्मचारी जहां के तहां जमे हुए हैं।

हाल ही में नगर निगम में भूपेंद्र नाम के कर्मचारी से बेलदार के मूल पद के बजाय निर्माण विभाग में सुपरवाइजर पद पर काम लिए जाने की शासन से शिकायत की गई थी। शासन से इस पर रिपोर्ट मांगे जाने के बाद अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार यादव ने भूपेंद्र की फाइल तलब की है।

पैथोलॉजी में एक कूलर मरीज गर्मी से बेहाल

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में गर्मी से बचाव के इंतजाम नाकाफी हैं। भीड़ और गर्मी के कारण जांच कराने के लाइन में लगने वाले बुजुर्ग मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। दरअसल, लैब परिसर छोटा और संकरा है। यहां सिर्फ एक कूलर है, जिससे मरीजों को राहत नहीं मिल रही है। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि बीते दिनों नया कूलर लैब में लगवाया गया था। जल्द गर्मी से बचाव के इंतजाम को और बेहतर किया जाएगा।

रामपुर में आज करीब सात घंटे का ब्लॉक, और इंतजार कराएंगी ट्रेनें

सियालदह, लोहित और अवध-असम समेत कई ट्रेनें होंगी प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली-मुरादाबाद रेल खंड पर रामपुर में फुट ओवर ब्रिज को हटाने के लिए गुरुवार को 6 घंटे के 40 मिनट का मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इसकी वजह से कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। रेलवे ने लोहित एक्सप्रेस, सियालदह एक्सप्रेस अवध असम एक्सप्रेस को रिशेड्यूल किया है। वहीं किसान आंदोलन की वजह से यात्री पहले से ही ट्रेनों के देरी से पहुंचने से परेशान हैं।

मुरादाबाद रेल मंडल सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता के मुताबिक गुरुवार सुबह 7 से दोपहर 13:40 बजे तक रामपुर स्टेशन यार्ड में छह घंटे 40 मिनट का मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। जिसकी वजह से पांच ट्रेनों को रिशेड्यूल, दो ट्रेनों को निरस्त और एक ट्रेन को डायवर्ट किया गया है। बरेली जंक्शन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों में 13152 सियालदह, 15652 लोहित एक्सप्रेस और 15910 अवध असम एक्सप्रेस बुधवार को अपने शुरुआती स्टेशनों से 240 मिनट की देरी से चलाई जाएंगी। इसकी वजह से ट्रेनें गुरुवार को देरी से बरेली जंक्शन पहुंचेंगी।

हरियाणा और पंजाब के शंभू बार्डर पर किसान आंदोलन की वजह से करीब एक महीने से रोजाना बरेली जंक्शन पर घंटों की देरी से ट्रेनें पहुंच रही हैं। कई ट्रेनों का डायवर्ट किया जा रहा है। इसके अलावा अलग-अलग जगह ब्लॉक की वजह से भी ट्रेनों का संचालन प्रभावित होने से यात्रियों की परेशानी कम नहीं हो रही है।

जंक्शन पर 45 मिनट खड़ी रही कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस

बरेली, अमृत विचार : किसान आंदोलन की वजह से देरी से चल रही कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस को बरेली जंक्शन पर ब्लॉक की वजह से बुधवार दोपहर 45 मिनट के लिए रोक दिया गया। भीषण गर्मी में ट्रेन के रुकने से यात्री परेशान हो गए। 22446 कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस किसान आंदोलन की वजह से बुधवार को आठ घंटे रिशेड्यूल और डायवर्ट होने के कारण करीब 14 घंटा की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची थी। ट्रेन दोपहर करीब 13 :15 बजे एक नंबर प्लेटफार्म पर आई तो 45 मिनट तक रोक दिया गया। यात्रियों को कंट्रोल रूम से ट्रेन को नियंत्रित कर चलाने की जानकारी दी गई। डाउन लाइन पर ब्लॉक की वजह से ट्रेन को रोका गया था। ट्रेन को 2 बजे बरेली जंक्शन से रवाना किया गया। वहीं कई और ट्रेनें भी बरेली जंक्शन पर देरी से पहुंचीं।

दो महीने में पूरा होगा रामगंगा नगर में सबस्टेशन

बरेली, अमृत विचार : रामगंगा नगर कॉलोनी में निर्माणाधीन 33 केवी का सबस्टेशन दो महीने में चालू हो जाएगा। सबस्टेशन में पैनल लगाने के लिए कंपनी को आर्डर दे दिये गये हैं। बिजलीघर चालू होने से हरुनगला में लोड कम हो जाएगा।

रामगंगा नगर योजना में नया सबस्टेशन बनाने के लिए तत्कालीन वीसी ने पिछले साल प्रोजेक्ट तैयार करवाया था। अब सबस्टेशन का भवन तैयार हो गया है। कुछ काम बाकी है जो 15 दिन में पूरा हो जाएगा। इसके बाद सबस्टेशन में पैनल लगाने का काम किया जाएगा।

रामगंगा नगर में लगभग सात हजार भूखंड हैं। मौजूदा समय में यहां हरुनगला सबस्टेशन से बिजली की आपूर्ति हो रही है। बिजली की कोई खराबी आने पर लगभग चार से पांच किमी दूर कर्मचारी फाल्ट ठीक करने जाते हैं। इसमें समय लगता है। इसकी वजह से लोगों को परेशानी होती है। नया सबस्टेशन चालू होने से आसपास के क्षेत्रों में भी बेहतर बिजली आपूर्ति हो सकेगी।

मथुरापुर में उर्स की वजह से बदले रूट से चलेंगी सिटी बसें

बरेली, अमृत विचार : सीबीगंज के मथुरापुर में उर्स की वजह से गुरुवार को शाही, शीशगढ़ और शेरगढ़ रूट पर सिटी बसें बदले रूट इज्जतनगर, बिलवा होते हुए चलाई जाएंगी। मंगलवार को ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने से चार्जिंग न होने से दोपहर बाद बसों का संचालन ठप हो गया था। देर रात फाल्ट ठीक करने के बाद बुधवार की सुबह से बसें चलाई गईं। इसकी वजह से यात्रियों को परेशानी हुई थी।

25 दुकानों के स्वामित्व परिवर्तन की नीति बदलने का मामला कोर्ट पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बिना शासन की मंजूरी के नगर निगम की 25 दुकानों के नाम परिवर्तन पॉलिसी में बदलाव करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भाजपा पार्षद और व्यापारी ने इस संबंध में हाईकोर्ट में केस दायर किया है। प्रकरण में बुधवार को तारीख थी, जो टल गई। अब 22 मई को सुनवाई होगी। मामले में मेयर, नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त को पार्टी बनाया गया है। निगम के अफसर अपना पक्ष रखने के लिए विधिक राय ले रहे हैं।

नगर निगम की 28 फरवरी 2024 को बोर्ड बैठक हुई थी। इसमें नाम परिवर्तन पॉलिसी का प्रस्ताव रखा गया। इस पर भाजपा पार्षद कपिल कांत की ओर से मोशन लगाया गया था। इसके बाद भी बोर्ड ने पॉलिसी मंजूरी कर लागू कर दी, जो नियम संगत नहीं है। पार्षद ने बताया कि बिना शासन की मंजूरी के बोर्ड ने पॉलिसी को लागू कर दिया है। इस कारण हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

पार्षद ने बताया कि उन्होंने और व्यापारी राजकुमार मेहरोत्रा ने केस दायर किया है। इसमें 18 फड़ है और 7 दुकानें हैं, जो सील करने के बाद नगर निगम की मिलीभगत से खोल दी गईं। कहा कि नाम परिवर्तन पॉलिसी शासन से मंजूरी लेने के बाद लागू करनी चाहिए। उनका कहना है कि निगम बोर्ड को पॉलिसी लागू करने का अधिकार नहीं है। नियमों की अनदेखी कर कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने का काम किया गया है।

- अफसरों पर शासन की मंजूरी न लेने का आरोप, 22 मई को होगी सुनवाई
- भाजपा पार्षद ने मेयर और नगर आयुक्त को बनाया अपनी याचिका में पक्षकार

> हाईकोर्ट में दाखिल याचिका को लेकर विधिक राय ली जा रही है। इसके बाद नगर निगम जवाब तैयार करेगा और पक्ष रखा जाएगा। –**सुनील कुमार यादव**, अपर नगर आयुक्त

शराब की 21 दुकानों का हुआ आवंटन

बरेली, अमृत विचार : जिले की 21 शराब की दुकानों का आवंटन बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ई-लॉटरी के माध्यम से हुआ। इन दुकानों के लिए 633 आवेदन आए थे, जिसमें सबसे अधिक गांधी उद्यान के पास अंग्रेजी शराब की दुकान के लिए 110 आवेदन आए। आवंटन प्रक्रिया के दौरान पुलिस भी मौजूद रही। अनुज्ञापियों को तीन दिन में लाइसेंस की फीस जमा करनी होगी। जिला आबकारी अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि देसी शराब की चार, अंग्रेजी की 10 और बियर की सात दुकानें आवंटित की गई हैं।

पशुओं में प्रतिबंधित दर्द निवारक दवाओं का विकल्प हो सकती है मैलोक्सीकैम और टोलफिनामिक एसिड

बरेली, अमृत विचार : पशुओं को दी जाने वाली दर्द निवारक दवा कीटोप्रोफेन, एसिक्लोफिनक और डाइक्लोफोनिक प्रतिबंधित होने के बाद से पशु चिकित्सकों के सामने विकल्प के तौर पर दर्द निवारक दवा देने का संकट खड़ा हो गया है।

इसपर भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के वैज्ञानिकों ने दर्दनाशक दवाओं के विकल्प के रूप में भारतीय औषधि नियंत्रण बोर्ड (डीजीसीआई) को मैलोक्सीकैम और टोलफिनामिक एसिड दवा की संस्तुति की है। प्राणी वन्य उद्यान के प्रभारी डॉ. अभिजीत पावड़े ने बताया कि वैज्ञानिक केंद्र सरकार के प्रोजेक्ट के तहत लंबे समय से गिद्धों के विलुप्त होने के कारणों पर खोज कर रहे हैं। इसी प्रोजेक्ट के तहत हुए अध्ययन के आधार पर डीजीसीआई ने कीटोप्रोफेन, एसिक्लोफिनक और डाइक्लोफोनिक दवाओं का पशुओं में प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया है।

इन दर्द निवारक दवाओं से पशु की मौत होने पर शव को गिद्ध खाते हैं तो दवा उनके शरीर में भी पहुंच जाती है। यह दवा गिद्ध के शरीर में जाने के बाद उसकी किडनी को प्रभावित करती है। किडनी फंक्शन सुचारू रूप से नहीं होने पर गिद्ध की मौत हो जाती। इन दवाओं के प्रतिबंध के बाद विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए कुछ दवाओं की संस्तुति डीजीसीआई को की गई है। इसमें मैलोक्सीकैम और टोलफिनामिक एसिड दवा बेहतर विकल्प है। शोध के अगले चरण के तहत पैरासिटामोल दवा का टेस्ट किया जा रहा है। प्रारंभिक परीक्षण में पैरासिटामॉल मानकों पर खरी उतरी है।

- दर्द निवारक दवा कीटोप्रोफेन, एसिक्लोफिनक व डाइक्लोफोनिक की जा चुकी है प्रतिबंधित

नाथ नगरी : जितने आते हैं पर्यटक, सरकार उतना ही देगी बजट

अनुपम सिंह, बरेली

- केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के आदेश पर सर्वे कराने की तैयारी शुरू
- जून के पहले सप्ताह में बरेली आ सकती है सर्वे के लिए टीम

अमृत विचार : बरेली को नाथ नगरी के रूप में विकसित किए जाने की योजना में अब पर्यटकों की संख्या का पेच फंस गया है। सरकार के स्तर पर अब तय हुआ है कि नाथ नगरी में पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए पर्यटकों की संख्या के आधार पर ही बजट जारी किया जाएगा।

इसके बाद नाथ नगरी में हर साल आने वाले पर्यटकों की संख्या का पता लगाने के लिए सर्वे की तैयारी शुरू हो गई है। जून में केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से गठित टीम सर्वे के लिए बरेली आ सकती है। शहर में सात प्राचीन नाथ मंदिरों और आला हजरत के सालाना उर्स की वजह से यहां पर्यटन की संभावनाएं देखी जा रही हैं। माना जा रहा है कि रामनगर के जैन मंदिर और अहिच्छत्र का महाभारतयुगीन किला भी पर्यटकों को आकर्षित कर सकता है। नैनीताल जाने वाले पर्यटक बरेली होकर गुजरते हैं ही।

इसी वजह से यहां पर्यटन के विकास की योजना बनाई गई थी ताकि उसे बरेली की अर्थव्यवस्था का भी आधार बनाया जा सके। इसी प्रक्रिया में बरेली में पर्यटन सुविधाओं से संबंधित कई प्रस्ताव तैयार किए जा चुके हैं लेकिन अब निर्णय लिया गया है कि इसके लिए भारत सरकार पर्यटकों की संख्या के आधार पर ही बजट जारी करेगी।

पर्यटन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उनके पास बरेली आने वाले पर्यटकों की संख्या का फिलहाल अनुमानित आंकड़ा ही है। अब केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से यहां हर साल आने वाले पर्यटकों की संख्या का वास्तविक पता लगाने के लिए सर्वे कराने का आदेश दिया है। इसके बाद हाल ही में दिल्ली से वीडियो कान्फ्रेंस कर सर्वे की रूपरेखा तैयार की जा चुकी है। लखनऊ के पर्यटन निदेशालय में कार्यशाला भी हो चुकी है। सर्वे के लिए पर्यटन मंत्रालय की ओर से नामित संस्था की टीम जून के पहले सप्ताह में बरेली आने की संभावना जताई जा रही है।

> पर्यटकों का वास्तविक आंकड़ा फिलहाल उपलब्ध नहीं है। एलआईयू या पुलिस की रिपोर्ट से अनुमानित संख्या का ही पता चलता है। अब पर्यटन मंत्रालय ने प्रति वर्ष यहां आने वाले पर्यटकों की वास्तविक संख्या का पता लगाने के लिए सर्वे की योजना बनाई है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ही पर्यटन मंत्रालय बजट जारी करेगा। – **ब्रजपाल सिंह**, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी

विदेशी पर्यटकों का अलग ब्योरा होगा तैयार

सर्वे टीम उन स्थानों पर सर्वे करेंगे जहां पर्यटकों की ज्यादा आवाजाही रहती है। इसके लिए रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों और एयरपोर्ट को चुना गया है। इसके अलावा शहर के सातों नाथ मंदिरों और रामनगर के जैन मंदिर पर भी सर्वे किया जाएगा। विदेश से आने वाले और विशेष दिनों पर आने वाले पर्यटकों की संख्या का अलग ब्योरा तैयार किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक सर्वे टीम में वीडियोग्राफर और कैमरा मैन समेत कई सदस्य शामिल होंगे जो अलग-अलग दिन अलग-अलग प्वाइंट पर सर्वे करेंगे।



बर्फ के गोले के लिए जिद कर बैठे बच्चे... गरीब बाप की चली गई जान

जेब में नहीं थे पूरे पैसे, 10 रुपये का गोला पांच रुपये में मांगने पर हुआ विवाद तो बर्फ के गोले वाले ने नुकीले सूजे से कर दिए ताबड़तोड़ वार

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

- फतेहगंज पश्चिमी के गांव माधोपुर में हुई घटना, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम
- धूप में ठेला खींचते हुए पांच किमी दूर पहुंचा ठेले वाला जरा सी नोकझोंक पर बौखलाया

अमृत विचार : एक गरीब बाप अपने बच्चों की बर्फ के गोले के लिए जिद की वजह से जान गंवा बैठा। जेब में पैसे कम होने की वजह से वह 10 रुपये का बर्फ का गोला पांच रुपये में मांग रहा था लेकिन कड़ी धूप में घर से ठेला खींचते हुए कई किलोमीटर दूर गांव में पहुंचा बर्फ के गोले वाला इसके लिए तैयार नहीं हुआ।

कहासुनी में ही बात इतनी बढ़ी कि बर्फ के गोले वाले ने सूजा घोंपकर बच्चों के सामने ही उनके पिता की हत्या कर दी। ठेले पर बर्फ का गोला बेचने वाला फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला ठाकुरद्वारा निवासी शेरसिंह बुधवार दोपहर कस्बे से करीब पांच किलोमीटर दूर गांव माधोपुर में ठेला लेकर गया था। माधोपुर में संजू कश्यप के घर के पास ठेला रोककर उसने बर्फ का गोला बेचना शुरू किया। मजदूरी करने वाले संजू के पड़ोस के कुछ बच्चों ने बर्फ का गोला खरीदा तो उसकी तीन बेटियां भी बर्फ खाने की जिद करने लगीं। संजू उन्हें बर्फ का गोला दिलाने ठेले पर पहुंचा तो पता चला कि एक गोला 10 रुपये का है। उसकी जेब में इतने पैसे नहीं थे।

उसने शेरसिंह से पांच रुपये का एक गोला देने को कहा लेकिन शेरसिंह ने यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि वह दोपहर में इतनी दूर घाटे में बर्फ का गोला बेचने थोड़े ही आया है। इस बात पर संजू की शेरसिंह से नोकझोंक हो गई। संजू ने बच्चों के जिद करने की बात कहते हुए शेरसिंह से पांच रुपये का गोला न देने पर वहां से चले जाने को कहा लेकिन शेरसिंह ने इन्कार कर दिया। बातचीत में ही विवाद इतना बढ़ा कि शेरसिंह ने बर्फ तोड़ने वाला सूजा निकालकर संजू पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। संजू लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया।

मोहल्ले के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने संजू को उठाकर एम्बुलेंस से बरेली भिजवाया लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर ही मौजूद मिले शेरसिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि परिजनों से तहरीर मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

पिता संजू की मौत के बाद बिलखती बेटियां। ● अमृत विचार

बेसहारा हो गईं संजू की तीनों बेटियां

संजू

भाई प्रेमपाल के मुताबिक चार भाइयों में संजू तीसरे नंबर का था। उसकी पत्नी की चार साल पहले ही मौत हो चुकी है। मजदूरी करके वह 12 वर्षीय बेटी, नौ वर्षीय मुस्कान और सात वर्षीय सीमा को पाल रहा था। बेटियों की वजह से वह रोज मजदूरी करने भी नहीं जा पाता था। अब संजू की भी मौत से उसकी तीनों बेटियां बेसहारा हो गई हैं। शेरसिंह के हाथों संजू की मौत के बाद तीनों बेटियां उसके शव से चिपककर काफी देर रोती रहीं।

शहर में बिजली की मांग एक महीने में सवा दो करोड़ यूनिट बढ़ गई, जवाब देने लगा सप्लाई का सिस्टम

बढ़ने लगीं फाल्ट और ट्रांसफार्मर फुंकने की घटनाएं, जून में मांग और बढ़ने से हालात बेकाबू होने का अंदेशा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : गर्मी की शुरुआत होते ही जिले में बिजली की मांग करीब सवा दो करोड़ यूनिट तक बढ़ गई है। लगातार बढ़ती मांग का बिजली सप्लाई के पहले से गड़बड़ाए नेटवर्क पर इस कदर बोझ बढ़ा है कि वह जवाब देने लगा है। लाइनों में फाल्ट की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है। ट्रांसफार्मर भी धुआं देने लगे हैं। जून में गर्मी और बढ़ने के बाद हालात और खराब होने का अंदेशा जताया जा रहा है।

बिजली विभाग के आंकड़ों के मुताबिक मार्च तक बिजली की खपत नियंत्रण में थी लेकिन इसके बाद गर्मी बढ़ी तो तेजी से बिजली की मांग भी तेजी से बढ़नी शुरू हो गई। मार्च की तुलना में अप्रैल में ही मांग 2.20 करोड़ से भी ज्यादा यूनिट की बढ़ गई। विभाग के अनुसार मार्च में शहरी क्षेत्र के प्रथम डिवीजन में 1.65 करोड़ यूनिट की आपूर्ति की गई थी जो अप्रैल में बढ़कर 2.40 करोड़ यूनिट तक पहुंच गई। इसी तरह दूसरी डिवीजन में मार्च में 1.80 करोड़ यूनिट बिजली की खपत हुई जो अप्रैल में 2.30 करोड़ यूनिट की हो गई।

तीसरी डिवीजन में मार्च में 1.70 करोड़ यूनिट बिजली की खपत हुई और अप्रैल में 2.30 करोड़ यूनिट की। चतुर्थ डिवीजन में मार्च में 1.50 करोड़ और अप्रैल में 1.80 करोड़ यूनिट बिजली आपूर्ति दी गई। इस तरह शहर के चारों डिवीजन में 2.20 करोड़ यूनिट बिजली की मांग एक महीने में बढ़ गई।

दिलचस्प यह है कि ये सिर्फ शहर की बिजली सप्लाई के आंकड़े हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पूरे जिले में इससे लगभग दोगुनी बिजली की खपत बढ़ी है। हालांकि देहात के इलाकों में कम बिजली सप्लाई हो रही है, वर्ना शायद बिजली की खपत और भी ज्यादा होती।

ज्यादा बिजली खपत की वजह से शहर और देहात दोनों जगह बिजली की लाइनों और ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ने से फाल्ट की संख्या भी बढ़ गई है। कई गांवों में ट्रांसफार्मर फुंक जाने के बाद उनकी जगह नए ट्रांसफार्मर नहीं लग पा रहे हैं। करीब दो साल से देहात के इलाकों में ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने के कई अभियान चलाए जा चुके हैं लेकिन अब तक यह काम पूरा नहीं हो पाया है। इसकी वजह से ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में लोगों की लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की शिकायत है लेकिन अफसर उसे अनदेखा कर रहे हैं। बता दें कि पिछले साल भी गर्मी के मौसम में बरेली में रिकॉर्ड संख्या में ट्रांसफार्मर फुंके थे। इसके बावजूद इस साल बिजली विभाग ने इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। गर्मी बढ़ने के बाद बिजली संकट और गहराने के आसार हैं।

दो महीने में ही फुंक गए पांच सौ से ज्यादा ट्रांसफार्मर ब्रेकडाउन और फाल्ट से शहर से देहात तक बुरा हाल

पूरी सर्दी भर होते रहे फाल्ट ने ही साबित कर दिया था कि पूरे जिले में बिजली की सप्लाई का सिस्टम बेहद कमजोर है। अब गर्मी में हालात और ज्यादा खराब होने लगे हैं। हालात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मार्च के बाद अब तक पांच सौ से ज्यादा ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं। विभागीय रिकॉर्ड के मुताबिक इनमें से मार्च में ही 171 ट्रांसफार्मर फुंक गए थे जब गर्मी न होने की वजह से उन पर ज्यादा लोड नहीं था। इसके बाद शुरुआती गर्मी में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल के बीच भी 110 ट्रांसफार्मर फुंक गए। इसके साथ लाइनों में फाल्ट की घटनाएं भी दोगुनी से ज्यादा हो गई हैं।

अनुरक्षण माह में भी सिस्टम को नहीं कर पाए दुरुस्त

बिजली विभाग के अधिकारियों को पिछले महीने अनुरक्षण माह शुरू करने का ऊपर से आदेश दिया गया था ताकि लाइनों की मरम्मत के साथ ट्रांसफार्मरों की भी जरूरत के मुताबिक क्षमता बढ़ा ली जाए और गर्मियों में लोड बढ़ने के बाद फाल्ट कम से कम हों। अधिकारियों ने इसके बाद अनुरक्षण माह में मरम्मत कार्यों के नाम पर जहां-तहां शटडाउन तो खूब लिए लेकिन बाद में पता चला कि इस अभियान में ज्यादा कुछ नहीं हुआ है। पोल खुलने के बाद उन्होंने स्टोर में मरम्मत कार्यों के लिए पर्याप्त सामान न होने का आरोप मढ़ दिया।

सुभाषनगर में ब्रेकडाउन दो घंटे गुल रही बिजली

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर उपकेंद्र के यार्ड में तार टूटने से ब्रेकडाउन होने से दो घंटे बिजली गुल हो गई। वहीं किला उपकेंद्र से जुड़े रामपुर रोड पर आईटीआई के पास बुधवार को तारों में आग लगने के बाद करीब एक घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। सुभाषनगर उपकेंद्र के यार्ड में मंगलवार रात 11.30 बजे तार टूटने से बिजली गुल हो गई थी। रात में तार जोड़कर आपूर्ति बहाल की गई। बुधवार सुबह 10 से 12 बजे तक का शटडाउन लेकर तार को ठीक किया गया, जिससे सुभाषनगर और मढ़ीनाथ उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में दो घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। एसडीओ सुभाषनगर अभिषेक ने बताया कि काम पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति को बहाल करा दिया गया था।

इतनी नीचे लटकी थी हाईटेंशन लाइन, तीन गायें आ गईं चपेट में

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर के कलापुर गांव में बुधवार को नीचे लटक रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से तीन गायों की मौत हो गई। एक संगठन के पदाधिकारियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। एक्सईएन यूसी सोनकर ने बताया कि खंभों के पास ग्रामीणों ने मिट्टी डाल दी थी जिससे तार नीचे आ गए थे। मिट्टी हटाने के बाद तारों को ऊंचा किया जाएगा।

देहात में मलेरिया रोगियों की संख्या सौ के पार

बरेली, अमृत विचार : शहर में कम तो देहात क्षेत्र में मलेरिया रोगियों की संख्या बढ़ रही है। मलेरिया का प्रकोप बिथरी ब्लॉक में सबसे ज्यादा है। अप्रैल में मलेरिया के मरीजों की संख्या जिले में महज 50 थी। अब यह बढ़कर 103 हो गई है। मलेरिया विभाग की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में देहात क्षेत्र में 101 तो शहर में महज दो मलेरिया रोगी हैं। बीते वर्षों में मीरगंज ब्लाक मलेरिया के मामलों में संवेदनशील रहा है, लेकिन इस बार अब तक बिथरी ब्लाक में सबसे अधिक 33 मलेरिया के मामले सामने आ चुके हैं। मीरगंज में 22 और शेरगढ़ में 16 लोगों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह का कहना है कि जहां भी मलेरिया के मरीज सामने आ रहे हैं, वहां टीमें भेजकर निरोधात्मक कार्रवाई कराई जा रही है।

सरकारी अस्पतालों में दी जा रही खून पतला करने वाली दवा का नमूना फेल

बरेली, अमृत विचार : खून को पतला करने की दवा एस्पिरीन गेस्ट्रो रेसिस्टेंस आईपी 75 एमजी का नमूना फेल हो गया है। यूपी मेडिकल सप्लाइज कॉरपोरेशन की ओर से कई महीने पहले सप्लाई के बाद जिला अस्पताल में यह दवा अब तक हजारों मरीजों को बांटी जा चुकी थी। कॉरपोरेशन की ओर से दवा के लैब की जांच में अधोमानक पाए जाने की रिपोर्ट भेजकर जिला अस्पताल में उसका शेष स्टॉक वापस भेजने को कहा है। यहां भेजी गई इस दवा की मैन्युफैक्चरिंग डेट जनवरी 2023 और एक्सपायरी दिसंबर 2024 की है। यह दवा महाराष्ट्र की बालाजी हेल्थकेयर लिमिटेड कंपनी ने सप्लाई की थी। अप्रैल में इस दवा का सैंपल लिया गया था जो जांच में अधोमानक निकला। इसके बाद सभी जिलों से दवा की वापसी शुरू हो गई है। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार दवा की करीब 80 फीसदी खपत हो चुकी है।

दोनों होमगार्डों के खिलाफ रिपोर्ट, थाने से ही जमानत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तहसील परिसर में थाने के चौकीदार से अमानवीय ढंग से की थी मारपीट
- एसपी देहात उत्तरी ने सीओ नवाबगंज को सौंपी पूरे प्रकरण की जांच

अमृत विचार : नवाबगंज तहसील में थाने के अनुसूचित जाति के चौकीदार को सड़क पर गिराकर अमानवीय ढंग से मारपीट करने वाले दोनों होमगार्ड के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट और मारपीट-गालीगलौज के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की और इसके बाद दोनों को थाने से ही जमानत दे दी। इसके बाद दोनों ने फिर तहसील में ड्यूटी शुरू कर दी। एसपी देहात ने इसके साथ मामले की जांच सीओ नवाबगंज को भी सौंपी है।

नवाबगंज के गांव बहोरनगला के रहने वाले वीरेंद्र धानुक मंगलवार शाम चार बजे अपनी जमीन का फर्द निकलवाने तहसील गए थे। जहां तहसीलदार की सुरक्षा में तैनात होमगार्ड वीरबहादुर गंगवार और रामपाल गंगवार ने उनके साथ अमानवीय ढंग से मारपीट की थी। घटना के बाद वीरेंद्र ने आरोप लगाया था कि दोनों होमगार्ड मुफ्त का राशन लेकर भी दूसरी पार्टियों को वोट देने को लेकर गालीगलौज कर रहे थे। उन्होंने इसका विरोध किया तो इसी बात पर उन पर हमलावर हो गए। उन्हें सड़क पर गिराकर रायफल की बटों और लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। वीरेंद्र ने यह आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देने के साथ मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की थी।

वीरेंद्र धानुक के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपी होमगार्ड के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत मारपीट और गालीगलौज की रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें थाने से ही जमानत दे दी।

दोनों आरोपी होमगार्ड।

प्रशासन ने कहा- पार्किंग के विवाद में हुई थी मारपीट

प्रशासन ने तहसील में पार्किंग के विवाद में होमगार्डों के चौकीदार वीरेंद्र धानुक से मारपीट किए जाने की बात कही है। बुधवार को डीएम के निर्देश पर एसडीएम नवाबगंज ने रिपोर्ट भेजी है कि वीरेंद्र किसी काम से तहसील गए थे जहां पार्किंग के विवाद में उनका होमगार्डों से झगड़ा हो गया था। हालांकि वीरेंद्र धानुक का कहना है कि उनके पास न मोटरसाइकिल है, न ही वे मोटरसाइकिल चलाना जानते हैं। पार्किंग को लेकर कोई विवाद नहीं हुआ था।

> मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पीड़ित से तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पूरे प्रकरण की जांच सीओ नवाबगंज को सौंपी गई है।
> – **मुकेश चंद मिश्रा**, एसपी देहात उत्तरी

शाही थाना प्रभारी और दुनका चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर, निलंबित होंगे

संवाददाता, बरेली/दुनका/मीरगंज

- दुनका में लूटपाट के बाद महिला की गोली मारकर कर दी गई थी हत्या
- एसएसपी ने दोनों के निलंबन के लिए चुनाव आयोग को की संस्तुति

अमृत विचार : शाही क्षेत्र के दुनका में लूटपाट के बाद महिला की गोली मार कर हत्या करने के मामले में एसएसपी ने बुधवार को शाही थाना प्रभारी सतीश कुमार नैन और दुनका चौकी इंचार्ज जगदीश चंद्र जोशी को लाइन हाजिर कर दिया, साथ ही उनके निलंबन के लिए भी चुनाव आयोग को संस्तुति भेज दी है। रात भर छानबीन के बाद सुबह पुलिस ने हेमलता के पिता हरीश कुमार की तहरीर पर लूट और हत्या की भी रिपोर्ट दर्ज कर ली।

शाही के बकैनिया गांव के राजकुमार मंगलवार को शीशगढ़ इलाके में अपनी ससुराल गए थे और शाम को पत्नी हेमलता को लेकर बाइक से गांव लौट रहे थे। रास्ते में लुटेरों ने लूटपाट के बाद दो गोली मारकर हेमलता की हत्या कर दी थी। बुधवार को हेमलता के पिता हरीश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दामाद की मोटरसाइकिल के आगे बदमाशों ने अपनी मोटरसाइकिल लगाकर रास्ता रोक दिया और दामाद और उनकी बेटी के साथ छीनाझपटी करने लगे। आरोप है कि पीछे से दो व्यक्ति हाथों में तमंचा लेकर आए और विरोध कर रही उनकी बेटी हेमलता की गोली मार कर हत्या कर दी। जबकि दामाद राजकुमार को तमंचे की बट से पीटा। बदमाश उनकी बेटी के जेवर और नकदी लूटकर फरार हो गए। घायल दामाद राजकुमार ने अपने घरवालों को फोन किया जो मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल ले गए। वह जब मौके पर पहुंचे तो बेटी मृत अवस्था में पड़ी मिली। कुछ ही देर पहले कराया था अल्ट्रासाउंड, चार महीने की गर्भवती थी हेमलता राजकुमार के मुताबिक सोमवार सुबह वह करीब 10 बजे घर से ससुराल शीशगढ़ के गांव मल्साखेड़ा जाने के लिए निकला था। ससुराल में दोपहर को खाना खाने के बाद पत्नी हेमलता का शीशगढ़ में अल्ट्रासाउंड कराया। जिसमें चार महीने का गर्भ निकला। वह शीशगढ़ से दुनकी अपने मौसी के घर पहुंचा। वहां पर एक घंटे रहने के बाद रामपुर में मिलक के एक गांव में रिश्तेदार के यहां पहुंचा। वहां पर पूरी रात रुक कर मंगलवार सुबह खाना खाकर दोनों फिर मल्सा खेड़ा पहुंचे। यहां से मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे बाइक से निकले थे। दुनका से निकलकर इंडियन पेट्रोल पंप बाइक में पेट्रोल डलवाया और फिर चकरोड से जा रहे थे। तभी वारदात हो गई।

हेमलता का शव बुधवार को गांव पहुंचने पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई।

पुलिस ने राजकुमार से की पूरी रात पूछताछ

पुलिस के अनुसार घटना के बाद राजकुमार बाइक वहीं पर छोड़कर धनेटा के एक निजी अस्पताल पहुंचा लेकिन डॉक्टरों ने उसे भर्ती नहीं किया। एक दूसरे अस्पताल में भी भर्ती नहीं किया गया तो वह बरेली के सेटेलाइट बस अड्डे पर पहुंचा। पुलिस उसे शहर से ढूंढकर घटना स्थल पर लेकर पहुंची जिसके बाद पूरी रात पूछताछ की। बाद में उसे छोड़ दिया।

दो एसपी, पुलिस की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार

पुलिस ने बुधवार को हेमलता के शव का अंतिम संस्कार कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद परिजन शव को लेकर गांव पहुंचे। वहां पर एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक, एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा, दो सीओ समेत चार थानों की पुलिस फोर्स की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। विधायक डॉ. डीसी वर्मा भी गांव पहुंचे और परिजनों से बातचीत की।

थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज पहुंचे नहीं, भीड़ ने की बदसलूकी

घटना के बाद ग्रामीणों ने जाम लगा दिया लेकिन थाना प्रभारी और चौकी इंचार्ज मौके पर नहीं पहुंचे। इससे हालात बिगड़ गए और 10 से ज्यादा गांवों की भीड़ घटनास्थल पर इकट्ठी हो गई। एसएसपी समेत दूसरे पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तो भीड़ अधिकारियों से बदसलूकी करने पर आमादा हो गई। जाम भी करीब पांच घंटे तक लगा रहा। एसएसपी ने इन्हीं कारणों से थाना प्रभारी और चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई की है।

> शाही थाना प्रभारी और दुनका चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया गया है। साथ ही चुनाव आयोग को निलंबित करने के लिए संस्तुति की गई है। पुलिस हत्यारोपी के बेहद करीब है। कई पहलुओं पर जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।
> –**घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

बसपा प्रत्याशी छोटेलाल ने डीएम से मांगी सीसीटीवी फुटेज

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में बरेली लोकसभा क्षेत्र से बसपा के टिकट से दावेदारी करने वाले छोटेलाल गंगवार ने बुधवार को डीएम से मिलकर नामांकन, पर्चों की जांच के दौरान की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने की मांग की है। बसपा प्रत्याशी फुटेज को हाईकोर्ट में याचिका दायर करने के साथ लगाएंगे।

बरेली सीट से बसपा प्रत्याशी छोटेलाल गंगवार ने नामांकन दाखिल किया था। जांच में कमियां मिलने पर पर्चा खारिज कर दिया गया था। इस पर छोटेलाल गंगवार हाईकोर्ट गए थे। जहां उनसे कहा गया कि इसमें नामांकन और पर्चों की जांच के दौरान की सीसीटीवी फुटेज को शामिल किया जाए। इसी वजह से छोटेलाल गंगवार बुधवार को डीएम रविंद्र कुमार से मिले और पत्र सौंपकर सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने की मांग की है।

शेखूपुर : पतपरागंज बूथ पर सर्वाधिक 83.02 म्याऊं स्कूल में सबसे कम 27.13 प्रतिशत वोटिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र में हैं 4,04,687 मतदाता
- 437 बूथों पर 55.72 प्रतिशत हुआ मतदान

अमृत विचार : आंवला के शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र में 4,04,687 मतदाता हैं जिनमें से 437 बूथों पर 2,25,489 यानी 55.72 प्रतिशत ने ही मतदान किया। प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार यहां पतपरागंज बूथ पर सर्वाधिक 83.02 प्रतिशत और सबसे कम 27.13 फीसदी मतदान मतदान जूनियर हाईस्कूल म्यांऊ में हुआ है। विधानसभा क्षेत्र के कई मुस्लिम बहुल इलाकों में काफी कम मतदान हुआ।

सर्वाधिक मतदान वाले बूथों में प्राइमरी स्कूल नगला कमरा नंबर एक शामिल है जहां 79.11 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा प्राइमरी स्कूल ललौआ नगला कमरा नंबर एक में 71.89, प्राइमरी स्कूल जोरी नगला कमरा नंबर दो में 70.70, प्राइमरी स्कूल गंगापुर कमरा नंबर एक में 75.65, प्राइमरी स्कूल रैसी नगला कमरा नंबर एक में 72.65, प्राइमरी स्कूल संजरपुर कमरा नंबर एक में 73.86, प्राइमरी स्कूल चौड़ेरा शिकारपुर कमरा नंबर एक में 77.02, प्राइमरी स्कूल मिर्जापुर बिचौला कमरा नंबर एक में 78.74, प्राइमरी स्कूल घसनगला कमरा नंबर एक में 75.79 और प्राइमरी स्कूल धमेई कमरा नंबर एक में 75.27 प्रतिशत मतदान हुआ।

सबसे कम मतदान वाले बूथों में गर्ल्स हाईस्कूल ककराला कमरा नंबर दो में 34.42, गर्ल्स हाईस्कूल ककराला कमरा नंबर एक में 35.47, प्राइमरी स्कूल कुड़ा शाहपुर कमरा नंबर दो में 36.96, प्राइमरी स्कूल शेखांऊ कमरा नंबर चार में 36.58, प्राइमरी स्कूल म्याऊं दक्षिण कमरा नंबर दो में 37.46, प्राइमरी स्कूल ननखेरा कमरा नंबर तीन में 37.52 प्रतिशत, गर्ल्स जूनियर हाईस्कूल शेखूपुर कमरा नंबर एक में 37.35, जूनियर हाईस्कूल बसरारा कमरा नंबर दो में 38.47, प्राइमरी स्कूल शेखूपुर कमरा नंबर दो में 39.09 और जूनियर हाईस्कूल बसरारा कमरा नंबर एक में 41.51 प्रतिशत मतदान हुआ। इलाके के कई मुस्लिम बहुल गांवों में काफी कम मतदान हुआ।

जमानत का विरोध करने पर हमला, छेड़खानी कर अपहरण की कोशिश

बरेली, अमृत विचार : अपहरण और दुष्कर्म के मामले में अधिवक्ता के जरिए आरोपी की जमानत का विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता पर हमला किया। विरोध करने पर मारपीट कर उसके कपड़े फाड़ दिए। अपहरण की कोशिश की गई। मामले में एसएसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

भमोरा थाना क्षेत्र एक किशोरी को गांव के राकेश और धर्मेंद्र 3 जून 2023 को अपहरण कर ले गए थे। राकेश को पुलिस ने जेल भेज दिया था। पिछले साल अक्टूबर से राकेश जेल में बंद हैं। 9 मई को अदालत में राकेश की जमानत का विरोध करने पीड़िता वकील के साथ पहुंची थी। आरोप है कि कोर्ट से लौटते समय चौकी चौराहे के पास राकेश के पिता वीरेंद्र फैसला करने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर वीरेंद्र ने बालिस्टर यादव, ख्यालीराम, नरेशपाल, टीकाराम, अवधेश और एक अज्ञात साथी को बुला लिया। आरोप है कि इन लोगों ने पीड़िता का अपहरण करने की कोशिश की।

कमीशन के चक्कर में आशा ने दांव पर लगाई नीलम की जान

संवाददाता, आंवला

- सरकारी अस्पताल में थी भर्ती, रेफर कराकर ले गई थी अवैध कृष्णा हॉस्पिटल में
- मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल सील किया, आशा ने 80 हजार में कराया समझौता

जलालाबाद। तिकोला दुलरामई के एक ग्रामीण की भैंस खो गई थी। वह बहगुल नदी पार कर भैंस तलाश करने जा रहा था। अचानक नदी में डूब गया। गोताखोरों ने उसका शव निकाला। अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव अलवरपुर निवासी प्रेमपाल(45) पिछले 12 साल से अपने बहनोई राजीव के गांव तिकोला दुलरामई थाना जलालाबाद में रह रहा था। जहां उसने दो भैंस पाल रखी थी। मंगलवार की सुबह नौ बजे वह दोनों भैंस चराने के लिए खेत पर आया था। वह कहीं चला गया था। अचानक दोनों गायब हो गई। दोपहर तीन बजे उसकी एक भैंस मिल गयी। लेकिन एक नहीं मिली। वह शाम पांच बजे बहगुल नदी पार कर भैंस की तलाश करने जा रहा था। अचानक प्रेमपाल नदी में डूब गया। खबर मिलने पर उसके बहनोई राजीव आदि पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक हरिपाल सिंह सिपाहियों के साथ पहुंचे और गोताखोरों को बुलाया। चार गोताखोरों ने एक घंटे बाद शव को निकाल लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शादी नहीं हुई थी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

शादी का झांसा देकर शिक्षिका से दुष्कर्म

पीलीभीत। स्कूल की एक शिक्षिका को प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पीड़िता ने शादी करने के लिए कहा तो पहले आरोपी ने टालमटोल की और फिर इनकार कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर सुनगढ़ी पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। थाना गजरौला क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह एक विद्यालय में वर्ष 2019 से बतौर शिक्षिका नौकरी कर रही है। कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के गांव गुलैंदा गौटिया निवासी गौरव ने उसको अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। सुनगढ़ी क्षेत्र के एक मोहल्ले में किराए के मकान में पीड़िता रहती थी। वहां भी आरोपी कई बार आया और दुष्कर्म किया। आरोपी ने अपने परिवार वालों से उसके माता पिता को मिलवाया। कुछ समय बाद गौरव और उसके माता-पिता ने शादी करने से इनकार कर दिया।

सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

बिलसंडा। नगर की एक दलित किशोरी से दोस्ती करने के बाद धोखे से बरेली बुलाकर दोस्तों के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली किशोरी ने दो महीने पहले दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया था कि कुछ माह पूर्व बरेली के शीशगढ़ निवासी वासु देवल उर्फ शगुन से उसकी दोस्ती हुई थी। दोनों की फोन पर बात होती थी। आरोप है कि एक दिन आरोपी ने पीड़िता को बरेली सेटेलाइट मिलने के लिए बुलाया। जिस पर वह उससे मिलने पहुंची। आरोप है कि वहां पर उसके दो दोस्त पहले से मौजूद थे। जिसकी उसे उस वक्त जानकारी नहीं हुई। बाद में वह एक धर्मस्थल पर ले जाने की बात कहकर साथ ले गए। होटल में एक कमरा पहले से ही बुक कर रखा था।

सार-संक्षेप

कार चालक ने गोली मारकर की आत्महत्या

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर क्षेत्र के मढ़ीनाथ में कार चालक ने सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मढ़ीनाथ में सनराईज कॉलोनी निवासी संजीव कुमार का 24 वर्षीय बेटा रोहित कार चालक था। रोहित के छोटे भाई अभिषेक ने बताया कि मंगलवार की रात करीब आठ बजे रोहित घर पर आया। मां माला देवी ने उनसे खाने को कहा तो कुछ देर में आने की बात कहकर वह सीधे छत पर चले गए और वहां काफी देर तक बैठे रहे। देर रात छत से गोली की आवाज सुनाई दी। सभी लोग छत पर गए तो देखा कि रोहित का शव खून में लथपथ पड़ा हुआ था। उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। सूचना पर रात करीब एक बजे मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रोहित ने सुसाइड क्यों किया इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस उसका मोबाइल कब्जे में लेकर जांच कर रही है।

बच्चों के विवाद में दिव्यांग को घर में घुसकर पीटा

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के गांव वसेंगा की रिहाना बी ने थाने में दी तहरीर में बताया है कि उसके बच्चे बुधवार को ब्रह्मदेव स्थल पर क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान वहां आए एक व्यक्ति ने खेत में घुसी बकरी को निकालने के साथ ही पूछा कि बकरी किसकी है। इस पर उसका बेटा बोला कि बकरी बंदर छाप की है। जिस पर उसके बेटे ने यह कहते हुए कि बकरी मेरे फूफा की है सही से बोलो। यह सुनते ही आरोपी ने उसके बेटे को पीटना शुरू कर दिया। जब वह शिकायत करने उसके घर गई तो उसे भी गालियां दी। आरोप है कि कुछ देर बाद आरोपी परिवार वालों के साथ उसके घर में घुस आया और उसके अंधे पति को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। शोर होने पर पहुंचे ग्रामीणों ने बचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मुसलमानों को छोड़ देनी चाहिए पीएम की मुखालफत

बरेली, अमृत विचार : आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने एक इंटरव्यू में कहा है कि हिंदू-मुस्लिम के बीच कभी भेदभाव नहीं किया, बल्कि उनके कई अच्छे मुस्लिम मित्र हैं। बचपन मुस्लिम परिवार में बीता है। वह जिस दिन हिंदू मुस्लिम करेंगे उस दिन सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहेंगे। मौलाना ने कहा कि प्रधानमंत्री की मुसलमानों के प्रति यह सोच उनको बाकी सभी नेताओं से अलग थलग बनाती है। क्योंकि यही वह चीज है, जो देश में भाईचारे को बढ़ावा देती है। मौलाना ने कहा कि प्रधानमंत्री रमजान, ईद, मोहर्रम और पैगंबर-ए-इस्लाम के जन्म दिन पर अपना पैगाम जारी कर मुसलमानों को मुबारकबाद देते आए हैं। अब ऐसी परिस्थितियों में मुसलमानों को चाहिए कि प्रधानमंत्री की मुखालफत न करें। प्रधानमंत्री मुस्लिम समुदाय से अपने आप को जोड़कर देखना चाहते हैं तो हम भी उनके मन की बात का सम्मान करें।

दहेज के लिए महिला को किया प्रताड़ित, पांच पर रिपोर्ट

भुता, अमृत विचार : भुता थाना क्षेत्र के गांव मुरड़ी खुर्द कला निवासी रुकुम सिंह ने बेटी के ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि मैंने बेटी का विवाह 3 वर्ष पहले अर्जुन निवासी परगवा थाना कैंट से किया था। खेत बेचकर बेटी को भरपूर्ण दहेज दिया था, इसके बाद भी वह लोग पांच लाख अतिरिक्त मांगकर उसे प्रताड़ित करने लगे। मैं जब भी बेटी को विदा करता तो हर बार पांच, दस हजार रुपये की मदद करके उसे भेजता था। उनकी मांग बढ़ती गई, हर बार कुछ न कुछ नई मांग रख देते थे। कुछ दिन पहले बेटी के ससुराल वालों ने अपनी दोनों बेटी और दामादों को घर पर बुलाकर सास, ससुर सहित पति अर्जुन ने मिलकर मारापीटा और उसे घर से निकाल दिया। बोले पांच लाख रुपये हो जाए तभी आना। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया।

घर में घुसकर की मारपीट, मां- बेटे घायल

आंवला, अमृत विचार : एक महिला ने मोहल्ले के ही लोगों पर उसे और उसके बेटे के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को शिकायत दी है। कस्बे के मोहल्ला पक्का कटरा दर्जी वाली गली निवासी रुखसाना ने बताया कि बुधवार सुबह वह घर में थी, इसी बीच मोहल्ले के ही लोग डंडे लेकर घर में घुस आए और बगैर किसी बात के उसे और उसके बेटे सोनू को मारापीटा। शोर शराबा सुनकर मोहल्ले के अन्य लोग आ गए। जिन्हें देखकर वह लोग जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मारपीट में महिला और उसका बेटा चोटिल हो गए। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

छात्र से कुकर्म की कोशिश, पुलिस से शिकायत

नवाबगंज, अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र की एक महिला ने नवाबगंज थाने पर दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका बेटा नवाबगंज के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र है। बुधवार शाम करीब छह बजे उसका बेटा घर आ रहा था। रास्ते में एक चक्की संचालक के बेटे ने उसे कट्टा उठवाने के बहाने चक्की में बुलाया और उसके साथ अश्लील हरकते करने लगा। आरोप है कि इस दौरान उससे कुकर्म की कोशिश की, जिसका विरोध करने पर उसके बेटे के कपड़े फट गए। उसके बेटे ने जब शिकायत करने की बात कही तो आरोपी युवक ने अपने भाई व पिता को बुला लिया और उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर एकत्र हुए लोगों ने बीच बचाव कर छुड़वाया। महिला ने कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जिला समन्वयक ने स्कूलों का किया निरीक्षण

देवरनियां, अमृत विचार : ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले बुधवार को दमखोदा ब्लाक के परिषदीय विद्यालयों की जिला समन्वयक ने निरीक्षण किया बच्चों को दिए जा रहे मिड डे मिल की गुणवत्ता को देखा गया। इस दौरान एक टीचर और एक शिक्षा मित्र गैर हाजिर पाए गए। जिला समन्वयक मिड डे मिल गौरव तिवारी ने खिरना, भैरपुरा, बंजरिया, प्राथमिक विद्यालय मिन्तरपुर, तेज नगर समेत अन्य का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को परखा। कंपोजिट स्कूल भैरपुरा में सहायक अध्यापक ऊषा गंगवार और कठर्रा में शिक्षा मित्र राधेश्याम बिना सूचना के गैरहाजिर मिलने पर पोर्टल पर इनकी अनुपस्थिति दर्ज की गई है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी इण्टरमीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0709528 की मार्कशीट जोकि रामपाल कटोरी देवी इंटर कॉलेज, बल्लिया से जारी की गयी थी वास्तव में कहीं खो गई है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **नन्द लाल पुत्र जयपाल निवासी सिरसा बिछुरैया, जिला बरेली।**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आई.सी.एस.ई. बोर्ड न्यू दिल्ली का मेरा हाईस्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 07169646 का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र और इन्टरमीडिएट वर्ष 2022 अनुक्रमांक 07169646 का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये हैं। **प्रभात पुत्र भगवान दास, निवासी-भीकमपुर, कोतवाली देवरनियाँ, तहसील बहेड़ी (बरेली)**

सूचना
मैंने अपने पुत्र नसीम को गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **नईम अहमद पुत्र अब्दुल रहमान निवासी एजाज नगर गौटिया थाना बारादरी, जिला बरेली।**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

भाकियू ने मनाई चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि

आंवला, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की ओर से किसानों के मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई। संगठन पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। तहसील कार्यालय के सामने किसान 96 दिनों से इफको के खिलाफ धरने पर बैठे हैं। संगठन प्रदेश महासचिव चौधरी शिशुपाल सिंह ने महेन्द्र सिंह टिकैत के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टिकैत साहब किसानों के मसीहा थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन किसानों के लिए समर्पित कर दिया। किसानों ने महेन्द्र सिंह टिकैत को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष महाराज सिंह यादव, पंकज शर्मा, नवल किशोर, सुशील वर्मा, बसंत मौर्य, रेणुका देवी, चरन सिंह, राजेंद्र सिंह, वीर सिंह, राजपाल सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

पीटीआर में बाघ नहीं सांपों का भी बढ़ रहा है कुनबा

पीलीभीत, अमृत विचार : पीटीआर का जंगल बाघों के लिए हीं नहीं बल्कि सांपों के लिए भी फल फूल रहा है। जंगल की आवोहवा उन्हें इस कदर भा रही है कि पूरे देश में मिलने वाले 270 सांपों की प्रजातियों में 16 प्रजातियों के सांप पीटीआर के जंगल की पांच रेंजों में देखने को मिल रहे हैं। हालांकि खास बात यह है कि अभी तक पीटीआर के जंगल में किसी भी सांप काटने का मामला सामने नहीं आया है। जबकि अजगर से लेकर 170 मीटर के आकार वाला अंधा सांप भी जंगल में मौजूद है। इनके संरक्षण के लिए वन्यजीव संरक्षण व पीटीआर के अफसर एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में सांपो को लेकर भी पीटीआर की अलग पहचान बनाएगा। डिप्टी डायरेक्टर का कहना है कि पीटीआर में सांपों की कई प्रजातियां पाई जाती है। सांपों को लेकर अलग से कोई प्लान नहीं है। जंगल और अन्य वन्यजीवों की तरह उन्हें भी संरक्षित किया जा रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

मुख्य आरक्षी के घर से आठ लाख का सामान चोरी

भोजीपुरा, अमृत विचार : इन दिनों पुलिसकर्मी चुनावी ड्यूटी में व्यस्त हैं और चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। चोरों ने पीलीभीत में तैनात मुख्य आरक्षी के मार्डन विलेज स्थित घर से नकदी समेत आठ लाख का सामान चुरा लिया।

चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है, चेहरा साफ न दिखने से चोर की पहचान नहीं हो पा रही है। भोजीपुरा के एल्डिको कॉलोनी के पास स्थित मार्डन विलेज में पीलीभीत में तैनात मुख्य आरक्षी रोशन लाल का घर है। जहां उनकी पत्नी मीना देवी बच्चों के साथ रहती है। रोशन लाल की छोटी बेटी दीक्षा पीलिया से पीड़ित है, जिसका इलाज लखनऊ के निजी अस्पताल में चल रहा। 13 मई की रात में चोर करीब तीन बजे छत के रास्ते घर में घुस आया और इत्मीनान से घर खंगाला। दीवान की पत्नी ने बताया कि चोर पचास हजार की नकदी और साढ़े सात लाख रुपये के आभूषण चोरी कर ले गया। चोर आते समय और जाते समय सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

22 को नीलकंठ मंदिर-जामा मस्जिद मामले की सुनवाई

बदायूं, अमृत विचार : अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पटेल की ओर से सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में जामा मस्जिद शम्सी को लेकर याचिका दायर की गई थी। इसमें जामा मस्जिद शम्सी की जगह नील कंठ महादेव मंदिर होने का दावा किया गया है। सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी न्यायालय के न्यायाधीश मनीष कुमार की अदालत में मामला है। अधिवक्ता संजीव वैश्य ने पिछली तारीख पर अपनी बहस पूरी कर ली थी। मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता अनवर आलम और असरार ने बहस की जो जारी रहेगी। वादी पक्ष उसके बाद बहस करेगा।

फिर शटडाउन में चालू कर दी बिजली, खंभे से गिरा लाइनमैन

नए ट्रांसफार्मर पर सप्लाई चालू करने के लिए चढ़ा था संविदाकर्मी

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : शटडाउन लेकर नए ट्रांसफार्मर की केबल जोड़ने पोल पर चढ़े लाइनमैन करंट लगने से झुलसकर गिर गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में गाड़ी की व्यवस्था करके उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही हैं। कनगांव के मजरा शाहबाद गांव निवासी डालचंद ने बताया कि वह मनपुरा विद्युत उपकेंद्र पर संविदा लाइनमैन हैं। दो दिन पहले ही ऐसे ही हुए एक हादसे में एक संविदा लाइनमैन की मौत हो गई थी।

कस्बे के मोहल्ला बेहटा जुनू एमके लॉन के पास ट्रॉसफार्मर खराब हो गया था। मंगलवार शाम वहां नया ट्रॉसफार्मर रखा था, जिसे चार्जिंग के लिए लगाया गया था। बुधवार शाम करीब 6:30 बजे उसने फोन पर शटडाउन लिया था और सप्लाई चालू करने के लिए पोल पर चढ़ गया। उसने करंट चेक करने के लिए उल्टा हाथ तार में मारा इससे उसे करंट लग गया और वह जमीन पर गिर गया। वहां मौजूद लोग इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल ले गए। इस मामले में बिजली अधिकारियों से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया परंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। लाइनमैन डालचंद ने शटडाउन लेने के बाद भी पोल पर चढ़ने के बाद उल्टा हाथ मारकर करंट चेक किया था, जिससे उसकी जान बच गई। जानकारों ने कहना है कि यदि लाइनमैन ने तार पकड़ लिया होता तो उसकी जान बचना मुश्किल होती हैं।

करंट लगने से जमीन पर गिरे लाइन मैन को उठाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- संविदा कर्मचारी ने फोन से लिया था शटडाउन
- आंवला के मनपुरा विद्युत उपकेंद्र का मामला

प्रत्याशी की हार-जीत पर दोस्तों ने लगाई 2.30 लाख की शर्त

कार्यालय संवाददाता, ओरछी

अमृत विचार : बदायूं लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा प्रत्याशी के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। कम वोट से हार-जीत का फैसला होने की संभावना जताई जा रहा है। जैसे- जैसे मतगणना का दिन नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे शर्तें लगने का दौर शुरू हो गया है।

चार मई को दो अधिवक्ताओं के बाद अब संभल के दो दोस्तों ने बदायूं लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा प्रत्याशी की हार-जीत पर 2.30 लाख रुपये की शर्त लगाई है। दोनों ने दस रुपये के स्टांप पर अनुबंध किया है। प्रत्याशी की जीत पांच हजार या उससे कम वोट से होती है तो अनुबंध निरस्त माना जाएगा। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य और सपा प्रत्याशी आदित्य यादव की हार-जीत पर जिला संभल के थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव पतेई निवासी दो दोस्त विजेंद्र सिंह पुत्र राजवीर और नीरेश कुमार पुत्र अमर सिंह ने शर्त लगाई है। दस रुपये के ई-स्टांप पर दोनों के बीच अनुबंध हुआ है। भाजपा प्रत्याशी की जीत होती है तो नीरेश कुमार हार जाएंगे और 2.30 लाख रुपये विजेंद्र सिंह को मिलेंगे। वहीं अगर सपा प्रत्याशी की जीत होती है तो विजेंद्र सिंह के 2.30 लाख रुपये नीरेश कुमार को दिए जाएंगे।

दो वकीलों में भी लगी है दो-दो लाख की शर्त

भाजपा और सपा प्रत्याशी की हार जीत पर बदायूं के दो वकीलों के बीच चार मई को दो-दो लाख रुपये की शर्त लगी। कस्बा उझानी के मोहल्ला गौतमपुरी निवासी वकील दिवाकर वर्मा पुत्र कृष्ण गोपाल उर्फ टिल्लन वर्मा और सिविल लाइन क्षेत्र के गांव बरामालदेव निवासी अधिवक्ता सतेंद्र पाल पुत्र कल्यान सिंह के बीच दस रुपये के स्टांप पर अनुबंध हुआ था। जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी के जीतने पर सतेंद्र पाल, दिवाकर वर्मा को और सपा प्रत्याशी जीतने पर दिवाकर वर्मा, सतेंद्र पाल को मतगणना के 15 दिनों के भीतर दो लाख रुपये देंगे। उनके अनुबंध में अधिवक्ता विश्वनाथ मौर्य और पवन कुमार को गवाह बनाया गया था।

खमरिया बांध से अगस्त तक मिलेगा किसानों को पानी

शीशगढ़, अमृत विचार : किसान कल्याण समिति की देखरेख में किसानों की कारसेवा से बनाया गया खमरिया बांध अब 15 जून को नहीं काटा जाएगा। अगस्त तक किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। बुधवार दोपहर 12 बजे मुख्य अभियंता शारदा ह्रदय नारायण सिंह, अधीक्षण अभियंता पंचम मंडल मयंक प्रसाद, अधिशासी अभियंता नहर खंड नवीन कुमार, एसडीओ नरेंद्र सिंह, अवर अभियंता सीपी सिंह ने पूरे स्टाफ के साथ खमरिया बांध पर पहुंचे। मुख्य अभियंता ने खमरिया बांध के जलाशय में किच्छा बैराज और पंतनगर की नगला बैराज से पानी बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा 15 जून को खमरिया पर बना कच्चा बांध नहीं काटा जाए। जून, जुलाई, अगस्त तक किसानों की फसल की सिंचाई के लिए पानी की कमी नहीं होने दी जाएगी। इस मौके पर किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार, वेदप्रकाश कश्यप, विजय पाल सिंह, मो. आसिफ, धूप सिंह, ओमपाल सिंह सतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

गोदाम साफ कर रही वृद्धा की सांप के काटने से मौत

नवाबगंज, अमृत विचार : गल्ला हटने के बाद कमरे की सफाई कर रही वृद्धा को सर्प ने डस लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। क्योलड़िया क्षेत्र के ग्राम ढकिया वरकली निवासी राशन कोटेदार महेन्द्र अपने आवास के बाहर बनी खपरैल में ही गल्ला रखकर बांटता है। गल्ला रखने के कारण खपरैल के नीचे कच्ची भूमि में चूहों ने बिल बना लिए हैं। बुधवार दोपहर में गल्ले की बिक्री होने के बाद महेन्द्र की मां लीलावती (70) कमरे की सफाई कर रही थी कि चूहों के बिल से गल्ले की सफाई करते समय उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। जिस पर परिजन उसे प्रारम्भिक उपचार के बाद नगर की सीएचसी पर लेकर आए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम को भेजा है।

भूमाफिया के कब्जे से जमीन मुक्त कराने की मांग

संवाददाता, बहेड़ी

अमृत विचार : राष्ट्रीय हिंदू महासंघ के बैनर तले क्षेत्र में सक्रिय भूमाफिया के खिलाफ मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय को सौंपा गया।

ज्ञापन में भूमाफिया के खिलाफ कार्रवाई कर उनकी संपत्ति की जांचकर और कब्जाई गई जमीन को खाली कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि पुरानी गन्ना सोसाइटी की करोड़ों की कीमत की सरकारी जमीन पर कथित रूप से केसर मिल प्रबंधन की सांठगाठ से अवैध निर्माण कराया जा रहा है। कस्बे में नगरपालिका से नक्शा पास कराए बिना तीन मंजिला बाजार का निर्माण कराया जा रहा है। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय हिंदू महासंघ के पीठाधीश्वर देव हंस महाराज, अतर सिंह, राज कमल सिंह, सीताराम दुबे, राकेश गंगवार व वीरेंद्र कुमार के अलावा दर्जनों अन्य शामिल रहे।

कालोनाइजर ने बंद कर दिया चकमार्ग

नवाबगंज, अमृत विचार : सेंथल में कुछ लोग प्लाटिंग कर रहे है, आरोप है कि इन लोगों ने ग्राम टांडा सादात के चकमार्ग की भूमि पर कब्जा कर रास्ता बंद कर दिया है। ग्रामीणों की शिकायत पर तहसीलदार ने रास्ता खुलवाए जाने के निर्देश लेखपाल को दिए हैं। कस्बा सेंथल के मुख्तयार, लल्लू, जानी और वसीम आदि की कृषि भूमि ग्राम टांडा सादात में है जिसके पड़ोस में कस्बे के ही कुछ लोग निर्माण कर सरकारी रास्ता (चकमार्ग) बंद कर रहे है। ग्रामीणों की शिकायत पर तहसीलदार ने अतिक्रमण हटवा कर रास्ता खुलवाने के निर्देश दिए हैं। लेखपाल मो. वसीम ने बताया कि निर्माण रुकवा दिया गया है मामला दोनों गांवों की सीमा का है शीघ्र ही टीम के साथ पैमाइश कर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

बहन से छेड़खानी के विरोध पर भाई को पीटा

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के एक गांव में बहन से छेड़खानी कर रहे एक शोहदे का उसके भाई ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, साथ ही युवती के कपड़े भी फाड़ दिए। युवती ने नवाबगंज थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शोहदे की तलाश शुरू कर दी है। युवती ने बताया कि गांव का ही इंतजार उस पर बुरी नियत रखता है। वह बुधवार को घर से बरखन की ओर जा रही थी इसी दौरान आरोपी ने उसे बुरी नियत से पकड़ लिया और अश्लील हरकते करने लगा। उसके शोर मचाने पर आए भाई ने जब आरोपी का विरोध किया तो शोहदे ने युवती के भाई की पिटाई कर दी। युवती की तहरीर पर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कपड़े की दुकान से एक लाख का सामान चोरी

बहेड़ी, अमृत विचार : बहेड़ी के मुख्य मार्ग स्थित एक रेडीमेड कपड़े की दुकान से चोरों ने एक लाख रुपये के कपड़े समेत अन्य सामान चुरा ले गए। कस्बे साईं सुधा वाटिका के निकट एक रेडीमेड गारमेंट की दुकान में मंगलवार रात पड़ोसी दुकान के टिन शेड के सहारे चोर घुसे चोर एक लाख की सामान चुरा ले गए। कस्बा रिछा निवासी दुकान मालिक ने सुबह आकर जब दुकान खोली तो उसे चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

पुलिस ने दो तस्कर पकड़े 60 ग्राम स्मैक बरामद

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : पुलिस ने 7 लाख 20 हजार रुपये की 60 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान रहपुरा अंडरपास के पास से अरविंद निवासी मोहल्ला नौंगवा कस्बा और थाना फतेहगंज पश्चिमी और भूपेंद्र निवासी कैथोला बेनीराम थाना भोजीपुरा को 60 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा, जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 7 लाख 20 हजार रुपये है। दोनों ने बताया कि यह स्मैक प्रशांत कुमार निवासी मोहल्ला नौंगवा कस्बा फतेहगंज पश्चिमी से खरीदकर लाते है, जिसे महंगे दामों पर बेचते है।

सार-संक्षेप

पनघैली नदी पर हो रहे अवैध निर्माण को रुकवाया

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज कस्बे के बरेली -पीलीभीत हाईवे पर पनघैली नदी पर बने नए पुल के किनारे एक डॉक्टर की जमीन है जिस पर निर्माण के बाद अब वह अपनी जमीन के पीछे नदी की जगह में निर्माण कराने का प्रयास कर रहे थे, जिसकी शिकायत करने पर तत्कालीन एसडीएम के आदेश के बाद हल्का लेखपाल ने रूकवा दिया। एसडीएम के स्थानांतरण के साथ ही चुनाव प्रक्रिया में व्यस्त होने को देखते हुए चिकित्सक ने एक बार फिर रात में निर्माण कराना शुरू कर दिया जिसकी शिकायत नगर के पुष्पेन्द्र गंगवार ने एसडीएम गोविंद सिंह मौर्य से की तो उनके के आदेश पर एक बार फिर हल्का लेखपाल ने बुधवार को काम रूकवा दिया।

आरआरसी सेंटरों के संचालन कराने के निर्देश

शेरगढ़, अमृत विचार : संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रधानों और पंचायत सचिवों के साथ बैठक ब्लॉक में हुई, जिसमें आरआरसी सेंटरों को संचालित करने पर जोर दिया गया। खंड विकास अधिकारी सीपी पांडेय ने प्रधानों और पंचायत सचिवों को योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व निर्मित आरआरसी सेंटरों पर सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल की जा चुकी हैं, जिन्हें तत्काल आरंभ किया जाए। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गजेंद्र सिंह ने बताया कि मौसमी बीमारी से बचने के लिए साफ -सफाई का ध्यान रखे। बैठक में डॉ. फनी मणि, डॉ. मयंक सागर, एडीओ पंचायत राजीव शर्मा, एडीओ एसटी अरुण कुमार वाष्णेय, पंचायत सचिव प्यारेलाल यदुवंशी समेत अन्य मौजूद रहे।

तमंचा दिखाकर किशोरी से दो लोगों ने किया दुष्कर्म

भुता, अमृत विचार : भुता थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी से दो जानने वाले लोगों ने तमंचा दिखाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई, पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही हैं। पीड़िता की मां ने बताया कि 11 मई की शाम को दो लोग उसके घर आए। उस समय वह अपने पुराने वाले मकान में थी, उसकी नाबालिग बेटी नए वाले मकान में अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर दोनों लागों ने तमंचे के बल पर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म किया। शोरगुल सुनकर पड़ोसी पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। किशोरी की मां की तरफ से थाने में तहरीर दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना अध्यक्ष सतीश कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

चादरपोशी के बाद तीन दिवसीय उर्स का समापन

कैंट, अमृत विचार : कैंट के सदर बाजार स्थित बड़ी मस्जिद के पास चल रहे तीन दिवसीय सुल्तान उल औलिया हजरत सूफी ख्वाजा हसन सरकार का 46वां उर्स बुधवार को संपन्न हो गया। उर्स ए पाक हजरत सूफी मुहम्मद हनीफ मिया के जेर ए सदारत मनाया गया। सदर बाजार की छोटी मस्जिद के पास से जोड़ा पोशी के लिए चादर लाई गई। उर्स के मौके पर साहेब ए सज्जादा सूफी अनीस मियां, सूफी नाजिम मियां, सूफी इश्तियाक सकलैनी का स्वागत कैंट बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. वैभव जायसवाल, इमरान खान उर्फ काशिफ़, आले हबीब, अल्वी व अब्बास ने किया।

विवाहिता की हत्या की कोशिश में आठ पर रिपोर्ट

कैंट, अमृत विचार : थाना फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला अंसारी वार्ड नंबर 9 निवासी शबाना ने बताया कि उसकी शादी 25 अप्रैल 2023 को थाना कैंट के मोहनपुर निवासी हनीफ के साथ हुई थी। शादी में दिए गए दहेज से ससुराल वाले खुश नहीं थे। पति हनीफ, सास हसीना, देवर लईक, हबीब, मुशर्रफ, मुशाहिद, ननद रेहाना, ननदोई नबी अहमद मायके से 2 लाख रुपये नकद लाने का दबाव बनाते थे। असमर्थता जताने पर मारपीट करते थे। 2 मई को शाम करीब 5 बजे उपरोक्त आरोपियों ने एकराय होकर महिला के साथ मारपीट की। और जान से मारने की नीयत से गले में दुपट्टे का फंदा डाल कर कसने की कोशिश की। किसी तरह महिला ने खुद को बचाया, आरोपियों ने उसे घर से निकाल दिया। महिला ने कैंट पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने पति समेत 8 आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला तथा अन्य कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अतुल शर्मा बने पंचायत सहायक संघ के अध्यक्ष

मीरगंज, अमृत विचार : सर्वसम्मति से पंचायत सहायक संघ का चुनाव ब्लॉक मुख्यालय पर बुधवार को हुआ। जिसमें अतुल शर्मा को संघ का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए प्रिया और योगेश कुमार, कोषाध्यक्ष हर्षित चौधरी को चुना गया। पंचायत सहायकों ने सभी पदाधिकारी का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) महेश गंगवार, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण, लव गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी आदि उपस्थित रहे। इस दौरान समस्त पंचायत सहायक आदि मौजूद रहे।

छात्रों ने किया औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण

रिठौरा, अमृत विचार : राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं ने वाडीलाल कंपनी का औद्योगिक भ्रमण किया। इसमें पॉलीटेक्निक विभाग के छात्र-छात्राओं ने रेफ्रिजरेशन प्लांट की तकनीकी बारीकियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। संस्थान के प्रबंध निदेशक रोहन बंसल ने बताया कि औद्योगिक भ्रमण से छात्र-छात्राओं को भविष्य में जॉब प्राप्त करने के अलावा विभिन्न स्टार्ट-अप शुरू करके अपने रोजगार को खड़ा करने में आधारभूत जानकारी प्राप्त होती है। एचआर पंकज शर्मा एवं असिस्टेंट जनरल मैनेजर दिनेश सिंह, ने वाडीलाल कम्पनी के बारे में, प्लांट की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। पैकेजिंग युनिट, क्वालिटी टेस्टिंग लैब एवं विभिन्न उत्पादों की उच्च गुणवत्ता के लिए आने वाली कठिनाइयों के समाधान बताए। भ्रमण में मुख्य रूप से प्लेसमेंट हेड अंकुर भटनागर, श्रेयश चौधरी एवं संजीव कुमार आर्या का सहयोग रहा।

एप से बच्चों के शैक्षिक स्तर का किया आकलन

देवरनियां, अमृत विचार : ब्लॉक दमखोदा की हिन्दी विषय की एआरपी डाक्टर देवकुमारी गंगवार ने ब्लॉक संसाधन केंद्र मुख्यालय के कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय रिछा का अनुषवण कर शैक्षिक स्तर को परखा, और महत्वपूर्ण टिप्स दिए। एआरपी डाक्टर देवकुमारी गंगवार ने जूनियर हाईस्कूल और कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय रिछा के अनुषवण में बेहतर व्यवस्थाओं पर प्रधानाध्यापिका सायमा खान और जूनियर हाईस्कूल रिछा के प्रधानाध्यापक अतीकुर्रहमान की सरहाना की। एआरपी ने निपुण लक्ष्य ऐप से बच्चों की शैक्षिक स्तर को परखा और जरुरी टिप्स दिए। इसके अलावा बच्चों और अध्यापकों से संवाद करा इस दौरान बीईओ प्रेमसुख गंगवार ने भी रिछा कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण कर स्मार्ट क्लास को देखा।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
Medical Council Of India, Dental Council of India, Pharmacy Council of India, Indian Nursing Council, Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council, Association of Indian Universities, Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

सियासत का बदलापुर बन गया इस बार मुजफ्फरपुर

चुनौती नई, लड़ाई वही

दिग्विजय सिंह

- दो बार भाजपा से जीते सांसद अजय निषाद इस बार कांग्रेस की तरफ से उतरे हैं मैदान में
- पिछली बार महागठबंधन से लड़े राजभूषण निषाद को भाजपा ने बनाया है उम्मीदवार

अजय निषाद।

राजभूषण निषाद ।

अमृत विचार: बिहार में पांचवें चरण में जिन लोकसभा सीटों पर मतदान होगा, उनमें शाही लीची के लिए प्रसिद्ध और एक जमाने में समाजवादी नेता जार्ज फर्नांडीज के नाम से जाना जाने वाला मुजफ्फरपुर क्षेत्र भी है। लेकिन मुजफ्फरपुर का इस बार का लोकसभा चुनाव थोड़ा अजब-गजब है। इस बार के चुनावी मुकाबले को लेकर कहा जा रहा है कि यह लंगोट बदल कर लड़ने वाले सियासी पहलवानों के दांव-पेच के लिए याद किया जाएगा। मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट पर 2019 में भाजपा से चुनाव लड़कर दूसरी बार सांसद बने अजय निषाद इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंक रहे हैं। इसके दूसरी तरफ 2019 में महागठबंधन की तरफ से वीआईपी के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले राज भूषण निषाद इस बार एनडीए की तरफ से भाजपा के उम्मीदवार हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या भाजपा यहां अपनी जीत की हैट्रिक लगाएगी या अजय निषाद अपनी जीत का सिलसिला कायम रखते हुए तीसरी जीत दर्ज करने में सफल रहेंगे। भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी निषाद जाति के होने के कारण इस बार निषाद मतों के साथ सवर्ण और मुस्लिम मतदाता निर्णायक माने जा रहे हैं।

एक दूसरे के मतों में सेंधमारी और निषाद मतों पर छिड़ा घमासान

- मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से दो बार के भाजपा सासंद और इस बार कांग्रेस के उम्मीदवार अजय निषाद के पिता जय नारायण निषाद मुजफ्फरपुर से तीन बार सांसद चुने गए थे। इस कारण अजय निषाद की सजातीय मतों पर अच्छी पकड़ है। 10 साल भाजपा का सांसद रहने के कारण भाजपा समर्थक मतों में सेंध लगा सकते हैं। कांग्रेस का उम्मीदवार होने के कारण सवर्णों का भी मत हासिल कर सकते हैं। आरजेडी और तेजस्वी यादव के प्रभाव से मुस्लिम-यादव थोक वोट मिल सकते हैं। इसके साथ ही उनके समर्थन से वीआईपी की भी अग्नि परीक्षा है। वीआईपी के मुकेश सहनी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि वह कितना वोट अजय निषाद के पक्ष में ला सकते हैं, क्योंकि यहां उनके दल का आधार है। उधर पिछली बार महागठबंधन में शामिल वीआईपी के टिकट से चुनाव लड़े राजभूषण चौधरी के लिए भी स्थितियां इस बार बदली हुई हैं। नीतीश कुमार के प्रभाव से राजभूषण को कुर्मी, कोयरी और अति पिछड़ा वोट हासिल हो सकता है। चिराग पासवान के कारण दलित वोट भी मिल सकता है।

पांच बार सांसद चुने गए थे जार्ज फर्नांडीस

- मुजफ्फरपुर सीट से दिग्गज समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडीस चुनाव जीतकर संसद पहुंचते थे। फर्नांडीस ने इमरजेंसी के बाद 1977 का लोकसभा चुनाव जनता पार्टी के टिकट पर जेल के अंदर रहकर लड़ा था और कांग्रेस के खिलाफ रिकार्ड वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। जॉर्ज फर्नांडीस मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से पांच बार सांसद चुने गए थे।

स्मार्ट सिटी के अधूरे काम बरसात में डूब जाता शहर

- मुजफ्फरपुर में सबसे बड़ा मुद्दा स्मार्ट सिटी के काम हैं। 966 करोड़ रुपये के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में अभी तक सिर्फ 570 करोड़ रुपये खर्च हुए है। शेष बची आठ योजनाएं अभी शुरू ही नहीं हो सकी हैं। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर बाईपास का काम अधूरा है। समस्तीपुर से मुजफ्फरपुर के बीच ट्रेन की मांग पूरी नहीं हो पा रही है। बरसात में जलभराव होने से पूरा शहर साल डूबता है। हालांकि मुजफ्फरपुर को सुपर स्पेशलिटी हॉसपिटल की सौगात मिली है। एनएच मुजफ्फरपुर-बरौनी को फोरलेन बनाने की योजना पर भी हरी झंडी मिल गई है। इसके अलावा मुजफ्फरपुर रेलवे जंक्शन को 2026 तक विश्वस्तरीय बनाने का काम शुरू किया गया है।

- **पहला चुनाव दो तो दूसरा चार लाख से जीते थे :** 2014 के लोकसभा चुनाव में मुजफ्फरपुर सीट भाजपा के खाते में आई थी। भाजपा प्रत्याशी अजय निषाद ने कांग्रेस उम्मीदवार दिग्गज नेता अखिलेश प्रसाद सिंह को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से अजय निषाद फिर जीते। इस बार उन्होंने महागठबंधन की तरफ से उतरे विवेकशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के उम्मीदवार राजभूषण निषाद को चार लाख से अधिक वोटों से हरा दिया।
- **भाजपा-आरजेडी के दो-दो, जेडीयू और कांग्रेस का एक-एक विधायक :** मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। दो विधानसभा सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। दो विधानसभा सीटों पर आरजेडी का कब्जा है, जबकि एक-एक सीट पर विधायक जेडीयू और कांग्रेस से है।

2019 के पिछले चुनाव में भाजपा ने रायबरेली को छोड़कर 14 में से13 सीटों पर खिलाया था कमल

पांचवें चरण में पांच सीटों पर भाजपा की राह मुश्किल भरी

मनोज त्रिपाठी

- पांच सीटों पर पिछले चुनाव में भाजपा की जीत का आंकड़ा एक लाख वोटों से कम रहा था
- 2019 में 14 सीटों के 71 विधानसभा क्षेत्रों में 45 पर भाजपा और 21 पर सपा रही थी आगे
- 2022 के विधानसभा चुनाव में 71 विधानसभा सीटों में 41 भाजपा ने जीतीं

05 वां चरण | **14** लोकसभा सीटें
144 प्रत्याशी | **20** मई मतदान

08 सीटें अवध क्षेत्र
लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, फैजाबाद, कैसरगंज, बाराबंकी, गोंडा

04 सीटें बुंदेलखंड क्षेत्र
झांसी, हमीरपुर, बांदा और जालौन लोकसभा क्षेत्र

02 सीटें दोआब क्षेत्र
फतेहपुर और कौशांबी लोकसभा क्षेत्र

01 सीट
कौशाम्बी में 2014 व 2019 दोनों बार हुआ नजदीकी मुकाबला

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण का लोकसभा चुनाव अवध, बुदेलखंड और दोआब के इलाके में होगा। इन तीनों क्षेत्रों की 14 लोकसभा सीटों पर 20 मई को वोट डाले जाएंगे। इस चरण की एक-दो सीटों को छोड़कर 2014 की मोदी लहर के बाद से भाजपा ने लगातार अपना वर्चस्व बना रखा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 12 सीटें जीती थी तो 2019 में उसकी जीती हुई सीटों की संख्या बढ़कर 13 हो गई थी, सिर्फ रायबरेली सीट पर कांग्रेस से सोनिया गांधी जीत सकी थीं। लेकिन इस बार का मुकाबला पिछले दो चुनाव से थोड़ा अलग माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि इन 14 में से पांच सीटें ऐसी हैं, जिन पर 2019 में जीत-हार का आंकड़ा एक लाख वोटों से कम था। इसके साथ ही कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस बार सीट दर सीट जातीय समीकरण साधते हुए ओबीसी और अति पिछड़े वर्ग पर खास दांव लगाया है। तीसरा बड़ा फैक्टर विधानसभा सीटों पर कब्जे का है। इन 14 लोकसभा सीटों के अंतर्गत 71 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 45 पर भाजपा और 21 सीटों पर सपा का कब्जा है। इन्हीं कारणों से माना जा रहा है कि इस बार लड़ाई थोड़ी मुश्किल भरी हो सकती है।

भाजपा को 2019 के चुनाव में पांचवें चरण की जिन लोकसभा सीटों पर एक लाख से कम वोटों के अंतर से जीत मिली थी, उसमें अमेठी भी शामिल है, जहां भाजपा की केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 55 हजार मतों से हरा दिया था। इसके अलावा कौशांबी, फैजाबाद, बांदा और मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा की जीत का अंतर एक लाख वोटों से कम था। ऐसे में पिछली बार की कम अंतर से जीत वाली पांचों सीटों पर भाजपा ने पूरा जोर लगा रखा है कि इनमें से कोई सीट किसी भी तरह हाथ से फिसलने न पाए।

2019 में एक लाख से कम वोटों से जीतने वाली सीटें

लोकसभा क्षेत्र	जीत का अंतर
मोहनलालगंज	90,204
अमेठी	55,120
फैजाबाद	65,477
बांदा	58,938
कौशांबी	38,722

2019 का परिणाम
13 भाजपा | 01 कांग्रेस

2014 का परिणाम
12 भाजपा | 02 कांग्रेस

2009 का परिणाम
06 सपा | 06 कांग्रेस | 01 भाजपा | 01 बसपा

मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर पूरा जोर लगा रही है भाजपा

- नजदीकी मुकाबले वाली सीटों में अक्सर मतदान प्रतिशत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में पांचवें चरण की कम अंतर से जीती सीटों पर भाजपा का पूरा जोर मतदान प्रतिशत ऊंचा रखने पर है। माना जा रहा है कि मतदान प्रतिशत में गिरावट का नुकसान उठाना पड़ सकता है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने से भाजपा का वोट प्रतिशत भी बढ़ा था। इससे पहले 2009 के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था। इसका सपा, बसपा और कांग्रेस को फायदा मिला था। कांग्रेस ने रायबरेली, अमेठी के साथ फैजाबाद, गोंडा, बाराबंकी और झांसी में जीत सीटों पर दर्ज की थी। बसपा ने हमीरपुर सीट जीती थी। भाजपा को सिर्फ लखनऊ में जीत मिली थी। बाकी छह सीटों पर समाजवादी पार्टी की साइकिल दौड़ी थी।

बसपा ने एक तिहाई सीटों पर खेला है इस बार ब्राह्मण कार्ड

- पांचवें चरण की सुरक्षित लोकसभा सीटों पर बसपा ने जीत की उम्मीद लगा रखी है। मोहनलालगंज, हमीरपुर, बांदा, जालौन और बाराबंकी सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की स्थिति में पार्टी फायदा मिलने की उम्मीद है। इन सीटों पर बसपा ने जातीय समीकरण देखकर ही प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी ने गोंडा में सौरभ कुमार मिश्रा, कैसरगंज से नरेंद्र पांडे, फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, हमीरपुर में निर्दोष दीक्षित को उतारकर ब्राह्मण कार्ड खेला है।

बुंदेलखंड में सपा और बसपा की नहीं गल पा रही दाल

- बुदंलेखंड इलाका कभी बसपा का गढ़ कहा जाता था। लेकिन यहां की चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा ने 2014 से दबदबा बना रखा है। पार्टी ने सवर्ण मतों के साथ पिछड़ा और दलित वर्ग में ऐसी सोशल इंजीनियरिंग की है कि पिछली बार सपा-बसपा गठबंधन करके भी यहां की किसी भी सीट पर भाजपा को बड़ी चुनौती नहीं दे पाई थीं। जानकारों का मानना है कि इस बार भी बुदंलखेड में सपा-कांग्रेस गठबंधन या बसपा के लिए भाजपा के वोटबैंक में सेंधमारी करना आसान नहीं है।

अवध क्षेत्र में भी जातियों की मजबूत व्यूह रचना

- अवध क्षेत्र में भी बुंदेलखंड की तरह भाजपा ने अपने आधार वोट बैंक में गैर यादव पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़े वर्ग के साथ ही गैर-जाटव दलितों को जोड़कर मजबूत व्यूह रचना की है। इस समीकरण से ही पार्टी अमेठी में राहुल गांधी को हराने में कामयाब रही थी। पार्टी को पिछले दोनों चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ने का भी लाभ मिल रहा है, जिसके चलते विपक्षी प्रत्याशियों को वोट बैंक में सेंधमारी किए बिना मुकाबला करना कठिन हो रहा है।

भरी हुंकार पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हावड़ा में रोड शो किया। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार के लिए वोट मांगे और केंद्र सरकार को जमकर कोसा।

भाजपा में शामिल होंगी श्रीकला रेड्डी, अमित शाह से की मुलाकात

चुनाव डेस्क

गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करती श्रीकला रेड्डी।

- पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी आज थाम सकतीं हैं भाजपा का दामन
- बसपा ने पहले बनाया प्रत्याशी बाद में सांसद श्याम सिंह यादव को दे दिया टिकट

अमृत विचार। जौनपुर संसदीय सीट पर मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। बसपा से टिकट कट जाने पर नाराज चल रहीं पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी गुरुवार को भाजपा का दामन थाम सकतीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में वह पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगी। जल्द ही जौनपुर में प्रधानमंत्री की सभा होगी। पिछले चुनाव में भाजपा यह सीट हार गई थी। बसपा के उम्मीदवार श्याम सिंह यादव जीते थे। इस बार बसपा ने पहले श्रीकला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया था बाद में उनका टिकट काटकर श्याम सिंह यादव को दे दिया। नाराज श्रीकला ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे पहले धनंजय सिंह ने भी जनसभा कर भाजपा के समर्थन की बात कही थी। ऐसे में इस कयास को बल मिल रहा है कि श्रीकला भाजपा का दामन थामेंगी।

भाजपा ने जौनपुर सीट से पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह, सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा और बसपा ने श्याम सिंह को मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला त्रिकोणीय है। यादव मतदाताओं में अच्छी पैठ रखने वाले श्याम सिंह के मैदान में आने से बसपा , सपा के परंपरागत मतदाताओं में सेंध लगाती दिख रही है। बाबू सिंह पर बाहरी प्रत्याशी का ठप्पा लगा हुआ है। भाजपा और बसपा के लोग उन्हें बाहरी बता रहे हैं तो सपा में भी यहां अंतरकलह जबरदस्त है। इस लोकसभा क्षेत्र में राजपूत और यादव मतदाताओं का दबदबा है। धनंजय के साथ आने से भाजपा यह सीट आसानी से जीत सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से भी समीकरण सधने की उम्मीद है श्रीकला के औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल होने के बाद धनंजय सिंह भी पार्टी नेताओं के साथ प्रचार करेंगे। फिलहाल यहां भाजपा में कृपा शंकर सिंह को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर नाराजगी भी है। भाजपा को यहां भितरघात का भी डर सता रहा है। ऐसे में पार्टी अपने कील- कांटे दुरुस्त करने में लगी हुई है। कृपा शंकर सिंह कांग्रेस में रहे हैं और वे महाराष्ट्र में प्रदेश सरकार में मंत्री भी थे। स्थानीय नेता को टिकट न मिलने का अंदरखाने पार्टी नेता विरोध कर रहे हैं।

आरक्षण बचाओ

राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सारण में बहन रोहिणी आचार्य के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। कहा कि संविधान बचाने के लिए इंडिया गठबंधन का सत्ता में आना जरूरी है। नरेंद्र मोदी यदि इस बार प्रधानमंत्री बन गए तो वह संविधान बदल देंगे और आरक्षण को खत्म कर देंगे। उन्होंने बहन रोहिणी आचार्य को जिताने की अपील की।

असली और नकली सेना के साथ बगावत व वफादारी का इम्तिहान

मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट पर सांसद अरविंद सांवत लगाएंगे हैट्रिक या शिंदे गुट की विधायक यामिनी जाधव रोक लेंगी रास्ता

चुनाव डेस्क

अरविंद सांवत।

यामिनी जाधव।

अमृत विचार: मुंबई से आने वाली लोकसभा की सभी छह सीटों में मुंबई दक्षिण सीट सबसे खास है। भौगोलिक हिसाब से अगर गेट वे आफ इंडिया, मरीन ड्राइव, मुंबा देवी मंदिर, हाजी अली दरगाह, रेलवे स्टेशन सीएसमटी और शेयर कारोबार का दिल बीएसई, इस लोकसभा क्षेत्र की पहचान है, तो सियासत के लिहाज से यह लोकसभा क्षेत्र जहां कल्बादेवी और भूलेश्वर जैसे हिंदु बहुल इलाकों के साथ मुस्लिम बाहुल्य भिंडी बाजार, मस्जिद बंदर जैसे क्षेत्र भी समेटे है। इस लोकसभा सीट पर सेना बनाम सेना का रोचक मुकाबला हो रहा है। महायुति में शामिल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने इस सीट पर विधायक यामिनी जाधव को उतारा है, उनका मुकाबला उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना के प्रत्याशी और मुंबई दक्षिण के मौजूदा सांसद अरविंद सांवत से हो रहा है, जो इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की उम्मीद लगाए हैं। यहां 20 मई को पांचवे चरण में वोट डाले जाएंगे।

मुंबई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र मिनी इंडिया जैसा है और यहां सभी समुदायों, जातियों और आय वर्ग के लोग रहते हैं। यही वजह रही कि महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग के दौरान इस सीट को लेकर अगर शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के बीच खींचतान चली, तो महायुति में भाजपा और शिवसेना (शिंदे) भी इस सीट के लिए खूब जोर-आजमाइश हुई थी।

इस सीट से मौजूदा सांसद अरविंद सावंत को उद्धव ठाकरे का विश्वस्त माना जाता है। उधर, शिंदे शिवसेना की प्रत्याशी भायखाला विधानसभा क्षेत्र से विधायक यामिनी जाधव उन 39 विधायकों में शामिल थीं, जिन्होंने दो साल पहले उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करने पर एकनाथ शिंदे को खुला समर्थन दिया था। उनके शिंदे गुट में शामिल होने को लेकर यह भी कहा जाता है कि यामिनी और उनके पति यशवंत जाधव अपने आईटी रिटर्न में विसंगतियों के कारण आयकर विभाग के रडार पर आ गए थे। इसके अतिरिक्त, प्रवर्तन निदेशालय ने फेमा उल्लंघन के लिए दंपति के खिलाफ जांच शुरू की थी। आरोप है कि इससे राहत पाने के लिए भी उन्होंने सत्ता पक्ष के साथ रहने का रास्ता चुना।

साल 2019 में मुंबई दक्षिण सीट से अविभाजित शिवसेना से अरविंद सावंत जीते थे। उन्हें 4,21,937 वोट मिले थे। उन्होंने कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा को चुनाव में हराया था, जिन्हें 3,21,870 वोट मिले थे। लेकिन 2022 में शिवसेना दो भागों में विभाजित हो गई, जिसमें अरविंद ने शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट को चुना। साल 2014 में भी इस सीट से अरविंद सावंत जीते थे। उन्होंने कांग्रेस के मिलिंद देवड़ा को हराया था। अरविंद सावंत को 3,74,609 वोट मिले थे, वहीं देवड़ा ने 2,46,045 वोट पाए थे। इससे पहले साल 2009 और 2004 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा जीते थे। मिलिंद देवड़ा इस बार भी यहां से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन सीट शेयरिंग में इस लोकसभा क्षेत्र को उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना में जाता देखकर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। इस सीट पर 45% मराठी वोटर्स हैं, लेकिन दोनों मराठी उम्मीदवार भी टक्कर में हैं। ऐसे में गुजराती मतदाताओं के साथ बड़ी संख्या में मौजूद मुस्लिम मतदाता निर्णायक साबित हो सकते हैं।

चुनाव प्रचार अभियान में दोनों तरफ से मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक, कोस्टल रोड और पुनर्विकास परियोजनाओं जैसे बुनियादी ढांचे का श्रेय लेने जैसे मुद्दे हावी हैं। शिंदे गुट की प्रत्याशी यामिनी जाधव जहां अपनी जीत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और राज ठाकरे की पार्टी मनसे के समर्थन पर निर्भर हैं, वहीं अरविंद सामंत को कांग्रेस का साथ मिलने से मुस्लिम मत मिलने की पूरी उम्मीद है। इस लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा सीटें हैं, जिनमें से तीन महा विकास अघाड़ी और तीन महायुति के पास हैं।

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन्॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या का ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं।

संपादकीय

अमेरिका की सोच संकीर्ण

भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर हुए समझौते से अमेरिका की बेचैनी समझी जा सकती है। अमेरिका कभी नहीं चाहता कि दुनिया का कोई भी देश ईरान के साथ किसी तरह का व्यापारिक संबंध रखे। इसलिए भारत ने सोमवार को ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के प्रबंधन के लिए 10 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए तो अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने तक की धमकी दे डाली। अमेरिकी चेतावनी के संदर्भ में बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर कहा कि चाबहार बंदरगाह से पूरे क्षेत्र को लाभ होगा और इसे लेकर संकीर्ण सोच नहीं रखनी चाहिए। गौरतलब है कि भारत ईरान, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे मध्य एशियाई देशों तक अपनी पहुंच आसान बनाने के लिए चाबहार पोर्ट पर एक टर्मिनल विकसित कर रहा है। ईरान के साथ इस समझौते को चीन द्वारा पाकिस्तान में विकसित किए जा रहे ग्वादर बंदरगाह की काट के तौर पर देखा जा रहा है। इस समझौते के माध्यम से भारत और ईरान के बीच क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और अफगानिस्तान, मध्य एशिया, और यूरेशिया के लिए नए रास्ते खुलेंगे। ऐसे समय पर जब भारत हमास के खिलाफ जंग में रणनीतिक रूप से इजराइल का साथ दे रहा है और एक समझौते के तहत फिलिस्तीनियों की जगह इजराइल में भारतीय कामगारों को भेज रहा है, चाबहार समझौता अवसर है कि भारत पश्चिम एशिया में अपने रिश्तों को नए सिरे से संतुलित करे। चाबहार बंदरगाह दक्षिण-पूर्वी ईरान में ओमान की खाड़ी में स्थित है। यह एकमात्र ईरानी बंदरगाह है जिसकी समुद्र तक सीधी पहुंच है।

अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उस पर प्रतिबंध लगा दिए थे। पश्चिम एशिया संकट के दौरान ईरान और इजराइल के बीच बढ़े तनाव के मद्देनजर अमेरिका ने ईरान पर नए सिरे से आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ऐसे में भारत के लिए सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेते हुए ईरान के साथ एक दीर्घकालिक समझौते को अंतिम रूप देना चुनौतीपूर्ण था। अभी भारत को एक ऐसी उभरती हुई शक्ति के रूप में देखा जाता है, जो वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा रखता है। भारत के इस कदम से देश को मध्य एशिया के साथ कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। यानी भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह की देखभाल, विकास और संचालन को लेकर हुआ समझौता न सिर्फ दोनों देशों के आपसी संबंधों के लिहाज से अहम है, बल्कि आने वाले वर्षों में इस पूरे क्षेत्र की भू-राजनीति को भी निर्णायक ढंग से प्रभावित कर सकता है।

राजनीति के मौजूदा मिजाज को प्रतिबिंबित करता मीडिया

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

> अटल बिहारी वाजपेयी के समय उनके कारण और कुछेक अनुभवी सांसदों की मर्यादित बहस के कारण पार्लियामेंट में गरिमा बनी रहती थी। सांसद जैसे होंगे और जैसी इनकी बैकग्राउंड होगी वैसा ही मिजाज पॉलिटिक्स का बनेगा और वैसी ही इसकी छवि संसद और प्रांतीय विधान सभाओं में दिखाई देगी।

राजनीतिक पत्रकारिता का मिजाज पिछले 50 साल में खासतौर से इमरजेंसी खत्म होने के बाद से बदला है। दो साल तक तो यह बढ़िया रहा,लेकिन देश में संघीय सरकार से संबंधित राजनीति का स्तर गिरता गया। साथ ही पार्लियामेंट की रोजमर्रा की कार्रवाई में अधिकांश सांसदों द्वारा की गई बहस की निम्न स्तरीयता के कारण भी स्तर गिरता गया। प्रांतीय पॉलिटिक्स और राजनीतिक शासन का स्तर तो और भी नीचे गिरा। मीडिया ने इसकी बढ़िया आलोचनात्मक कवरेज की और देशवासियों को नियमित तौर से जागरूक और सचेत ही नहीं किया,बल्कि आमजन को राजनीति के प्रति विवेकशील भी बनाया।

अटल बिहारी वाजपेयी के समय उनके कारण और कुछेक अनुभवी सांसदों की मर्यादित बहस के कारण पार्लियामेंट में गरिमा बनी रहती थी। सांसद जैसे होंगे और जैसी इनकी बैकग्राउंड होगी वैसा ही मिजाज पॉलिटिक्स का बनेगा और वैसी ही इसकी छवि संसद और प्रांतीय विधान सभाओं में दिखाई देगी। मीडिया रिपोर्टिंग तो जो हो चुका है उसका प्रतिबिंब मात्र है,लेकिन एक पहलू और है,यह है पॉलिटिकल विचार और राजनेताओं के बयानों और भाषणों की व्याख्या का कंटेंट जेनेरेट करना और इसे समाचार में समाहित करना। समाचार पत्रों में संपादकीय विभाग की यह मॉडर्न पॉलिसी जाहिरा तौर से अमेरिकन मीडिया से सत्तरादी दशक में वाटरगेट कांड से शुरू हुई थी जिसकी क्षीण सी यादें अभी जिंदा हैं।

इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म की शुरुआत भी हम अमेरिकन मीडिया से ही मान सकते हैं जब अमेरिकन पार्लियामेंट ने फ्रीडम ऑफ द इनफार्मेशन एक्ट,1967 पास किया था। वार कोरेस्पोंडेट्स और चुनाव कॉरेस्पोंडेंन्ट्स के रिपोर्टिंग स्टाइल में कोई खास फर्क मुझे इसलिए नजर नहीं आता कि दोनों में 'ह्यूमन इंटरेस्ट' अर्थात् मौलिक मानव प्रवृत्ति और रुचिकर जानकारी का तत्व काफी मात्रा में शुमार करने की प्रवृत्ति बढ़ गई है और लोग इस चटपटे मसाले को चाव से पढ़ते हैं। यह 1880 और 1980 के जर्नलिज्म से काफी भिन्न है, खास तौर से पॉलिटिशियंस आधुनिक जर्नलिज्म के तीखे तेवर

> ऐसे में जर्नलिज्म ऐसा ही होगा जैसा यह रूस और चीन में है। लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ सिसकता हुआ तब दम तोड़ देता है, लेकिन कहते हैं वित्त के बिना अर्थात् लक्ष्मी के बिना सरस्वती अराधना भी असंभव है, कुछ ऐसा ही जर्नलिज्म के साथ भी है।

और इन्वेस्टिगेटिव तत्व से हल्का-सा आतंकित भी रहते हैं। ऐसे में चुनाव के दौरान पॉलिटिकल रिपोर्टर्स के स्टाइल ऑफ रिपोर्टिंग का महत्व बढ़ जाता है। मीडिया एनालिस्ट्स इसकी खूब पहचान रखते हैं। मीडिया और पॉलिटिकल दिग्गज़ों में 'दूर की दोस्ती' किसी और मतलब से होती है अर्थात् कुछेक बड़े पत्रकार एथिक्स नहीं छोड़ते और न्यूज कंटेंट में किसी तरह की ढील भी नहीं बरतते और न ही इसे एक मुलम्मा चढ़ाकर पेश करते हैं। ऐसा इसलिए कि ये जिस मीडिया हाउस से संबंध रखते हैं,उसकी समृद्ध साख या 'रेपुटेशन' होती है और वह इन पत्रकारों की कार्यशैली और पृष्ठभूमि से बनती है।

हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के जिन अखबारों ने पिछले दो दशक में देश में अपनी प्रसार संख्या बढ़ाई है,इन्होंनें ट्रेडिशनल जर्नलिज्म को हल्का और समझौता-परक ही किया है। बेशक इनमें से किसी के 60 संस्करण आज छपते हैं और इनकी वित्तीय स्थिति मजबूत होने से पॉलिटिकल गवर्नेंस में इनकी साख भी बड़ी हो गई है। खेद है कि मीडिया स्टडीज करने वाले विश्वविद्यालयों के सीनियर प्रोफेसर्स और मीडिया अध्ययन संस्थानों द्वारा जर्नलिज्म में इस बदलाव पर कम ही रिसर्च होती है और ऐसे पेपर्स देखने-पढ़ने को अब अधिक संख्या में और नियमित तौर से नहीं मिलते हैं जैसे दो दशक पहले मिला करते। 'विदुर' पत्रिका बंद हो गई,लेकिन 'सेंटर फॉर स्टडीज इन डेवलपिंग सोसाइटीज' की 'प्रतिमान' और 'स्टडीज इन इंडियन पॉलिटिक्स' पत्रिकाओं ने इस परंपरा को चालू रखा है। असल में मीडिया इंडस्ट्री के लिए वित्त का 'फाउंटेन हेड' क्रिटिकल पॉलिटिकल जर्नलिज्म है जिसके प्रति मालिक और स्पेशल कॉरेस्पोंडेंन्ट्स अत्यंत सचेत रहते हैं। यह अलग बात है कि कुछेक बार ये दोनों,अर्थात् अखबार का मालिक और इनका एग्जीक्यूटिव एडिटर,पॉलिटिकल गवर्नेंस की धारा को भी बदल देने की हिम्मत रखते हैं। अरुण शौरी ने महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री अब्दुल रहमान अंतुले की नाजायज तरीके से धन उगाहने की प्रवृत्ति पर 'इंदिरा गांधी एज कॉमर्स' नाम से एक लेखमाला इंडियन एक्सप्रेस में दी थी। इसे तीन किस्तों में तीन दिन तक छापा गया था। अरुण शौरी ने इसके लिए बहुत समय लगाकर और अपने स्रोतों से अकाट्य साक्ष्य जुटाकर अखबार के मालिक रामनाथ गोयनका से सहमति लेकर इसे प्रकाशित किया था। इंदिरा गांधी इस लेखमाला को लेकर अंतुले पर बहुत कुपित हुई थी और तुरंत प्रभाव से अंतुले का इस्तीफा मांग लिया था। ऐसा जर्नलिज्म अब कहां?

प्रिंट मीडिया में एक माध्यम,जैसे कि एक समाचार पत्र,की साख प्रसार संख्या या प्रिंट आर्डर से नहीं बनती और न ही इस अवधारणा से कि विज्ञापन से मिलने वाला रिवेन्यु इसे बहुत अच्छी वित्तीय स्थिति प्रदान करता है,बल्कि इससे कि अमुक अखबार 'कैसा' जर्नलिज्म करता है। अमूमन, क्रिटिकल और तीखे तेवर वाले अखबार अधिक पसंद किए जाते हैं। कुछ नए अखबारों की सर्कुलेशन फिगर्स तो ऑडिट ब्यूरो ऑफ़ सर्कुलेशन (एबीसी) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध नहीं हैं। अर्थात् एबीसी द्वारा मान्य एक न्यूनतम क्राइटेरिया या औकात तक अभी ये नहीं पहुंचे हैं।

साख बनाने के लिए अखबार के लोगों को एक दूरगामी नीति पर काम करना होता है और ऐसे मिजाज के लोग प्रेस,एडिटोरियल और सर्कुलेशन के अलावा विज्ञापन विभागों में रखने होते हैं जिनका मिजाज तथ्यपरकता पूर्ण हो और समाज एवं देश हित को सर्वोपरि मानते हुए काम करने को ये लोग सदा उद्धत रहते हों। इस लाइन को जो फॉलो करते हैं वे टिके रहते हैं और अखबार की साख को बनाकर रखते हैं या बढ़ाते हैं। एक प्रतिष्ठित या/और उभरते हुए अखबार के मालिक या इसके एडिटर्स सरकार से या नेताओं से जानबूझकर नहीं उलझते। पब्लिक इंटरेस्ट में वास्तव में ही कुछ उघाड़ने से पहले और इसकी कवरेज को अकाट्य बनाने के लिए तथ्यों की ठीक से जांच करते हैं अर्थात् बारम्बार क्रॉस-चेक करते हैं। संबंधित लोगों से संपर्क करके सही बात जानने का प्रयास करते हैं और तभी कोई ब्रेकिंग स्टोरी प्रकाशित करते हैं। सरकार के सतर्कता विभाग को भी यह अनेक बार मालूम नहीं होता कि कहां, क्या हो रहा है या हो चुका है। हिंदी के अखबारों में एक आम कमी है कि ये अपनी ही न्यूज का और अगर कहीं से 'लीड' मिली है तो भी इसका फॉलोअप नहीं करते और अपनी स्थिति को मजबूत करने से लगातार चूकते हैं।

देश में ऐसे उदाहरण हैं कि बिजनेस पर्सन्स ने अपनी एंपायर को सुरक्षित बनाए रखने के लिए घाटा खाकर भी अखबार चलाए हैं। श्रम का उचित मूल्य दिया जाना और एथिक्स को मानना मीडिया में दो बड़ी बातें होती हैं। अगर ये दोनों नहीं हैं, अर्थात् दोनों तत्व ही 'कॉम्प्रोमिज्ड' हैं,तो राजनैतिक शासन या कहें तो पॉलिटिकल गवर्नेंस,के साथ यह हाथ मिलाकर चलने वाली बात होती है। ऐसे में जर्नलिज्म ऐसा ही होगा जैसा यह रूस और चीन में है। लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ सिसकता हुआ तब दम तोड़ देता है, लेकिन कहते हैं वित्त के बिना अर्थात् लक्ष्मी के बिना सरस्वती अराधना भी असंभव है, कुछ ऐसा ही जर्नलिज्म के साथ भी है। गोयनका जी का बहु-संस्करणी 'इंडियन एक्सप्रेस', कलकत्ता और दिल्ली से अंग्रेजी और हिंदी में प्रकाशित 'द स्टेट्समैन' एवं दोबारा से प्रकाशन जगत में आए 'द पायनियर' के अलावा 'द हिन्दू' और 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' और 'द हिंदुस्तान टाइम्स' द्वारा साख बनाए जाने के इतिहास से भी पत्रकारिता करने वाले बहुत से लोग परिचित नहीं हैं। गणेश शंकर विद्यार्थी और बाबू बालमुकुंद गुप्त और इंदौर से शुरू नई दुनिया और जनसत्ता के प्रभाष जोशी एवं नवभारत टाइम्स के राजेंद्र माथुर जैसी पत्रकारिता अब नहीं रही। वक्त ने इनका ही नहीं,बल्कि पॉलिटिकल रिपोर्टिंग का मिजाज भी बदल दिया है। वक्त की नजाकत को देखते हुए इन्होंने खुद को ही बदल लिया,ऐसा कहना अधिक उपयुक्त है।

प्रसंगवश

मोदी को छत्र: कैसे हैं नक्षत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 मई को पूर्वाह्न 11.58 पर अभिजित मुहूर्त में वाराणसी में अपना नामांकन दाखिल कर दिया। मोदी का जन्म 17 सितंबर, 1950 को बड़नगर में हुआ। तत्समय वृश्चिक लग्न थी। सूर्य, बुध और केतु कन्या पर थे,चंद्रमा व मंगल लग्न यानी वृश्चिक पर,गुरु कुंभ में,शनि व शुक्र सिंह पर तथा राहु मीन पर अवस्थित थे।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस तरह मंगल केंद्र में स्वगृही, चंद्रमा नीच के होकर बली मंगल से युत होने के कारण नीच भंग स्थिति में। राज्येश सूर्य लाभ स्थान में उच्च के बुध के साथ बैठे थे। राज्य भाव में शनि, शुक्र और चौथे में गुरु। गुरु व शनि, शुक्र परस्पर दृष्टि संबंध रख रहे हैं। मोदी की 22 अप्रैल-2024 से मंगल की महादशा में शनि की अंतर्दशा चलना प्रारंभ हो गई है जिनका संप्रति घटने वाली घटनाओं पर विशेष प्रभाव पड़ेगा। गोचर में भ्रमण करते हुए 4 जून को (परिणाम वाले दिन) ग्रह स्थिति यह होगीः सूर्य, बुध, गुरु और शुक्र वृष पर,चंद्रमा व मंगल मेष पर,शनि कुंभ में तथा राहु व केतु क्रमशः मीन व कन्या पर। ऐसे में लग्नेश तथा महादशानाथ मंगल तथा भाग्येश चन्द्रदेव शनि द्वारा दृष्ट होंगे। शनि की दृष्टि ग्रह के प्रभाव की घटोतरी करती है और भाव की हानि करती है। भाव तो वह शत्रु का है,जिसे डाउन करने का मतलब शत्रु पराजय से है,किंतु लग्नेश और भाग्येश जैसे महत्वपूर्ण ग्रहों को भी शनि तत्समय हीन प्रभाव बनाएंगे। विशेष बात यह है कि अंतर्दशानाथ महादशानाथ को कमजोर करेंगे। मतलब मोदी के ठीक नीचे वाले पहली कतार के लोग उनके प्रभाव को कम करने का प्रयास करेंगे। राजयोग बनने में सूर्य की स्थिति जरूर देखी जाएगी,जो इनकी कुंडली में राज्य भाव के स्वामी भी हैं। सूर्य वृष पर हैं और उस समय भी होंगे,जो उनके शत्रु शुक्र का घर है। शत्रु के घर में ग्रह कमजोर होता है। इसके अलावा सूर्य सातवें भाव में शुभ नहीं होते हैं। शनि राज्य भाव को भी देखकर कमतर कर रहे हैं तथा उनके चौथे भाव में विराजमान होने का फल है 'शत्रु वृद्धि,विरोधी प्रबल'। यद्यपि जन्मी उच्च के बुध और केन्द्रस्थ गुरु लग्न को देखकर स्थिति बलवती करने का प्रयास करेंगे। स्थिति में ह्रास सम्भाव्य है। धर्म से ग्रह गति में कुछ परिवर्तन हो जाता है।

इंटरनेट के उपयोग और कल्याण के बीच संबंध



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

> ऑनलाइन गतिविधियां लोगों को नई चीजें सीखने और दोस्त बनाने में मदद कर सकती हैं और यह लाभकारी बदलावों में योगदान दे सकती है।

विगत शती के 1990 में शुरू हुए वर्ल्ड वाइड वेब को इंटरनेट का नामकरण मिला। तभी से यह विवाद चल रहा है कि यह मनुष्य के लिए यह जरूरी है या हानिकर है। अभी हाल में ही वैश्विक स्तर पर संपन्न 24 लाख लोगों पर किए गए एक 16 वर्षीय अध्ययन में पाया गया है कि इंटरनेट का उपयोग जीवन में संतुष्टि और उद्देश्य की भावना जैसे कल्याणकारी उपायों को प्लेटफार्म देता है। यह इस आम धारणा को चुनौती देने वाला अध्ययन है कि इंटरनेट का उपयोग मानव कल्याण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

जर्मनी में वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय के मनोवैज्ञानिक मार्कस एप्पल की मानें तो डिजिटल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक डालने का एक महत्वपूर्ण उपाय है। इंटरनेट विरोधियों के इस दावे कि सोशल मीडिया,इंटरनेट और मोबाइल फोन का उपयोग वास्तव में हमारे समाज के लिए नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करता है,सही नहीं है और हमें इस नए अध्ययन को गंभीरता से देखने को आमंत्रित करता है। इंटरनेट के हानिकारक प्रभावों की चिंता आमतौर पर सोशल मीडिया के उपयोग से जुड़े व्यवहारों से संबंधित होती हैं, जैसे साइबरबुलिंग, सोशल मीडिया की लत आदि, लेकिन एप्पल का मानना है कि अब तक के कई सर्वश्रेष्ठ अध्ययनों ने इंटरनेट के उपयोग के कुछ छोटे नकारात्मक प्रभाव ही देखे गए हैं। कोई बड़ा हानिकारक प्रभाव इससे नहीं है। ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक शोधकर्ता एंड्रयू प्रिजिबिल्स्की ने 9 मई को एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भले ही इंटरनेट वैश्विक हो चला है,लेकिन अभी भी मानव समाज पर इसे लेकर गंभीर अध्ययन का अभाव है। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत से अधिक डेटा उन्हें मात्र मुट्ठी भर अंग्रेजी बोलने वाले देशों से आते हैं।

प्रिजबिल्स्की और उनके सहयोगियों ने वाशिंगटन डीसी स्थित एनालिटिक्स कंपनी गैलप द्वारा आयोजित गैलप वर्ल्ड पोल से इंटरनेट एक्सेस के आठ उपायों से संबंधित डेटा का विश्लेषण किया है। डेटा को 2006 से 2021 तक 168 देशों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के 1,000 लोगों से फोन या व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से सालाना एकत्र किया गया था। शोधकर्ताओं ने उन कारकों को नियंत्रित किया,जो इंटरनेट के उपयोग और कल्याण को प्रभावित कर सकते हैं जिसमें आय स्तर,रोजगार की स्थिति,शिक्षा का स्तर और स्वास्थ्य समस्याएं शामिल हैं। टीम ने पाया कि औसतन जिन लोगों के पास इंटरनेट तक पहुंच थी,उन्होंने जीवन की संतुष्टि, सकारात्मक अनुभवों और अपने सामाजिक जीवन से संतुष्टि के उपायों को अपनाने पर आठ प्रतिशत अधिक स्कोर किया,उन लोगों की तुलना में जिनके पास वेब तक पहुंच नहीं थी। ऑनलाइन गतिविधियां लोगों को नई चीजें सीखने और दोस्त बनाने में मदद कर सकती हैं और यह लाभकारी बदलावों में योगदान दे सकती है।

हालांकि 15-24 वर्ष की आयु की महिलाएं, जिन्होंने अध्ययन के पिछले सप्ताह इंटरनेट का उपयोग करने की सूचना दी थी। औसतन वे जिस स्थान पर रहती हैं,उससे उन लोगों की तुलना में कम खुश थीं,जिन्होंने वेब का उपयोग नहीं किया था। ऐसा इसलिए हो सकता है,क्योंकि जो लोग अपने समुदाय में स्वागत सम्मान महसूस नहीं करते हैं। प्रिजिबिल्स्की ने कहा वे अधिक समय ऑनलाइन बिताते हैं, उन्होंने कहा कि यह निर्धारित करने के लिए आगे के अध्ययनों की आवश्यकता है कि इंटरनेट के उपयोग और कल्याण के बीच संबंध का कोई ठोस कारण है या केवल एक जुड़ाव भर है। यह अध्ययन ऐसे समय में आया है जब इंटरनेट और सोशल मीडिया के उपयोग के नियमन को लेकर खासकर युवाओं के बीच चर्चा हो रही है। वैसे टोबियास डिएनलिन,जो वियना विश्वविद्यालय में सामाजिक मीडिया कल्याण को कैसे प्रभावित करता है,इसका अध्ययन करते हैं।

वे कहते हैं,"संदर्भित अध्ययन हाल की बहस में योगदान नहीं दे सकता है कि सामाजिक मीडिया का उपयोग हानिकारक है या नहीं या स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए या नहीं,"जैसे सवालों के लिए यह अध्ययन जवाब देने के लिए डिजाइन नहीं किया गया था।

सोशल फोरम

पेंदा नहीं है

कबाड़ी ठेले पर कबाड़ लादे जा रहा था। ऊपर प्लास्टिक की कुर्सियां और प्लास्टिक की बिन्स। गन्ने की दुकान वाले ने शायद कूड़ेदान के लिए प्लास्टिक की डलिया के दाम पूछे।

'पेंदा नहीं है उनमें'-कबाड़ी ने ठिलिया को धकियाते हुए बताया। कूड़ेदान भी बिना पेंदे का बेकाम होता है। हम लोग इधर-उधर लुढ़कते-पुढ़कते बेपेंदी के जनप्रतिनिधियों से काम चला रहे हैं। कूड़े से बिजली तो तमाम देश बना लेते हैं। हम कबाड़ हुए प्रतिनिधियों से भी अपना काम चला लेते हैं। गन्ने की दुकान पर रस पीते हुए हमने मोटरसाइकिल पर बगल में रस पीते नौजवान जोड़े को देखा। लड़की शायद गर्मी से बचने के लिए पूरा चेहरा ढके थी। लड़का खुल्ला मुंह। गर्मी भी लिंग भेद करती है।

अनूप शुक्ल
कानपुर

कल्पना करने को एक कल्पना अपन करते हैं। पानी में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन होते हैं। पानी की कमी दूर करने के लिए हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के पाउच मिलने लगेंगे कभी जिसको पानी पीना होगा वह एक पाउच से आक्सीजन और दूसरे से हाइड्रोजन निकालेगा। सुर्ती और चूने की तरह हाइड्रोजन व ऑक्सीजन को रगड़ पानी बनाएगा और फांक लेगा। इसके साथ ही मानो कहीं आक्सीजन की कमी हुई। वहां वह पानी के अणु को पटककर या छीलकर ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अलग-अलग कर लेगा। बात यहीं तक नहीं है भाई। निकली है तो दूर तलक जाना बात की नियति है। जब ऑक्सीजन उपयोग होने के बाद बाहर निकलेगी तो कार्बन डाई आक्साइड में बदल चुकी होगी। उससे भी पटककर या छीलकर आक्सीजन निकाल ली जाएगी,जो कार्बन बचेगा उसको दबाकर कोयला बनाया जाएगा। उर्जा समस्या हल होगी। आप को मेरी बातें अगर लंतरानी लगें तो कोई ताज्जुब नहीं है। अपने लोकतंत्र और संविधान में लंतरानी हांकने में कोई रोक भी तो नहीं है। दुनिया के तमाम अविष्कार सही सिद्ध होने के पहले लंतरानी ही माने गए हैं। अब यह अलग बात है ज्यादातर लंतरानी बिना पेंदे की होती हैं और उनकी हैसियत मात्र कबाड़ की होती है।

-फेसबुक वॉल से

प्रोत्साहन ज्यादा, सख्ती कम



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> हम बाहरी तौर पर कुछ भी कह दें,लेकिन अपने बच्चे के सुरक्षित भविष्य को लेकर चिंतित जरूर रहते हैं,उसके अच्छे अंक आते हैं,वह अच्छे पद पर कार्यरत होता है तो स्वाभाविक तौर पर हमें अच्छा लगता है,यह सच्चाई है।

बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आ चुके हैं। बहुत सारे लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अखबारों में,टीवी में अपने विचार रखे हैं कि बच्चों को अधिक नंबर लाने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए और माता-पिता को अपने बच्चों के नंबर सोशल मीडिया में शेयर नहीं करने चाहिए। इससे कम अंक लाने वाले बच्चे हतोत्साहित होते हैं और उनमें दुष्प्रभाव पड़ता है। बुद्धिजीवियों के,मनोचिकित्सकों के अपने-अपने सुझाव हैं। बहुत अधिक सीमा तक यह बात सच है। आपसी तुलना या आलोचना तो हम बड़े लोग ही बर्दाश्त करने की क्षमता नहीं रखते हैं,फिर बच्चे तो बच्चे ही हैं।

14-15 साल की उम्र में मानसिक रूप से परिपक्व भी नहीं हो पाते हैं। हर बच्चे की क्षमता अलग है। उसे समझकर ही उसके करियर और भविष्य के बारे में योजना बनानी चाहिए,लेकिन मेरा सोचना है कि स्वस्थ रूप से की गई तुलना और प्रोत्साहन की प्रवृत्ति कभी-कभी गजब का काम भी करती है। ऐसे कई उदाहरण हैं जब इस दुनिया में दूसरों के बड़े और अच्छे कामों को देखकर ही लोगों ने आगे बढ़ने की कोशिश की है और सफल भी हुए हैं। मेरा मानना है कि एक स्वस्थ तुलना कभी-कभी बच्चे के करियर को नई दिशा भी प्रदान करती है,पर इसे लानत के तौर पर इस्तेमाल नहीं करना है। साथ ही बच्चे को भी इस बात का एहसास दिलाना है कि उसे अपनी क्षमता के अनुरूप ही काम करना है। क्षमता एक ऐसी वस्तु है जिसे इच्छा शक्ति के द्वारा कुछ हद तक बढ़ाया जा सकता है। एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि बच्चा किस क्षेत्र में अपना कैरियर बनाएगा,यह कौन तय करे। माता-पिता, शिक्षक या बच्चा खुद? मेरे विचार से बच्चों को खुद अपना भविष्य तय करने की आजादी देनी चाहिए,लेकिन फिर वही बात कि इस उम्र में बच्चे परिपक्व नहीं होते और अपने भविष्य के बारे में निर्णय करने में पूरी तरह से समर्थ नहीं होते।

ऐसे में शिक्षकों और माता-पिता का मार्ग दर्शन और प्रोत्साहन बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। कई बार अभिभावक साल भर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से वास्ता नहीं रखते। यह नहीं देखते कि वह स्कूल में ढंग से पढ़ाई कर रहा है या नहीं और अगर ट्यूशन या कोचिंग के बहाने घर से बाहर जा रहा है तो क्या समय से आ जा रहा है? उसकी संगत कैसी है। मोबाइल पर कितना समय व्यतीत करता है,लेकिन रिजल्ट के समय कम अंक देखकर बच्चे पर बरस पड़ते हैं। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। बच्चे के साथ थोड़ा बहुत सख्ती भी जरूरी है,लेकिन यह अन्याय और मारपीट के रूप में न हो। परिवार का माहौल ही कुछ ऐसा हो कि बच्चे कुछ नियमों से बंधे रहें। शुरुआत में मैंने भी महसूस किया कि पेरेंटिंग एक जटिल विषय है,लेकिन धीरे-धीरे जब माता-पिता की भूमिका निभाते हुए जीवन में परिपक्वता आई तो महसूस किया कि अगर बच्चों के मन को थोड़ा समझ लिया जाए तो कोई मुश्किल नहीं है। बिटिया ने बिना किसी ट्यूशन के सेल्फ स्टडी और अपने पिता की मदद से पीसीएम विषय के साथ अच्छे अंकों से 12 वीं पास की और अपने स्कूल में अपनी ब्रांच की सेकंड टॉपर रही,लेकिन उसने मंतव्य बता दिया कि मैं आगे साइंस न पढ़कर ह्यूमैनिटीज पढ़ूगी और इंजीनियरिंग के कोई एग्जाम भी नहीं दूंगी।

हमने उसके इस निर्णय का स्वागत किया और उसने दिल्ली विश्वविद्यालय के अच्छे कॉलेज से पढ़कर केंद्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से नौकरी पाकर समाज में अपना स्थान बनाया। चार साल बाद बेटे ने पीसीएम विषय के साथ ही अच्छे अंकों से 12 वीं पास की। 11 वीं से ही उसका रुझान जेईई की तरफ था,जिसे हमने पहचाना और उसे प्रोत्साहित किया। उसने भी बिना किसी कोचिंग या ट्यूशन के सिर्फ स्वाध्याय के बल पर जेईई एडवांस्ड परीक्षा पास करके आईआईटी में दाखिला प्राप्त किया। कभी-कभी कुछ सवाल लेकर अपने शिक्षक के पास चला जाया करता था,लेकिन इन सात-आठ वर्षों के दौरान माता-पिता के तौर पर हमें भी कुछ त्याग करने पड़े थे। मेरे पति जो खुद अपने विद्यार्थी जीवन में एक अच्छे छात्र रहे हैं और एक सफल इंजीनियर और प्रशासनिक अधिकारी हैं। बेटे को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने वर्षों बाद फिर से रजिस्टर और पेन थामा। कुछ टेस्ट सीरीज बेटे को लाकर दीं। जिसे ऑफिस से आने के बाद वे खुद भी हल करते थे। पिता-पुत्र में एक स्वस्थ प्रतियोगिता चलती थी। कभी-कभी रात सोने में भी काफी देर हो जाती थी और मैंने दो वर्षों तक यह महसूस किया कि मेरे घर में बोर्ड की परीक्षा देने वाला एक नहीं,बल्कि दो बच्चे हैं। इस दौरान थोड़ा घूमना-फिरना कम हुआ। टीवी और सोशल मीडिया का इस्तेमाल तो घर में हमेशा से ही बहुत कम रहा।

दरअसल कई बार माता-पिता बच्चों को अपनी धरोहर समझ बैठते हैं जिससे वे एक स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में विकसित नहीं हो पाते। बच्चे को कोचिंग के लिए कोटा या घर से बाहर भेजने का माता-पिता का एकल निर्णय कई बार घातक साबित होता है। उसकी मर्जी को जानना जरूरी है और अगर वह वहां जाकर सामंजस्य नहीं बना पाता है तो इस बारे में जानकारी रखना और उसे वापस लेकर आना भी माता-पिता का कर्तव्य है। हम बाहरी तौर पर कुछ भी कह दें,लेकिन अपने बच्चे के सुरक्षित भविष्य को लेकर चिंतित जरूर रहते हैं,उसके अच्छे अंक आते हैं,वह अच्छे पद पर कार्यरत होता है तो स्वाभाविक तौर पर हमें अच्छा लगता है,यह सच्चाई है। भले ही सामाजिक तौर पर हमारी स्वीकारोक्ति न हो।

लघु कथाकार एलिस का चला जाना

साहित्य के प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार की विजेता एलिस मुनरो का कल कनाडाई नगर ओंटारियो में निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थीं। मतिभ्रम से पीड़ित थीं। लघुकथा लेखिका के रूप में मशहूर एलिस की समता भारतीय लघुकथाकार मुल्कराज आनंद और आरके नारायण से की जाती है।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

रूसी कथाकार एंटोन चेखोव और एलिस में काफी सादृश्य देखा गया। एलिस की लघुकथाओं के अधिकांश पात्र महिलाएं होती थीं। एक समूची नई पीढ़ी के पाठकों को उनका प्रशंसक माना जाता रहा। इनमें अधिकतर आंचलिक युवजन थे,जो मध्यम वर्ग के रहे। वे उनके बड़े प्रशंसक थे। उनमें सहलेखक वर्ग एलिस के महानतम प्रशंसक हैं। एलिस के समालोचकों ने कहा :'एलिस को पढ़ने से लगता है कि अपने वैसा कभी पहले नहीं पढ़ा था।'उनकी कहानियां सरल गद्य शैली में मानवीय जटिलताओं का पता लगाती हैं। उनके लेखन ने चेखव के समान एक महान लेखक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा स्थापित की। नोबेल पुरस्कार के अलावा, मुनरो को समकालीन लघु कहानी शैली में उनके काम के लिए कई पुरस्कार मिले। उन्हें अपने जीवन भर के काम के लिए 2009 में प्रतिष्ठित मैन बुकर इंटरनेशनल पुरस्कार मिला।

वह फिक्शन के लिए कनाडा के गवर्नर जनरल पुरस्कार की तीन बार विजेता भी रहीं और उन्हें राइटर्स ट्रस्ट ऑफ कनाडा का 1996 मैरियन एंगेल पुरस्कार और रनवे के लिए 2004 रोजर्स राइटर्स ट्रस्ट फिक्शन पुरस्कार मिला, मगर 2013 के आसपास उन्होंने लिखना लगभग बंद कर दिया था। अपना उपनाम एलिस ने 'मल्लिका' रखा था। अर्थात् बेलवाला,सुगंधित पुष्प, कुटज वृक्ष, करुण पेड़ आदि। भारतीय शब्दों से कितना सामीप्य और साम्य।

जीएसटी के सभी मामलों में गिरफ्तारी जरूरी नहीं

नयी दिल्ली, एजेंसी

- सॉलिसिटर जनरल ने कहा अधिकांश गिरफ्तारियां जांच के दौरान की जाती हैं
- उच्चतम न्यायालय ने सुरक्षित रखा फैसला, कहा-जांच पूरी होने तक नहीं की जा सकती गिरफ्तारी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र से कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के सभी मामलों में गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं है और ऐसा तभी किया जा सकता है जब दोष साबित करने के लिए पक्के सबूत और ठोस सामग्री हो।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने सीमा शुल्क अधिनियम और जीएसटी अधिनियम से संबंधित प्रावधानों की संवैधानिक वैधता और व्याख्या को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि गिरफ्तारी की शक्ति गिरफ्तारी की जरूरत से अलग है। पीठ ने सरकार की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा, कानून यह नहीं कहता है कि जांच पूरी करने के लिए आपको गिरफ्तार करने की जरूरत है। यह कुछ विश्वसनीय साक्ष्य और ठोस सामग्री पर आधारित होनी चाहिए। पीठ ने कहा कि कानून ने खुद ही स्वतंत्रता को ऊंचे मुकाम पर रखा है और इसे कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। इस पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि अधिकांश गिरफ्तारियां जांच के दौरान की जाती हैं क्योंकि किसी मामले में जांच पूरी होने के बाद कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, गिरफ्तारी केवल संदेह पर आधारित नहीं है, यह उस समय की जाती है जब यह मानने के कई कारण हों कि यह किसी गंभीर अपराध के घटित होने का संकेत दे रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वास करने का कारण अपराध किए जाने की सख्त व्याख्या पर आधारित नहीं हो सकता है। इस पर पीठ ने कहा, इस संबंध में निर्णय गिरफ्तारी से पहले होना चाहिए। इसके साथ ही कहा कि वह सीमा शुल्क अधिनियम और जीएसटी अधिनियम के तहत 'विश्वास करने के कारण' और 'गिरफ्तारी के आधार' के सवाल की जांच करेगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि जहां जीएसटी अधिकारियों की मनमानी के कई मामले सामने आए हैं, वहीं करदाताओं की ओर से गलत काम करने के भी मामले हैं। पीठ ने कहा कि वह अपना फैसला देते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखेगी। याचिकाकर्ताओं ने सीमा शुल्क अधिनियम और जीएसटी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देते हुए कहा है कि दोनों कानूनों के तहत गिरफ्तारी प्रावधानों का घोर दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने धमकाए जाने और उचित प्रक्रिया का पालन किए बगैर भुगतान के लिए मजबूर किए जाने का आरोप भी लगाया है। जीएसटी अधिनियम की धारा 69 गिरफ्तारी की शक्तियों से संबंधित है, जबकि सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 104 एक अधिकारी को किसी को गिरफ्तार करने की अनुमति देती है यदि उसके पास यह विश्वास करने का कारण है कि उस व्यक्ति ने अपराध किया है।

लखनऊ में ऑनलाइन गैंबलिंग के कई गिरोह सक्रिय

लखनऊ। राजधानी में ऑनलाइन गैंबलिंग करने वाले कई गिरोह सक्रिय हैं। यह खुलासा एसटीएफ द्वारा मो. दानिश की गिरफ्तारी के बाद हुआ है। एसटीएफ ने मंगलवार को ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सरगना मो. दानिश को इंदिरानगर से गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ साइबर फ्राड का एक मामला बंगलूरू में भी दर्ज पाया गया है। मो. दानिश ने एसटीएफ को बताया कि खरीदी गई टेलीग्राम आईडी से वह टेलीग्राम चैनल ग्रुप बनाकर उनमें फर्जी वेबसाइट व लिंक बनाकर लोगों को ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए व ऑनलाइन लूडो किंग एप पर बेटिंग करने के लिए आमंत्रित करता था। इसके बाद उनका पूरा पैसा ट्रांसफर करा लिया जाता है। अफसरों के मुताबिक, जल्द ही और गिरफ्तारियां की जाएंगी।

मोदी के निर्देश पर काम कर रहा निर्वाचन आयोग : ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी

- आयोग को बताया कठपुतली, दो महीने की अवधि में चुनाव तय करने के लिए की आलोचना

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशों के तहत काम करने वाली कठपुतली करार दिया। हुगली जिले के चिनसुराह में एक चुनावी रैली में बनर्जी ने दो महीने की अवधि में चुनाव निर्धारित करने के लिए निर्वाचन आयोग की आलोचना की और आरोप लगाया कि अत्यधिक गर्मी के कारण आम लोगों को होने वाली कठिनाइयों की अनदेखी करते हुए भाजपा के पक्ष में यह फैसला लिया।

बनर्जी ने कहा, निर्वाचन आयोग एक कठपुतली है और मोदी के निर्देशों के अनुसार काम करता है। ढाई महीने से मतदान हो रहा है, क्या आपको (निर्वाचन अधिकारियों को) कभी आम लोगों की परेशानियों का एहसास हुआ है। हुगली से पार्टी की उम्मीदवार अभिनेत्री रचना बनर्जी के साथ मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी पर चुनाव के दौरान 70 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को दायरे में लाने के लिए आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करने की योजना की कथित रूप से घोषणा करके आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, अब जब चुनाव चल रहा है तो आप ऐसा क्यों कह रहे हैं? आपको इसकी घोषणा पहले करनी चाहिए थी। बनर्जी ने लोकसभा चुनाव में 400 सीट हासिल करने के भाजपा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, भाजपा 400 सीट जीतने का दावा कर रही है, लेकिन लोग कह रहे हैं कि इस बार ऐसा नहीं होगा। हम केंद्र में सरकार बनाने के लिए इंडिया गठबंधन को बाहर से समर्थन देंगे। बनर्जी ने बंगाल में सीएए, एनआरसी और यूसीसी के कार्यान्वयन के खिलाफ अपनी पार्टी के अडिग रुख की घोषणा की।

एक नजर

फर्जी कस्टमर केयर नंबरों पर कार्रवाई करे गूगल

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के दुर्ग क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने गूगल के नोडल अधिकारी को पत्र लिखकर गूगल सर्च में प्रदर्शित फर्जी कस्टमर केयर नंबरों के कारण हो रही धोखाधड़ी गतिविधियों को रोकने और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा है। गर्ग ने कहा है कि विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध करने वाले साइबर ठग गूगल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर प्रमुख बैंकों, बीमा कंपनियों, होटलों, वॉलेट्स, यूपीआई, गैस एजेंसियों, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के कस्टमर केयर नंबरों को अपडेट करने के नाम से लोगों को ठगने का कार्य कर रहे हैं।

नौ वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

लातेहार। झारखंड के लातेहार जिले में 25-26 वर्षीय शिक्षक वह लड़की को उसके घर जाकर ट्यूशन पढ़ाता था। पुलिस उपाधीक्षक हिमांशु चंद्र मांझी ने बताया कि सोमवार को वह नाबालिग छात्रा को पास के जगंल में ले गया और वहां उसके साथ बलात्कार किया। इसके बाद वह छात्रा को अपने घर ले गया। बच्ची के लापता होने पर उसके परिजन और पड़ोसी उसे ढूंढ़ने लगे। आधी रात के आसपास बच्ची आरोपी के घर पर मिली। उन्होंने बताया कि जब बच्ची ने परिजनों को आपबीती बताई तो उन्होंने शिक्षक को पकड़ लिया और मंगलवार को उसे पुलिस को सौंप दिया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के विस्फोट में थाना प्रभारी बचे

बीजापुर। छत्तीसगढ़ में बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना प्रभारी बुधवार को नक्सलियों के विस्फोट में बच गए। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने घटना की पुष्टि की है। थाना प्रभारी सुबह अपने वाहन में बीजापुर जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुए। इसी दौरान सोमनपल्ली और रानीबोदली के बीच गन्नम नाला के पास नक्सलियों ने वाहन में विस्फोट कर दिया। वाहन में थाना प्रभारी के साथ एक आरक्षक भी था। थाना प्रभारी और आरक्षक दोनों ही सुरक्षित हैं।

जम्मू-कश्मीर में सड़क हादसों में पांच की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के सांबा में एक पुल पर गलत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार दो साधुओं बाबा भीम गिरी (55) और सुरेश कुमार (52) की मौत हो गई। दोनों साधु नरवाल बाइपास के रहने वाले थे। पुंछ के सुरनकोट इलाके में सुबह 11.30 बजे एक अन्य दुर्घटना में यात्री वाहन 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। वाहन को चला रहे 26 वर्षीय मोहम्मद नसीर खान की मौत हो गई। रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक की चपेट में आने से 17 वर्षीया सबूरा रफीक की मौत हो गई। रामबन में ट्रक ने दलवास के पास एक खड़े डंपर को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई।

'लिव-इन पार्टनर' की हत्या, एक गिरफ्तार

नोएडा (उप्र)। गौतमबुद्धनगर जिले के थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में 35 साल के शख्स को अपनी 50 वर्षीय 'लिव इन पार्टनर' की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि आरोपी गौतम को शक था कि मृतका विनीता कुछ लोगों से संपर्क में थी। आरोपी ने बताया कि उसने महिला के प्रेम में अपनी पत्नी को छोड़ दिया था। महिला के पति के निधन के बाद से वह तीन साल से साथ रह रहे थे। वह सेक्टर 42 में रहते थे। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि मंगलवार रात गौतम ने विनीता से मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गई। महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

जनता की आंखों में धूल झोंक राजनीति कर रही सपा और कांग्रेस : राजनाथ

रक्षा मंत्री ने मोहनलालगंज लोस सीट से भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में की जनसभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जनता की आंखों में धूल झोंक कर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि ये दल अवाम को यह कहकर गुमराह कर रहे हैं कि भाजपा अगर फिर से सत्ता में आयी तो आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने मोहनलालगंज लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कौशल किशोर के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए सपा और कांग्रेस पर जनता से झूठ बोलने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, झूठी अफवाह फैलाई जा रही है। सपा और कांग्रेस के नेता जनता से झूठ बोल रहे हैं कि भाजपा की सरकार आएगी तो आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। सच्चाई यह है कि आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा। उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के लोगों से कहना चाहता हूं कि जनता जनार्दन होती है। जनता भगवान तुल्य होती है। जनता से झूठ मत बोलो। उन्होंने जनता से कहा, इस बार दलगत भावना से ऊपर उठकर हम लोगों के लिए नहीं, बल्कि देश के लिए कमल के फूल पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय दिलाइए। उन्होंने कहा, आज सपा की साइकिल की चेन अब उतर गई है। कांग्रेस की हालत दिनोंदिन पतली होती जा रही है।

लखनऊ में आयोजित सार्वजनिक बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

70 साल में कोई गरीबी दूर नहीं कर सका

उन्होंने कहा, हर प्रधानमंत्री जब चुनाव के दौरान जन सभाओं को संबोधित करने जाता था तो यही वादे करता था कि हमारी सरकार बना दो, हम गरीबी समाप्त कर देंगे। 70 वर्ष का समय गुजर गया कोई हिंदुस्तान की गरीबी को समाप्त नहीं कर पाया। रक्षा मंत्री ने बाद में अमीनाबाद क्षेत्र में आयोजित एक जनसभा में अल्पसंख्यकों को विश्वास दिलाते हुए कहा, हम आपके दिल में दहशत नहीं बल्कि विश्वास और मोहब्बत भर के समर्थन प्राप्त करना चाहते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य महेन्द्र सिंह और केसी त्यागी मौजूद थे।

जंगल की आग पर काबू पाने में उत्तराखंड उदासीनः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार के प्रति नाराजगी जताते हुए बुधवार को कहा कि यह कहते हुए कष्ट हो रहा है कि जंगल की आग को नियंत्रित करने में राज्य उदासीन है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 17 मई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति एसवीएन. भाटी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की सदस्यता वाली पीठ ने कहा कि हालांकि कई कार्य योजनाएं तैयार की जाती हैं, लेकिन उनके कार्यान्वयन के लिए कोई कदम नहीं उठाया जाता। शीर्ष अदालत ने राज्य के वन विभाग में बड़ी संख्या में रिक्तियों के मुद्दे का भी जिक्र किया और कहा कि इस मामले पर ध्यान देने की जरूरत है। शीर्ष अदालत उत्तराखंड में जंगलों में आग लगने की घटनाओं को लेकर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

अवमाननापूर्ण आरोप नहीं लगा सकता वादी : अदालत

नयी दिल्ली, एजेंसी

- राहुल ने सोनिया के साथ वीडियो जारी कर ताजा कीं पुरानी यादें

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि एक वादी अपने कानूनी विकल्पों का प्रयोग कर सकता है, लेकिन उसे अवमाननापूर्ण आरोप लगाने और अदालत के अधिकार को कमजोर करने की स्वतंत्रता नहीं है। अदालत ने इस महीने की शुरुआत में हाइब्रिड सुनवाई (हाइब्रिड माध्यम में भौतिक पेशी और डिजटल माध्यम दोनों के जरिये सुनवाई से जुड़ने की व्यवस्था होती है) आयोजित करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे डिजिटल मंच के 'चैट बॉक्स' में एक वकील की "स्पष्ट रूप से अवमाननापूर्ण" टिप्पणियों पर आपत्ति जताते हुए यह बात कही। अदालत ने वकील को कारण बताओ नोटिस जारी किया। वकील अदालत द्वारा कथित तौर पर उनके व्यक्तिगत मामले की सुनवाई नहीं करने से व्यथित थे। अदालत ने उनसे यह बताने के लिए कहा कि क्यों न अवमानना के लिए नोटिस जारी किया जाए और उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जाए। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कहा कि वकील से मर्यादा बनाए रखने की उम्मीद की गई थी, लेकिन उन्होंने कोई पश्चाताप व्यक्त नहीं किया है और अपनी टिप्पणियों पर कायम रहे, जो सार्वजनिक धारणा में अदालत के अधिकार को कमजोर करने की कोशिश करती हैं। न्यायाधीश ने कहा कि टिप्पणियां अदालत को बदनाम करने" के इरादे से सार्वजनिक क्षेत्र में रखी गई थीं, "स्पष्ट रूप से अपमानजनक" हैं और न्यायिक कार्यवाही के उचित विमर्श में हस्तक्षेप करती हैं, इसलिए अदालत की अवमानना अधिनियम की धारा 14 के तहत आपराधिक अवमानना के दायरे में आती हैं।

अगर लोग भाजपा को वोट देंगे तो मुझे जेल जाना होगाः केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- केजरीवाल ने गठबंधन इंडिया को वोट देने का आग्रह किया
- चांदनी चौक से कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में किया रोड शो

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि अगर लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट दी तो उन्हें जेल जाना होगा। केजरीवाल ने लोगों से विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के उम्मीदवार को वोट देने का आग्रह किया। 'इंडिया' गठजोड़ के तहत 'आप' और कांग्रेस दिल्ली में लोकसभा चुनाव मिल कर लड़ रही हैं। चांदनी चौक लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जेपी अग्रवाल के पक्ष में मॉडल टाउन इलाके में रोड शो करते हुए केजरीवाल ने यह नारा भी दिया कि जो करे केजरीवाल को प्यार वो करे मोदी को इनकार। केजरीवाल ने कहा, मैं जेल से सीधे आपके बीच आया हूं। कहा मैं सोच रहा था कि मुझे जेल में क्यों डाला गया। मेरा दोष क्या है? ये लोग काफी शक्तिशाली हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका दोष बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना, उनके लिए अच्छे स्कूल बनाना, मोहल्ला क्लिनिक खोलना और लोगों के लिए मुफ्त दवाओं की व्यवस्था करना है।

केजरीवाल की याचिका पर 11 जुलाई को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका को बुधवार को 11 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने आप नेता को ईडी के उत्तर पर प्रत्युत्तर देने के लिए चार और सप्ताह का समय दिया।

महाराष्ट्र में जल-संकट, टैंकरों से हो रही आपूर्ति

भाजीनगर। महाराष्ट्र में मराठवाड़ा के सात जिलों में अपर्याप्त वर्षा और जल संसाधनों के सूख जाने के कारण पानी की बढ़ती कमी से 1691 पानी के टैंकर 1149 प्रभावित गांवों और 441 बस्तियों में पानी उपलब्ध करा रहे हैं। संभागीय आयुक्त कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि 12 मई तक 1691 टैंकर सात जिलों के गांवों में पानी की आपूर्ति करने की सेवा में लगे हुए थे। इनमें 656 टैंकर छत्रपति संभाजीनगर जिले के 405 गांवों और 61 बस्तियों में पानी की आपूर्ति कर रहे हैं, 475 टैंकर जालना के 324 गांवों और 74 बस्तियों में आपूर्ति कर रहे हैं। 382 टैंकर बीड में 308 गांवों और 282 बस्तियों में पानी की आपूर्ति कर रहे हैं, जबकि 129 टैंकर धाराशिव में 37 गांवों में, 21 टैंकर लातूर जिले में 18 गांवों और चार बस्तियों में, 16 टैंकर तीन गांवों और 13 बस्तियों में नांदेड़, परभणी के आठ गांवों और सात बस्तियों में 12 टैंकर पानी की आपूर्ति कर रहे हैं।

कस्टडी में आरोपी की मौत की कोर्ट ने तलब की रिपोर्ट

- सलमान खान के घर पर गोलीबारी मामले में गिरफ्तार आरोपी की मौत को हत्या बताते हुए मां ने दायर की है याचिका

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हुई गोलीबारी से जुड़े मामले में गिरफ्तार एक आरोपी द्वारा पुलिस हिरासत में आत्महत्या करने और उसकी जांच को लेकर बुधवार को स्थिति रिपोर्ट तलब किया।

न्यायमूर्ति संदीप मार्ने और न्यायमूर्ति नीला गोखले की अवकाश पीठ ने पुलिस थाना में लगे सीसीटीवी कैमरे की तस्वीर और संबंधित पुलिस अधिकारियों के कॉल डाटा रिकॉर्ड को भी संरक्षित करने का निर्देश दिया। पीठ आरोपी अनुज थापन की मां रीता देवी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। थापन की एक मई को मुंबई पुलिस की अपराध शाखा की इमारत में स्थित हवालात के शौचालय में मौत हो गई थी। पुलिस ने दावा किया है कि थापन ने आत्महत्या की है जबकि उसकी मां ने तीन मई को उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका में किसी अनहोनी और बेटे की हत्या होने की आशंका जताई। रीता देवी ने बेटे की मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का अनुरोध किया है। याचिका में दावा किया गया कि थापन की पुलिस हिरासत में पिटाई की गई और उसे यातना दी गई। अपर लोक अभियोजक प्रजक्ता शिंदे ने बुधवार को अदालत को बताया कि कानून के तहत हत्या की मजिस्ट्रेट जांच कराई जा रही है।

चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में नैतिकता के साथ काम करें वकील : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- वकीलों और पुलिस के विवाद से उत्पन्न वर्तमान मामले पर की महत्वपूर्ण टिप्पणी

अमृत विचार: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वकीलों और पुलिस अधिकारियों के बीच हुए विवाद से उत्पन्न वर्तमान मामले पर सुनवाई करते हुए वकीलों के प्रति महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि वकीलों की नैतिक दुविधा प्रायः सामाजिक और सार्वजनिक चुनौतियों में बदल जाती है। एक वकील का जीवन बंद कमरे के आरामदायक वातावरण जैसा नहीं होता बल्कि उसे दुनिया की भीड़ में रहते हुए अपनी दार्शनिकता को बनाए रखना पड़ता है। एक वकील के खिलाफ यह आम शिकायत होती है कि वह न्याय की परवाह नहीं करते हैं। वास्तव में वकील न्याय से अधिक अपने मुवक्किलों के हितों की चिंता करते हैं। एक वकील यह नहीं भूल सकता कि उसका पेशा एक अनोखा व्यवसाय है। यह केवल इसलिए नहीं कि उसे समाज में एक कुलीन स्थिति प्राप्त है बल्कि इसलिए कि वकील होने के कारण उसे न्याय प्राप्त करने के माध्यम के रूप में समुदाय का विश्वास प्राप्त है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने नीलम सिंह की याचिका को खारिज करते हुए की। इस निर्णय की एक प्रति उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के अध्यक्ष और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारी को भेजने का निर्देश दिया है, जिससे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी नैतिक आचरण को अपनाकर नैतिकता को बनाए रखने के लिए वकीलों को संवेदनशील बनाया जा सके, साथ ही वकीलों को उस परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए प्रेरित करने का उद्देश्य है, जिसके लिए वकील जाने जाते हैं। दरअसल याची के पति और उनके पड़ोसियों के बीच विवाद हुआ। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने याची के पति के साथ दुर्व्यवहार किया और जबरन उसे कर्नलगंज पुलिस स्टेशन, प्रयागराज ले गई। याची ने पति के मित्रों को पुलिस स्टेशन पहुंचने के लिए कहा। सभी हाईकोर्ट के वकील थे। याची का आरोप है कि पुलिस लॉकअप में उसके पति को बेरहमी से पीटा गया।

तिहाड़ से रिहा हुए न्यूजक्लिक के संस्थापक पुरकायस्थ

- सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश, गत वर्ष दो नवंबर से जेल में बंद थे पुरकायस्थ

नई दिल्ली। समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उन्हें रिहा करने का आदेश दिया जिसके कुछ घंटों बाद उन्हें तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया।

पुरकायस्थ पिछले साल दो नवंबर से जेल में बंद थे। पुरकायस्थ को पिछले साल तीन अक्टूबर को दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया था। पुरकायस्थ के खिलाफ आरोप लगाया गया कि 'न्यूजक्लिक' को चीन के पक्ष में प्रचार के लिए कथित तौर पर धन मिला था। पुरकायस्थ के वकील अर्शदीप सिंह खुराना के मुताबिक, पुरकायस्थ रात नौ बजे रोहिणी कारागार की जेल नंबर 10 से बाहर आए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूएपीए या अन्य अपराधों के आरोप में गिरफ्तार किए गए किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार के बारे में लिखित रूप में सूचित किया जाना मौलिक व वैधानिक अधिकार है। न्यायमूर्ति बीआर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि गिरफ्तारी के ऐसे लिखित आधारों की एक प्रति गिरफ्तार व्यक्ति को बिना किसी अपवाद के जल्द से जल्द दी जानी चाहिए।

बेरोजगारी दर मार्च तिमाही में घटकर 6.7% रही

नयी दिल्ली, एजेंसी

- एक साल पहले मार्च तिमाही में 6.8% थी बेरोजगारी दर
- शहर में महिलाओं की बेरोजगारी दर 8.5% रही
- 2023 में जनवरी-मार्च में बेरोजगारी दर थी 9.2%
- 15 साल से अधिक उम्र के लोगों में बेरोजगारी दर एनएसएसओ ने किया सर्वे

देश के शहरी क्षेत्रों में 15 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों में बेरोजगारी दर जनवरी-मार्च तिमाही में घटकर 6.7 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 6.8 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय ने यह जानकारी दी है।

बेरोजगारी दर को कुल श्रम बल में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है। वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में बेरोजगारी दर 6.8 प्रतिशत थी जबकि पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून के साथ जुलाई-सितंबर 2023 तिमाही में यह 6.6 प्रतिशत थी। अक्टूबर-दिसंबर 2023 में यह 6.5 प्रतिशत थी। निश्चित अवधि पर होने वाले 22वें श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के मुताबिक जनवरी-मार्च 2024 के दौरान शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के मामले में बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत थी। आंकड़ों से यह भी पता चला कि शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर जनवरी-मार्च 2024 में घटकर 8.5 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 9.2 प्रतिशत थी। अप्रैल-जून 2023 में यह 9.1 प्रतिशत, जुलाई-सितंबर 2023 में 8.6 प्रतिशत और अक्टूबर-दिसंबर 2023 में 8.6 प्रतिशत थी। पुरुषों में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर आलोच्य तिमाही में बढ़कर 6.1 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में छह प्रतिशत थी। अप्रैल-जून 2023 में यह 5.9 प्रतिशत, जुलाई-सितंबर 2023 में छह प्रतिशत और अक्टूबर-दिसंबर 2023 में 5.8 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति में श्रम बल भागीदारी दर मार्च तिमाही में बढ़कर 50.2 प्रतिशत हो गई।

एनएसएसओ ने अप्रैल 2017 में शुरू किया था पीएलएफएस

एनएसएसओ के अनुसार अप्रैल-जून 2023 में यह 48.8 प्रतिशत, जुलाई-सितंबर 2023 में 49.3 प्रतिशत और अक्टूबर-दिसंबर 2023 में 49.2 प्रतिशत थी। श्रम बल से तात्पर्य आबादी के उस हिस्से से है, जो वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए श्रम की आपूर्ति करता है या आपूर्ति करने की पेशकश करता है। इस तरह श्रम बल में रोजगार पाने वाले और बेरोजगार दोनों व्यक्ति शामिल होते हैं। एनएसएसओ ने पीएलएफएस अप्रैल 2017 में शुरू किया था। इस सर्वे के आधार पर एक तिमाही रिपोर्ट निकाली जाती है जिसमें बेरोजगारी दर, कामकाजी आबादी अनुपात, श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) का अनुमान रखा जाता है।

फैशन टीवी के एमडी पर 38 लाख की ठगी की रिपोर्ट

- फैशन टीवी स्पा और सैलून की फ्रेंचाइजी का झांसा देकर रुपये ठगने का आरोप

लखनऊ। शालीमार गैलेंट विज्ञानपुरी निवासी कारोबारी मनोज अग्रवाल और उनके साझीदार ने फैशन टीवी के एमडी कासिफ खान समेत चार लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। इन लोगों पर फैशन टीवी स्पा और सैलून की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर 38 लाख रुपये ठगी करने का आरोप है। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर गोमतीनगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महानगर स्थित शालीमार गैलेंट विज्ञानपुरी निवासी मनोज अग्रवाल कारोबारी हैं। उन्होंने बताया कि फैशन टीवी ने अपने ब्रांड के नाम पर सोशल मीडिया पर फ्रेंचाइजी से व्यापार करने और पैसा कमाने का प्रस्ताव दिया। इससे आकर्षित होकर मनोज और उनके साझीदार ने फैशन टीवी के दुष्यंत सिह, प्रियेश जैन व हार्दिक गौर के मोबाइल नंबर कई बार संपर्क किया। इन लोगों ने अपने को कंपनी का वरिष्ठ पदाधिकारी और कासिफ खान का कर्मचारी बताया। तीनों ने कंपनी को एक अंतरराष्ट्रीय ब्रांड बताते हुए लखनऊ में अपना कारोबार बढ़ाने का ऑफर दिया। इसमें रुपये लगाने पर तीन साल में 85 प्रतिशत का लाभ देने का वादा किया।

बुंदेलखंड की तोप गरजती है तो ढीली हो जाती है पाकिस्तानियों की पैंट

मुख्यमंत्री ने उरई, महोबा में जनसभाओं को किया संबोधित

संवाददाता, महोबा\ जालौन

- कहा, पाकिस्तान की तरफदारी करने वाले वहीं क्यों नहीं चले जाते

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को हमीरपुर और जालौन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की बात की तो डिफेंस कॉरिडोर में बनने वाले रक्षा उत्पादों से लोगों को गर्व की अनुभूति कराया। हमीरपुर डाक बंगला मैदान में उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड वीरों की धरती है। बुंदेलखंड की तोप जब सीमा पर गरजती है तो पाकिस्तान की पैंट ढीली हो जाती है।

बोले कि पाकिस्तान की तरफदारी करने वाले लोग हमारे देश पर बोझ क्यों बने हैं, वह पाकिस्तान क्यों नहीं चले जाते। पाकिस्तान में एक-एक किलो आटे के लिए मारपीट हो रही है, लोग भूखों मर रहे हैं। सीएम योगी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ झांसी में रोड शो भी किया।

भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की आबादी उत्तर प्रदेश के बराबर है। वह भारत से कभी भी युद्ध करने की हिम्मत नहीं कर सकता है। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश का तेजी से विकास हुआ है। पूर्व की सरकारों ने बुंदेलखंड के लोगों के साथ खिलवाड़ किया है। यहां भू माफिया, वन माफिया, खनन माफिया का राज रहा है लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद माफिया प्रदेश से भाग गए। हर घर जल योजना के तहत लोगों को पानी मिल रहा है। नहरों के जरिए सिंचाई का पानी खूब मिल रहा है। अब बुंदेलखंड का कोई बुंदेला प्यासा नहीं रहने वाला है। उरई स्थित जीआईसी मैदान में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आतंकवाद, नक्सलवाद का अंत हो गया है। बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार जालौन के कालपी नगर का कागज उद्योग देश में परचम लहरा रहा है। यह चुनाव रामभक्तों व राम विरोधियों के बीच में हो रहा है।

निकटवर्ती विद्यालय का अनुदान आवेदन खारिज करना अनुचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पात्रता प्राप्त संस्थान को समय से सहायता अनुदान न देने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि हर बार सहायता अनुदान को खारिज करने का एक नया आधार यह दर्शाता है कि आवेदन को खारिज करने का पिछला आधार अस्तित्वहीन और मनमाना था। कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थान के आसपास अन्य संस्थाओं के होने के आधार पर संस्थान के अनुदान आवेदन रद्द करने को अनुचित मानते हुए राज्य की विशेष अपील खारिज कर दी और विपक्षी संस्था द्वारा दाखिल प्रथम अनुदान आवेदन से उसे अनुदान देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आगे कहा कि स्कूल के आसपास अन्य स्कूलों के अस्तित्व के आधार पर समय से दाखिल अनुदान आवेदन को अस्वीकार नहीं किया जा सकता है।

सड़क हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत

संवाददाता, मंडी धनौरा (अमरोहा)

- चांदपुर-धनौरा मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर

अमृत विचार : चांदपुर-धनौरा मार्ग पर सत्संग भवन के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में बिजनौर निवासी पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के चांदपुर मार्ग पर गांव चुचैला कलां में सत्संग भवन के पास बुधवार देर शाम चुचैला कलां निवासी आमिर पुत्र फरमान अपने भाई आहद के साथ पास के ही गांव फंदहेड़ी से खाना लेकर लौट रहा था। जैसे ही वह सत्संग भवन के निकट पहुंचा तो सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर चीख पुकार मच गई। इस बीच आसपास के लोग और थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सक ने चुचैला कलां निवासी आमिर (18) पुत्र फरमान व बिजनौर निवासी पिता-पुत्र हामिद (25) पुत्र उमर, उमर पुत्र शब्बीर (65) निवासी रवाना ताजपुर जनपद बिजनौर को मृत घोषित कर दिया। जबकि गांव चुचैला कलां निवासी आहद पुत्र फरमान को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि सड़क हादसे में चुचैला कलां के युवक व बिजनौर निवासी पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हुई। जबकि एक युवक को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

पत्नी की हत्या मामले में दोषी पति को उम्रकैद

पीलीभीत, अमृत विचार : पत्नी की हत्या के आरोपी पति को सुनवाई के बाद दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना ने सजा सुनाई। आरोपी पति कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर पंकज कालोनी का बब्बू उर्फ प्रेमप्रकाश पुत्र स्वर्गीय सुशील को उम्रकैद और 58 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर निवासी राजवती पत्नी स्वर्गीय सुशील ने पूरनपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि वह अपनी बेटी पुष्पा के घर मोहल्ला पंकज कॉलोनी ग्राम नरायनपुर में रहती है। उसकी बेटी व दामाद बंगलौर में रहते है। उसका बेटा बब्बू अपनी पत्नी संगीता व बच्चों के साथ बंगलौर में रहकर किसी कंपनी में काम करता है। 09 जनवरी 2022 को अपनी पत्नी के साथ नरायनपुर आया हुआ था। 10 जनवरी 2022 की रात 12 बजे उसके बेटे बब्बू का अपनी पत्नी संगीता से झगड़ा हो गया। बब्बू ने अपनी पत्नी को मारा पीटा। वादिनी डर की वजह से रात में इधर उधर घूमती रही। अगले दिन 2-3 बजे जब घर वापस आयी तो उसने देखा कि कई जगह खून पड़ा हुआ था। तलाश करने पर संगीता उसे कही नहीं मिली। गोदाम के गड्ढे में उसने संगीता का शव दबा देखा।

किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल कैद

पीलीभीत, अमृत विचार : किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश छांगुरराम ने अभियुक्त दो दोषी पाते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई। उस पर 45 हजार रुपये अर्थदंड भी डाला गया। न्यायालय ने यह भी आदेश किया कि जुर्माना की धनराशि से 75 प्रतिशत की धनराशि बतौर प्रतिपूर्ति पीड़िता को दी जाएगी। थाना बरखेड़ा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह बच्चों समेत उत्तराखण्ड में रहकर मजदूरी करते हैं। उसकी 15 वर्षीय पुत्री गांव में अपनी दादी के साथ रहती थी। 17 जून 2021 की दोपहर एक बजे उसकी पुत्री को थाना अमरिया क्षेत्र का रहने वाला विक्की और जहानाबाद क्षेत्र का दीपक फुसलाकर ले गए। वादी को उसकी मां ने सारी बात बताई। तलाश करने पर वादी की पुत्री नहीं मिली। पुलिस ने विवेचना के बाद योगेश कुमार को मामले का आरोपी पाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद आरोपी योगेश कुमार को किशोरी से दुष्कर्म का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

यतीमखाना के एक मामले में 20 को होगी सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : यतीमखाने के एक मामले में पत्रावली गवाही में लगी हुई थी। इसमें बुधवार को गवाह जसपाल सिंह कोर्ट पहुंचे, लेकिन बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने तारीख बढ़ाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, आले हसन, इस्लाम ठेकेदार, वीरेंद्र गोयल पर एक-एक हजार रुपये जुर्माना लगाया है। अब इस मामले में 20 मई को सुनवाई होगी। सपा सरकार में शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला यतीमखाना बस्ती को खाली कराया गया था। इस दौरान लोगों ने मारपीट, लूटपाट और डकैती के आरोप लगाए थे। भाजपा सरकार आने के बाद वर्ष 2019 में कोतवाली में इसकी रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

साली को लेकर जीजा फरार, बिहार जाकर किया निकाह

सैदनगर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में जीजा नाबालिग साली को लेकर फरार हो गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला गांव इमरता का है। गांव निवासी एक युवक का पड़ोसी गांव की सगी साली के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। तीन दिन पहले आरोपी युवक अपनी पत्नी और दो बच्चों को ससुराल लेकर पहुंचा। इस दौरान आरोपी ने अपने दोस्त को गाड़ी लेकर गांव से बाहर बुला लिया। कुछ देर बाद साली ने तबीयत खराब होने का बहाना किया तो जीजा उसे दवा दिलाने के बहाने घर से ले गया। गांव के बाहर पहले से ही खड़ी कार में बैठकर दोनों फरार हो गए। शाम तक दोनों नहीं लौटे तो घर वालों को चिंता हुई। तीन दिन बाद जीजा साली ने बिहार पहुंच कर घर वालों को निकाह करने जानकारी दी। दोनों गांव के प्रधानों ने जीजा साली को बुलाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं आए। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

नेपालियों से भरी बस ट्रैक्टर से टकराई, 70 घायल

पाली, हरदोई, अमृत विचार : 70 नेपालियों से भरी बस शाहाबाद-पाली रोड पर परेली गांव के पास ट्रैक्टर से टकरा कर खाईं में जा गिरी। हादसा होने वहां चीख-पुकार मच गई। आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। वहां पहुंची पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चला कर बस में फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला। बस लखीमपुर के पलिया से मुम्बई जा रही थी। हादसे में सभी 70 सवारियां ज़ख्मी हुई है, जिनमें से कुछ की हालत काफी नाज़ुक बनी हुई है। जिन्हें एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज भेजा गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात को डबल डेकर बस लखीमपुर के पलिया से तकरीबन 70 नेपाली नागरिकों को लेकर मुम्बई के लिए निकली थी। बस बुधवार की भोर पहर शाहाबाद-पाली रोड से गुज़र रही थी, उसी बीच परेली गांव के पास ट्रैक्टर ने बस में टक्कर मार दी, जिससे बस सड़क के किनारे खाईं में जा गिरी। बस की सवारियों में चीख-पुकार मच गई। आस-पड़ोस के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और पुलिस व एम्बुलेंस-108 को सूचना दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर और बस का ड्राइवर व कंडक्टर वहां से फरार हो गए। उसके बाद पाली थाने में तैनात एसआई वीर बहादुर सिंह अपने साथ दो ट्रेनी एसआई और पुलिस जवानो के साथ वहां पहुंचे, सर्च ऑपरेशन चला कर बस में फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला।

यूपी संशोधन अधिनियम में अग्रिम जमानत पर रोक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत के प्रावधानों को स्पष्ट किया

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत के प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता का संशोधित अधिनियम 2018 आईपीसी की धारा 376 (3) के तहत दर्ज मामले के आरोपी को गिरफ्तारी से पहले जमानत देने पर रोक नहीं लगाता है बल्कि इस अधिनियम ने सीआरपीसी की धारा 438 के तहत मिलने वाली अग्रिम जमानत के प्रावधान को पुनर्जीवित किया है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकलपीठ ने साढ़े 17 वर्षीय कृष्णा को सशर्त अग्रिम जमानत देते हुए की। लड़के पर 16 वर्षीय लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पीड़िता के बयानों और मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार जांच अधिकारी ने घटना को झूठा पाया है। जमानत आवेदन का विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि धारा 376 (3) के तहत अपराध में गिरफ्तार आरोपी को सीआरपीसी की धारा 438 की उपधारा (4) गिरफ्तारी-पूर्व जमानत देने से रोकती है।

1996 की तरह 24 में भी मेरे साथ हुआ षडयंत्रःबृजभूषण

गोंडा, अमृत विचार : भाजपा से टिकट कटने के बाद सांसद बृजभूषण शरण सिंह का दर्द एक बार फिर छलका है। सांसद ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 1996 की तरह एक बार फिर से उनके साथ षड़यंत्र रचा गया। उनका राजनैतिक जीवन खत्म करने की साजिश रची जा रही है लेकिन साजिश रचने वाले सफल नहीं होंगे। कैसरगंज से लगातार तीन बार सांसद रहे बृजभूषण कहा कि वह पिछले डेढ़ साल से संकट का सामना कर रहे हैं लेकिन इसका जवाब आप सबको बेटे करन भूषण को विजयी बनाकर देना है।

एलडीए ने बेचा विवादित भूखंड, 10 लाख हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्य उपभोक्ता आयोग ने खारिज की प्राधिकरण की अपील

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने गोमती नगर विस्तार योजना में किसानों से अधिग्रहित विवादित भूमि पर भूखंड आवंटित कर दिया। यह मामला राज्य उपभोक्ता आयोग में पहुंचा तो कोर्ट ने सेवा में कमी पर एलडीए की अपील खारिज कर दी, 10 लाख रुपये हर्जाना लगा दिया।

29 मार्च 2010 को वन विभाग कालोनी, विभूति खंड निवासी अनिल कुमार ने पत्नी आशा शुक्ला के संयुक्त नाम से गोमती नगर विस्तार में एलडीए द्वारा लकी ड्रा से भूखंड खरीदा था। यह भूमि किसानों से अधिग्रहित कर ली गई थी। जिस पर बाजार भाव को लेकर विवाद था। इसलिए एलडीए की ओर से बुकलेट के अनुसार बिजली, पानी, सीवर सड़क आदि कार्य नहीं कराये गए। भूखंड की स्थिति स्पष्ट न होने के कारण अनिल मकान नहीं बनवा पाए। 10 लाख रुपये ऋण लिया था, जिस पर ब्याज भरने लगे। इसके विरोध में उन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। आयोग ने एलडीए की सेवा में कमी पाया। आयोग ने एक माह में कब्जा देना, छह माह में विकास कार्य कराने के साथ एक लाख रुपये क्षतिपूर्ति व 3500 रुपये वाद व्यय देने का आदेश दिया। इस आदेश से क्षुब्ध होकर एलडीए ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील की। एलडीए ने पक्ष रखा की आवंटी क्षेत्रीय विवाद के कारण निर्माण नहीं करा रहे हैं। न्यायमूर्ति व अध्यक्ष अशोक कुमार ने सुनवाई के बाद कहा कि यदि किसानों से विवाद था तो भूखंड क्यों आवंटित किया गया। रुपये लिए तो कब्जा देने की जिम्मेदारी भी एलडीए की है। इस पर जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश को बरकरार रख अपील खारिज कर दी, एलडीए पर 10 लाख रुपये हर्जाना लगाया। आदेश दिया कि दो माह में धनराशि न देने पर 9 प्रतिशत ब्याज के साथ आवंटी को अदा करें।

जीभ और हाथ काटने के लिये इनाम घोषित करने पर निषाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज

आगरा, एजेंसी : राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ कथित अभद्रता करने वालों का हाथ और जीभ काट कर लाने वालों को 11-11 लाख रुपये का इनाम घोषित करने पर पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह निषाद के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय जाट की शिकायत पर सदर थाने में मंगलवार की देर रात निषाद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि निषाद ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य की ओर कथित रूप से जूता उछालने वाले का हाथ काटने पर 11 लाख रुपये जबकि उनके काफिले को कथित रूप से काले झंडे दिखाकर स्याही फेंकने वाले की जीभ काटने पर 11 लाख रुपये के इनाम का ऐलान किया था। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर निषाद का वीडियो वयरल होने पर अखिल भारत हिंदू महासभा और योगी यूथ बिग्रेड ने प्रदर्शन किया और विरोध जताया।

सीतापुर हत्याकांड का आज होगा खुलासा

सीतापुर, अमृत विचार : पाल्हापुर काण्ड में उलझी गुत्थी अब लखनऊ अफसरों की गले की फांस बनता जा रहा है। खुलासे में लगी स्वाट और एसटीएफ की टीम अजीत के इकबालिया जुर्म के बयान के बाद भी पुलिस अपने कदम पीछे खींच ले रही है। कारण यह भी है कि घटना के दिन तेजी से पुलिस ने बयान जारी कर युवक अनुराग को मनोरोगी और हत्या का मास्टरमाइंड बताकर किरकिरी कराई थी। मालूम हो कि 11 मई की सुबह किसान अनुराग उसकी पत्नी प्रियंका और मां सावित्री सहित तीन बच्चों की निर्मम हत्या से सीतापुर में लोग सहम गये थे। पुलिस सूत्रों की मानें तो पुलिस और एसटीएफ की टीम ने पूछताछ के दायरों को बढ़ाकर अजीत और उसकी पत्नी विभा, चाचा आरपी सिंह, बेटे आशुतोष, अमित, अजीत के ससुर अजय सिंह सहित मेडिकल स्टोर संचालक शशि भूषन सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि एसपी चक्रेश मिश्रा ने स्वयं ही सभी पहलुओं की बारीकी से पड़ताल कर घटना के खुलासे के करीब पहुंच गई है। सूत्रों का दावा है कि गुरुवार को पुलिस घटना के मुख्य अभियुक्त के साथ खुलासा कर सकती है।

अमेठी की जनता से भावनात्मक रिश्ता जोड़ रहीं केएल शर्मा की बेटियां

अमेठी, अमृत विचार : कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा की बेटियां अपने पिता के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए मैदान में हैं। कांग्रेस प्रत्याशी की दोनों बेटियां अमेठी लोकसभा के अलग-अलग विधानसभाओं में जाकर अपने पिता के लिए वोट मांग रही हैं। वोट मांगने के दौरान किशोरी लाल शर्मा की बेटियां भावुक हो रही हैं और जनता भी भावुक हो रही है। कहीं ना कहीं किशोरी लाल की बेटियों द्वारा अमेठी से एक भावनात्मक रिश्ता जोड़ा जा रहा है। गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा अमेठी लोकसभा से चुनाव मैदान में हैं, जबकि भाजपा की तरफ से मौजूदा सांसद स्मृति ईरानी मैदान में हैं। कांग्रेस प्रत्याशी के लिए प्रियंका गांधी समेत कई बड़े नेता जनसभा कर रहे हैं तो किशोरी लाल शर्मा की दोनों बेटियां दिव्या और अंजली शर्मा भी लगातार गांव गांव जाकर प्रचार प्रसार करने में जुटी हुई हैं। कांग्रेस प्रत्याशी की बड़ी बेटी दिव्या शर्मा अमेठी विधानसभा के बड़गांव में चौपाल को संबोधित किया।

पानी की टंकी गिरने से मां-बेटे की मौत

प्रतापगढ़ अमृत विचार : सीमेंट से बनी पानी की टंकी गिरने से मलबे में दबकर बगल में नहा रहे मां और मासूम बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाबा बेलखरनाथ धाम ब्लाक के कंधई थाना क्षेत्र के फेनहा गांव में गौतम ईंट भट्ठे पर बिलासपुर से पूरे परिवार के साथ 29 वर्षीय तारामती पत्नी छविलाल, तीन वर्षीय बेटे मोक्ष के साथ रहकर भराई और पथाई का कार्य करती थी। बुधवार को सुबह करीब आठ बजे मां, बेटे सीमेंट से बनी पानी की टंकी के बगल नहा रहे थे। इसी दौरान पानी का एकाएक भराव अधिक हो गया जिससे टंकी टूट गई। भरभरा कर गिरे मलबे में दबकर मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव के लोगों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की मदद से पीआरवी वैन से राजा प्रताप बहादुर अस्पताल भेजवाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। महिला और मासूम बच्चे की मौत के बाद अस्पताल पहुंचे परिजन दहाड़ मारकर रोते रहे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

उत्तराखंड

आबादी में आया गुलदार पकड़ा

काशीपुर, अमृत विचार : मानपुर समेत कई गांवों में दिख रहे गुलदार को वन विभाग ने पिंजरा लगाकर रेस्क्यू कर लिया। दिन में ही गांव में गुलदार दिखने से लोग दहशत में थे। वन विभाग ने पिंजरे में फंसे गुलदार को जंगल में छोड़ दिया है। मानपुर गांव समेत कौशांबी गांव में कई दिनों से गुलदार का मूवमेंट हो रहा था। इससे लोग घरों के बाहर नहीं निकल पा रहे थे। खासकर स्कूली बच्चों को गुलदार के हमले का खतरा बना हुआ था। तराई पश्चिम वन प्रभाग के एसडीओ संदीप गिरी ने बताया कि गुलदार के मूवमेंट को देखते हुए गांव में मंगलवार शाम को पिंजरा लगाया गया था। बताया कि गुलदार का मूवमेंट होने पर वहां पर लोगों को झाड़ियों के आसपास न जाने की अपील भी की गई थी।

हरिद्वार में महिला से 40 लाख की ठगी करने वाला तांत्रिक दिल्ली से गिरफ्तार

ब्यूरो, हरिद्वार

- एसटीएफ को मिली सफलता, 15 हजार का ईनामी है पकड़ा गया तांत्रिक सुलेमान उर्फ अरशद

अमृत विचार : स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने महिला से 40 लाख रुपये की ठगी करने वाले तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया है। तांत्रिक पर कई अन्य लोगों से भी लाखों की ठगी के आरोप हैं।

एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने प्रेस वार्ता कर बताया कि रुड़की के गंगनहर निवासी एक महिला के देवर की मृत्यु वर्ष 2021, फिर एक वर्ष बाद वर्ष 2022 में उसके पति की मौत हो गई। इस वजह से महिला बहुत परेशान थी। इस बीच टीवी में एक विज्ञापन में तांत्रिक सुलेमान बाबा उर्फ अरशद खान का मोबाइल नंबर मिला। इस पर महिला ने तांत्रिक से बात की तो बाबा ने बताया कि परिवार पर अभी भी मौत का खतरा मंडरा रहा है। बाद में सुलेमान बाबा ने तंत्र-मंत्र से इलाज का झांसा देकर लगभग 40 लाख रुपये हड़प लिए। बाद में महिला ने गंगनहर पुलिस थाने में बाबा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कराई। तब से बाबा फरार चल रहा था। पुलिस ने फरार बाबा पर 15 हजार के ईनाम की घोषणा कर दी थी। इधर, एसटीएफ को सूचना मिली कि सुलेमान बाबा दिल्ली के मधु विहार इलाके में आजाद अपार्टमेंट में रह रहा है। वह यहां फ्लैट खरीद कर रह रहा था। इस पर टीम ने दबिश देकर तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में सुलेमान उर्फ अरशद खान उर्फ भूरा उर्फ इंतजार ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से ठगी कर रहा है। वह लोकल केबिल टीवी में तंत्र-मंत्र से पारिवारिक कलह, घरेलू परेशानी दूर करने का झांसा देकर रकम ऐंठता है। उसके खिलाफ इस तरह के चार मुकदमे दिल्ली के मधु विहार व एक मुकदमा लाजपत नगर थाने में दर्ज हैं। टीम में एसआई विपिन बहुगुणा व आनंद मेहरा, देवेन्द्र, कांस्टेबल रवि पंत, नितिन, प्रमोद शामिल थे।

बगीचे में तीन लोगों पर झपटा गुलदार

रामनगर, अमृत विचार : तराई पश्चिमी वन प्रभाग के रामनगर रेंज के पूछड़ी गांव में बुधवार को बगीचे में काम कर रहे तीन लोगों पर गुलदार ने हमला कर दिया। पूछड़ी गांव में पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह रावत का बगीचा है। जिसकी देखभाल 60 वर्षीय तुलसीराम व 25 वर्षीय शेख अरमान करते हैं। बुधवार की दोपहर 12 बजे अरमान बगीचे में बिजली के तारों को ठीक कर रहा था, तभी गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। अरमान ने खुद को छुड़ाने के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन गुलदार ने उसका कंधा, गले और सीने पर नाखूनों से गहरे जख्म कर दिए। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो गुलदार ने तुलसीराम पर हमला कर दिया। इसी बीच गुलदार ने बगीचे में आये जयवीर पर भी हमला कर दिया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर गुलदार को भगा दिया।

चारधाम यात्राः 26.73 लाख का ऑनलाइन पंजीयन हुआ

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड की प्रसिद्ध चारधाम यात्रा शुरू होते ही पीक पर पहुंच गई है। अब तक 26.73 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधामों के दर्शन के लिए पंजीयन कराया है।

गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बुधवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में हुई प्रेस वार्ता में बताया कि 14 मई तक चारधामों में दर्शन के लिए 26,73, 519 श्रद्धालुओं ने पंजीयन कराया है। इनमें गंगोत्री के लिए 4,21, 366, यमुनोत्री को 4,78,576, बद्रीनाथ धाम को 9,07,060 और केदारनाथ धाम के दर्शन को 8,13,558 और श्री हेमकुंड साहिब के दर्शनों



के लिए 59,312 श्रद्धालुओं ने पंजीयन कराया है। इसके अलावा हरिद्वार एवं ऋषिकेश में ऑफलाइन 1,42,641 पंजीयन भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जब कपाट खुले थे तो कुल 6,838 श्रद्धालु आए थे जबकि इस वर्ष कपाट खुलने वाले दिन 12,193 यात्री पहुंचे। इसी तरह केदारनाथ धाम में पिछले वर्ष कपाट खुलने पर 18,335 तो इस वर्ष लगभग 29 हजार श्रद्धालु मौजूद रहे। पांडेय ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है।

एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी में अज्ञात पर केस

पंतनगरः पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में पंतनगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 2008 सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 66एफ और 1860 आईपीसी की धारा 506 के तहत केस दर्ज किया है। पंतनगर एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुमित सक्सेना ने एसएसपी को दी तहरीर में बताया कि बीते सोमवार की शाम 5.14 बजे विमानपत्तन निदेशक और मुख्य सुरक्षा अधिकारी की मेल आईडी पर हवाई सेवा प्रदाता कंपनी एलायंस एयर एविएशन के पंतनगर स्टेशन प्रबंधक की ओर से पंतनगर हवाई अड्डे पर बॉम्ब थ्रेट से संबंधित मेल प्राप्त हुआ था। सूचना के आधार पर एयरपोर्ट में बीसीए के मानकों के अनुसार बीटीएसी की बैठक बुलाई गई।

काशीपुर में शराब बनाने वाली कंपनी में राज्य कर विभाग ने की छापेमारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: राज्य कर विभाग ने काशीपुर में एक शराब की कंपनी में छापा मारकर करीब 2 हजार पेटी शराब की पकड़ी है। कंपनी ने पिछले करीब छह से सात साल तक टैक्स जमा नहीं किया है। वहीं टीम ने कंपनी से सभी कागजात जमा कर पकड़े गए माल का जांच शुरू कर दी है। इसके बाद टैक्स की राशि तय कर वसूली जाएगी। हालांकि कंपनी ने पांच लाख रुपया मौके पर ही जमा कर दिया है।

बुधवार को राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त राकेश वर्मा के निर्देश पर एसआईबी की टीम ने कंपनी में छापा मारा। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर एसआईबी विनय प्रकाश ओझा ने बताया कि टीम को कंपनी के बारे में पिछले कई समय से वैट का टैक्स जमा नहीं करने की शिकायत मिल रही थी। इसको लेकर टीम ने काशीपुर में बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में छापा मारा और करीब 2 हजार पेटी शराब की पकड़ी। उन्होंने बताया कि कंपनी की ओर से उत्पादन तो किया जा रहा था और माल की सप्लाई देकर टैक्स भी वसूला जा रहा था, लेकिन टैक्स जमा नहीं किया जा रहा था।

बरेली में कट रहीं थी चोरी की मोटर साइकिलें, 3 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- पुलिस ने बरेली से पकड़े अभियुक्त सरगना फरार, दो मोटर साइकिलों में से एक कटी हालत में बरामद

अमृत विचार : शहर से चोरी मोटर साइकिलें बरेली में काटकर बेची जा रही थीं। हाल में राजपुरा पुलिस चौकी क्षेत्र से दो मोटर साइकिलें चोरी हुईं। दोनों को पुलिस ने बरामद कर लिया, जिसमें एक कटी हालत में मिली। पुलिस ने तीन मोटर साइकिल चोरों को भी गिरफ्तार किया है, जबकि सरगना की तलाश की जा रही है।

बुधवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि बीती 12 मई को अरविन्द कुमार पुत्र मदन लाल निवासी राजेन्द्र नगर गली नंबर 1 की मोटर साइकिल और 14 मई को मनोज नाथ पुत्र जगदीश नाथ निवासी राजेन्द्रनगर राजपुरा की मोटर साइकिल घर के बाहर से चोरी हो गई थी। कोतवाल उमेश मलिक के नेतृत्व में टीम ने चोरों की तलाश शुरू की। सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद पुलिस बरेली तक पहुंच गई। 14 मई को पुलिस ने इज्जतनगर बरेली से चोरी की गई मोटर साइकिल सहित तीन शातिरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए शातिरों में 18 वर्षीय अभिषेक ठाकुर निवासी इज्जतनगर बरेली, 21 वर्षीय गौरव निवासी भोजीपुरा पीपल साना चौधरी भोजीपुरा बरेली और 20 वर्षीय ईशान गौतम निवासी टल्लू फार्म गली यमनोत्री इन्क्लेव जोगीवाला देहरादून व हाल पता इज्जतनगर बरेली शामिल हैं। आरोपियों ने बताया कि मोटर साइकिल चोरी करने के बाद वह उन्हें काट कर औने-पौने दामों में बेच देते थे। गिरोह का सरगना ओम फरार है। गौरव मोटर साइकिलों को काटने का काम करता और उनके पार्ट्स को अलग-अलग जगहों पर बेच देता था। टीम में राजपुरा चौकी प्रभारी नरेन्द्र कुमार, एसआई विजय पाल, कांस्टेबल सुरेश देवड़ी, जगत सिंह, इसरार नवी आदि थे।

छेनी और हथौड़ी से काटते थे बाइक

हल्द्वानी। पकड़े गए चोरों के गैंग में एक लुटेरा भी है। बेहद कम उम्र में माहिर चोर बन चुके इन शातिरों में ईशान के खिलाफ बरेली कोतवाली में लूट का मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने बताया कि शातिर हथौड़ी, छेनी और आरी से चोरी की मोटर साइकिलों के टुकड़े करते थे। इन्हें भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

फायरिंग में दो नाबालिग समेत पांच लोगों को किया गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः चार दिन पूर्व होली चौक पर फायरिंग मामले में पुलिस ने दो नाबालिग समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार नाबालिगों को बाल सुधार गृह और अन्य तीन आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि शांति कालोनी निवासी हरप्रीत उर्फ हैप्पी ने 14 मई को पुलिस को तहरीर सौंपी थी। इसमें बताया गया कि वह 11 मई को अपने दोस्त मोहित के साथ रेशमबाड़ी की तरफ जा रहा था। इसी बीच होली चौक के पास घात लगाकर बैठे 10 से अधिक युवकों ने उन पर हमला कर दिया था। इतना ही नहीं हमलावरों ने उनके ऊपर तमंचा से भी फायर किया। हालांकि हमले में वह बाल-बाल बच गए थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुहेल, समीर, रिजवी, अन्य अज्ञात लोगों पर जानलेवा हमले का केस दर्ज कर लिया था।

2019 के चुनाव से बेहतर होगा इस बार मतदान प्रतिशत: रिणवा

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि 2019 के चुनाव से इस बार का मतदान प्रतिशत बेहतर होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सूचना प्रसारण मंत्रालय की ओर से संचालित मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अभियान के तहत राजधानी स्थित केंद्रीय भवन से मतदाता जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र में ये रथ शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चत करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के साथ-साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय समेत केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों के समेकित प्रयास से आने वाले तीन चरणों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि 2024 में उतर प्रदेश में मतदान का प्रतिशत 2019 के चुनावों से बेहतर होगा। इस मौके पर उन्होंने प्रकाशन विभाग की तीन पुस्तकों 'अनफोल्डिंग इंडियन इलेक्शनस', 'मतदान में विश्वास' और 'बिलीफ इन द बैलट' का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में सूचना प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक विजय कुमार, दूरसंचार विभाग के मुख्य लेखा नियंत्रक संगीत कुमार, आईटीबीटी के उप महानिरीक्षक के. संजय कुमार व सीबीसी के निदेशक मनोज कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।

लखनऊ में बुधवार को मतदाता जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाते नवदीप रिणवा।

एल्विश को बयान के लिए बुलाएगी ईडी

लखनऊ, अमृत विचार : यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ सांप के जहर बेचने का मुकदमा दर्ज कराने वाले गौरव गुप्ता का बयान ईडी द्वारा दर्ज किया गया। नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में लखनऊ से भेजे गए असिस्टेंट डायरेक्टर ने बयान दर्ज किया। गौरव गुप्ता के मुताबिक 11 मई को ईडी का नोटिस प्राप्त हुआ था। नोटिस के माध्यम से उन्हें लखनऊ स्थित जोनल कार्यालय में बुलाया गया था। नोटिस में कहा गया है कि ईडी द्वारा एक मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसकी विवेचना चल रही है। विवेचना पूरी करने के लिए आपके बयान महत्वपूर्ण हैं, जिन्हें दर्ज कराने के लिए लखनऊ साक्ष्य सहित आना है। वादी के बयान और साक्ष्य मिलने के बाद ही ईडी की ओर से एल्विश यादव को पूछताछ के लिए समन भेजा जाएगा। उधर, ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम एल्विश से पूछताछ के लिए प्रश्नों की सूची भी तैयार कर रही है। जल्द ही नोएडा पुलिस के अधिकारियों से भी ईडी के अधिकारी संपर्क कर सकते हैं।

शाहजहांपुर जेल में बंद पारिया की 10 करोड़ की सम्पत्तियां कुर्क

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव हैं संजीव पारिया

अमृत विचार : शाहजहांपुर जिला जेल में बंद बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया की बुधवार को दस करोड़ की संपत्ति कुर्क कर ली गई। इसमें दो करोड़ 70 लाख रुपये की संपत्ति कन्नौज जिले में है। अब तक संजीव पारिया की 46 करोड़ की सम्पतियां कुर्क की जा चुकी हैं। संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई तहसीलदार श्रद्धा पांडेय ने की।

तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने पत्रकारों को बताया कि फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में गैंगस्टर अधिनियम के तहत संजीव पारिया के खिलाफ दर्ज मामलों में डीएम ने उसकी संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए थे। तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडेय को प्रशासक नियुक्त किया था। इसके तहत बुधवार को तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे ने कार्रवाई करते हुए टीम के साथ संजीव पारिया की चार संपत्तियां कुर्क की हैं। जिसमें भोलेपुर स्थित एक प्लाट, मोहल्ला गढ़ी स्थित एक प्लांट एवं मोहल्ला बजाजा स्थित दो संपत्तियां जिसमें चार दुकानें शामिल हैं, कुर्क की हैं। तहसीलदार ने नगर पालिका के टीम के साथ पहुंचकर दुकानों को खाली कराकर सीज कर दिया और नोटिस चस्पा कर दिया है। कुर्क की गई सभी संपत्तियों की कीमत लगभग 7 करोड़ 35 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है । तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे ने बताया कि इसी ऑर्डर में जनपद कन्नौज स्थित इंटर कॉलेज भी सम्मिलित है। जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ 70 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कुल संपत्ति का जो कुर्की आदेश है उसमें लगभग 10 करोड़ की संपत्तियां निहित है। तहसीलदार सदर ने बताया कि पारिया की अनैतिक तरीके से अर्जित की गई 36 करोड़ की सम्पत्ति पहले ही कुर्क की जा चुकी है। अब तक उसकी 46 करोड़ की सम्पतियां कुर्क की जा चुकी है। बताते चलें कि बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव संजीव पारिया मौजूदा समय में शाहजहांपुर जिला जेल में बंद है। प्रशासन की उनके विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है।

सार-संक्षेप

बिजनौर के भाजपा विधायक अशोक राणा की याचिका को वापस लेने की शर्त पर किया खारिज

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रंगदारी, आगजनी और हत्या के मामले में बिजनौर के भाजपा विधायक अशोक राणा की जमानत याचिका वापस लेने की शर्त पर खारिज कर दी। उक्त आदेश में न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद की खंडपीठ ने अशोक राणा और एक अन्य की याचिका पर सुनवाई के दौरान अधिवक्ता के अनुरोध पर पारित किया। विधायक और उनके बेटे प्रियांकर राणा के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत शिवाला कलां, बिजनौर में 30 अप्रैल 2024 को रविंदर उर्फ रवि पुंडीर द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि शिकायतकर्ता के प्लांट पर विधायक के 15-20 आदमियों ने पहुंचकर आगजनी और फायरिंग की, जिसमें वहां का चौकीदार गंभीर रूप से घायल हो गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि विधायक और उनके पुत्र ने उससे कई बार पैसों की मांग की थी और पैसे न मिलने पर उसकी मशीनों को क्षतिग्रस्त कर दिया और उसे काम बंद कर बिजनौर छोड़ने की धमकी दी।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में सुनवाई जारी

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष ने तर्क दिया कि यह संपत्ति एक हजार साल से अधिक समय से भगवान कटरा केशव देव की है और सोलहवीं शताब्दी में भगवान कृष्ण के जन्मस्थल को ध्वस्त कर ईदगाह के तौर पर एक चबूतरे का निर्माण कराया गया था। हिंदू पक्ष की ओर से कहा गया कि वर्ष 1968 में कथित समझौता कुछ और नहीं है, बल्कि सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और इंतेजामिया कमेटी द्वारा की गई एक धोखाधड़ी है, इसलिए समय सीमा की बाध्यता यहां लागू नहीं होती है। इसमें कहा गया है कि वर्ष 1968 का कथित समझौता वादी के संज्ञान में 2020 में आया और संज्ञान में आने के तीन साल के भीतर यह वाद दायर किया गया है। इसके अलावा 12 अक्टूबर 1968 को हुए समझौते में भगवान पक्षकार नहीं थे और साथ ही समझौता करने वाला श्रीकृष्ण जन्म सेवा संस्थान ऐसे किसी तरह के समझौते के लिए अधिकृत नहीं था, बल्कि इस संस्थान का काम दैनिक गतिविधियों का संचालन करना था। मामले की सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी।

फूलपुर के निर्दलीय प्रत्याशी नफीस अहमद पर रिपोर्ट

प्रयागराज, अमृत विचार : फूलपुर लोकसभा संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी नफीस अहमद के व्यय लेखा रजिस्टर प्रस्तुत न करने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने कर्नलगंज थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। लोकसभा के सामान्य निर्वाचन अधिकारी अभिषेक कुमार ने कनर्लगंज थाने में रिर्पोट दर्ज करा दी है। आरोप है कि निर्दल प्रत्याशी नफीस अहमद 11 मई को व्यय-लेखा रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किया। इसके खिलाफ उनको नोटिस जारी कर 48 घंटे का समय दिया गया। लेकिन उसके बाद भी उन्होंने व्यय रजिस्टर जमा नहीं किया। दो दिन बाद फिर निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी।

178.03 लाख कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

लखनऊ, अमृत विचार : आदर्श आचार संहिता के तहत 178.03 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। जिला निर्वाचन अधिकारियों को कार्रवाई और तेज करने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों की ओर से अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। बीते 1 मार्च से 14 मई तक कुल 42,039.69 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3330.66 लाख रुपये नकद धनराशि, 5260.44 लाख रुपये कीमत की शराब, 23381.32 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2289.87 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं आदि जब्त की गईं।

पेपर बदलने पर परीक्षार्थियों का हंगामा, तोड़फोड़ की

संवाददाता, कानपुर/बिठूर

- आरोप, परीक्षकों ने परीक्षार्थियों को दे दिया गलत प्रश्न पत्र

अमृत विचार : कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडर ग्रेज्युएट एग्जाम (सीयूईटी यूजी 2024) के दौरान बुधवार को एक सेंटर पर परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया। परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्र में पथराव और तोड़फोड़ भी की। परीक्षार्थियों का आरोप था कि उन लोगों को गलत प्रश्न प्रश्नपत्र दिया गया। भारी पुलिस बल परीक्षा केंद्र पहुंच गया। लगभग तीन घंटे चले हंगामे के बाद छात्रों को समझा-बुझाकर शांत कराया जा सका। केंद्र का पेपर कैंसिल कर दिया गया है। यहां के परीक्षार्थियों का पेपर दोबारा होगा।

एनटीए की ओर से गुरुवार को मंधना स्थित महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज में परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा के दौरान ही परीक्षार्थियों ने हंगामा शुरू कर दिया। छात्रों का आरोप था कि परीक्षा केंद्र में उन लोगों को गलत प्रश्न पत्र वितरित कर दिया गया है। हिंदी माध्यम के परीक्षार्थियों को अंग्रेजी व अंग्रेजी माध्यम के परीक्षार्थियों को हिंदी माध्यम का पेपर दिया गया। परीक्षा केंद्र की लापरवाही की वजह से परीक्षार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। परीक्षार्थियों ने पेपर आउट होने का भी आरोप लगा दिया। उन्होंने केंद्र के भीतर ही पत्थरबाजी करनी शुरू कर दी। इससे खिड़कियों व दरवाजों पर लगे कांच चकनाचूर हो गए। कुछ परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्र में लगे गमलों को तोड़ दिया। मामला बढ़ता देख तीन थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। पुलिस प्रशासन ने परीक्षार्थियों को समझाबुझा कर मामले को शांत किया। परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों पर मारपीट करने का भी आरोप लगाया।

पीएसी का प्लाटून कमांडर 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

गोंडा, अमृत विचार : जिले की 30 वीं वाहिनी पीएसी में तैनात प्लाटून कमांडर को एंटी करप्शन की टीम ने 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। प्लाटून कमांडर ने पीएसी में तैनात एक सिपाही से उसकी रपट की कार्रवाई को खत्म करने के नाम पर 10 हजार की घूस मांगी थी। आरोपी प्लाटून कमांडर के खिलाफ नगर कोतवाली थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।अंबेडकरनगर जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र के ककरही गांव निवासी रूपेंद्र राव 30 वीं वाहिनी पीएसी में सिपाही के पद पर तैनात है। ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने पर उसके खिलाफ रपट लिखी गयी थी। रुपेंद्र इस रपट की कार्रवाई को खत्म कराने प्लाटून कमांडर सूबेदार राम केवल सिंह के पास गया था। रूपेंद्र का कहना है कि रपट की कार्रवाई को खत्म करने के लिए रिश्वत मांगी गई थी।

छात्र-छात्राओं ने निकाला कैंडल मार्च

संवाददाता, कुमारगंज (अयोध्या)

अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में तीन दिन पूर्व एमएससी एग्रोनॉमी अंतिम वर्ष के छात्र यशपाल सिंह की मौत से भड़के छात्र- छात्राओं ने मंगलवार रात कैंडल मार्च निकाला। विश्वविद्यालय के गेट नंबर 2 पर बैठकर शांति प्रार्थना की।

इसके बाद छात्र-छात्राओं का हुजूम विश्वविद्यालय के वीआईपी गेट पर पहुंचा। जहां धरने पर बैठकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ फिर नारेबाजी शुरू कर दी। उनकी मांग थी कि आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार किया जाए और दिवंगत छात्र के परिजनों को मुआवजा दिलाया जाए। रात्रि करीब 2:30 बजे आंदोलित छात्र धरना स्थल से हटे। वहीं कैंडल मार्च निकालने की सूचना पर सुरक्षा अधिकारी आरके सिंह ने विश्वविद्यालय के दोनों गेटों में चौकसी बढ़ाकर गेट पर ताले लगवा दिए थे, लेकिन छात्रों का आक्रोश एवं गुस्सा देख प्रशासन नतमस्तक दिखा।

विश्वविद्यालय के गेट नंबर 2 पर बैठकर शांति प्रार्थना करते हुए छात्र। ● अमृत विचार

- बरेली के यशपाल की मौत मामले में आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी को लेकर दिया धरना

छात्र के सील कमरे को खुलवाकर की जांच : कृषि विश्वविद्यालय के छात्र एवं बरेली के अमानपुर भगवतीपुर निवासी यशपाल सिंह(22) पुत्र मलखान सिंह द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में फॉरेंसिक टीम ने बुधवार को छात्र के सील कमरे को पुलिस की मौजूदगी में खुलवाकर साक्ष्य संकलित किये। को थाने तलब कर पूछताछ की।

भाजपा प्रत्याशी के भाइयों ने फैला रखा है आतंक

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार : कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली से भाजपा उम्मीदवार पर निशाना साधते हुए कई आरोप लगाए हैं। बुधवार को क्षेत्र के उमरन, अकोढीया, ऊंचाहार नगर और मतीनगंज में हुई सभाओं को संबोधित करते हुए प्रियंका ने रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह का नाम लिए बगैर कहा कि भाजपा उम्मीदवार के पांचों भाइयों ने पूरे जिले में आतंक फैला रखा है।

प्रियंका के मुताबिक, भाजपा उम्मीदवार और उनके भाई गरीबों की जमीन पर कब्जा करते हैं। ग्राम प्रधानों को, कोटेदारों को धमकाते हैं। कांग्रेस सरकार ने पंचायती राज अधिनियम लाकर पंचायतों को मजबूत किया था। आज पंचायतों के प्रधान भाजपा उम्मीदवार की धमकियों से परेशान हैं। ऐसे लोग आपके सांसद बनना चाहते हैं। प्रियंका ने कहा, आपकी सांसद सोनिया गांधी थीं, हमेशा आप लोगों से झुककर मिली हैं। आज ऐसा नहीं हो रहा है। हमारी आंगनबाड़ी की महिलाएं, आशा बहुएं जब अपने मानदेय बढ़ाने के लिए लखनऊ में धरना देती हैं, तो उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं और उन्हें देशद्रोही कानून में फंसाया जाता है। प्रियंका ने राहुल गांधी को भारी समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार आई तो आपको रोजगार, महिलाओं के खातों में धनराशि, कृषि उपकरणों से जीएसटी खत्म करने संबंधी काम करेगी। सभा का संयोजन पूर्व विधायक कुंवर अजय पाल सिंह ने किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश सचिव अतुल सिंह, वरिष्ठ नेता रतीपाल शुक्ल, डॉ. अजहर अब्बास नकवी, अर्जुन तिवारी, शाजू नकवी, मेंहदी हसन, नगर पंचायत की पूर्व चेयरमैन शाहीन सुलतान, छविनाथ यादव आदि मौजूद थे।

ऊंचाहार में जनसभा को संबोधित करतीं प्रियंका गांधी।

- प्रियंका गांधी ने उमरन, अकोढीया ऊंचाहार नगर और मतीनगंज में की जनसभा

यौन पीड़िताओं के लंबित मुआवजा आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश में यौन उत्पीड़न की पीड़िताओं को मुआवजा देने में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि राज्य के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के समक्ष 1129 आवेदन लंबित हैं। यह स्थिति चिंतनीय है, क्योंकि बड़ी मात्रा में आवेदनों के निस्तारण में देरी दर्शाती है कि प्राधिकरण ठीक से काम नहीं कर रहे हैं।

कोर्ट ने यौन पीड़िताओं को मुआवजा देने के लिए प्राधिकरण को अत्यधिक संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, साथ ही राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को आगामी सुनवाई की तिथि पर सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर एक नई रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने संतकबीर नगर निवासी श्रीमती ममता की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया, जिसमें पोक्सो अधिनियम के तहत पीड़िता को दो लाख का मुआवजा और पुनर्वास देने की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान गत 28 मार्च को कोर्ट ने प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को यौन उत्पीड़न/अन्य अपराधों की पीड़िताओं के लिए मुआवजा योजना-2018 के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट तलब की थी।

वर्ग पहेली-71

बाएं से दाएं

3. माल या राजस्व महकमे का वह क्षेत्रीय अधिकारी जो पटवारियों या लेखपालों के कागज़ात एवं काम-काज की जांच करता है।

4.1. फ़ैशन मॉडल की तरह किया जाने वाला काम, मॉडल की तरह काम करने का व्यवसाय 2. किसी वस्तु के स्वरूप की प्रतिकृति बनाने का कार्य।

8.1. भूमि, खेत 2. पृथ्वी, धरती 3. धरातल का कोई भाग, ठोस तल 4. भूमि का टुकड़ा, भूखंड 5. वह तेल जिसमें किसी इत्र को तैयार किया जाता है 6. आधार 7. नदी और तालाब का तल 8. वह कागज़

9. वह जो प्राय: कोई न कोई ख़ुराफ़ात करता रहता हो।

ऊपर से नीचे

1.1. गुंजार, गूंजने का शब्द 2. गुनगुनाना 3. भौरों के गूंजने की क्रिया।

2.1. किसी घटना आदि का पूर्ण लिखित विवरण 2. खेलों के उच्चतम कीर्तिमान दस्तावेज़, लेख-प्रमाण 3. स्थायी रूप में रखना 4. सुरक्षित विवरण 5. अभिलेख।

5. हाथी दांत का बना हुआ।

6. बंद नाली का मुंह जिससे सफ़ाई करने के लिए बड़ी नाली में घुसा जा सकता हो, बंद नाली में प्रवेश करने का मार्ग।

7.1. लोभ करने वाला, लालची 2. कंजूस।



वर्ग पहेली -70 का हल

1 सि	रो	ही		2 खु	द	ना
र			3 एं			
मौ			पा		4 कु	
र		5 पा	य	जा	मा	
	6 झा	ल	र		र	
7 सा		की				8 सु
ज़			9 र	वा	दा	र

सुडोकू -150

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1						2	
			3	4	5			
3	6							
4			8	7				
								5
7				9	4			
		2					9	3
		3		2	6			
	7						8	

सुडोकू -149 का हल

1	6	7	8	2	9	3	4	5
8	4	3	5	7	1	6	2	9
9	2	5	6	4	3	7	8	1
6	1	9	4	3	2	5	7	8
7	3	2	1	5	8	9	6	4
5	8	4	7	9	6	2	1	3
4	5	1	3	6	7	8	9	2
3	9	6	2	8	4	1	5	7
2	7	8	9	1	5	4	3	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 मई गुरुवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 06.22 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 18.14 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

मेष — आज व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अपने शत्रुओं गतिविधियों को लेकर गंभीरता रखें। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिये। अपनी जीवनशैली पर पर्याप्त धन खर्च करेंगे।

वृष — आज अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। किसी पुरानी बीमारी से ग्रसित लोगों को समस्या हो सकती है।

मिथुन — आज जॉब में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करने से आपका सम्मान बढ़ेगा। दांपत्य संबंधों में प्रेमभाव बढ़ेगा। धर्म-कर्म में आपकी रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।

कर्क — आज धन से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में उत्तम लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में आपको मन लगाना चाहिए। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त हो सकती है।

सिंह — आज नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है। फर्जी फोन कॉल्स से आप सावधान रहें। कड़वी भाषा का प्रयोग न करें। दूसरे लोगों पर ज्यादा निर्भरता रखना ठीक नहीं है। ऑफिस की राजनीति से स्वयं को दूर रखें।

कन्या — आज सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है। जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ कठिनाई होगी। मंहगी वस्तुओं की ख़रीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

तुला — आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। विदेश यात्रा के उत्तम योग बन रहे हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

वृश्चिक — आज मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे परिणाम मिलेंगे। नया कारोबार शुरू करने में सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं।

धनु — आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों के साथ तीखी बहस हो सकती है। मन में किसी के प्रति बैर या घृणा का भाव न रखें। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ट विषयों पर चिंतन-विमर्श करेंगे।

मकर — आज आलस्य में आपका समय बर्बाद हो सकता है। बुरी संगति से स्वयं को दूर रखें। रहस्यात्मक विषयों की तरफ आकर्षित हो सकते हैं। विवाह संबंधित चर्चाओं के लिए समय शुभ नहीं है। जीवनसाथी आपसे कई तरह की शिकायत कर सकता है।

कुंभ — आज आपके पारिवारिक खर्च बढ़ सकते हैं। जीवनसाथी से कड़वी बातें करने से आपको परेशानी हो सकती है। कई नए विषयों की तरफ आपका झुकाव बढ़ सकता है। किसी रुके हुए मामले का समाधान होने से मन प्रसन्न रहेगा।

मीन — आज चिकित्सा कार्य से जुड़े लोगों को कुछ कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ सकता है। व्यवसाय में सहयोगियों के साथ विश्वास में कमी की भावना उत्पन्न हो सकती है। परिवार को विशेष समय अवश्य दें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- शिव शक्ति — सुबह : 10.02
- करिश्मा कुदरत का — रात : 07.00

&pictures
- मैं तेरा हीरो — सुबह : 11.09
- सोनचिड़िया — रात : 08.00

SONY PIX
- ऐनाबेले : क्रिएशन — सुबह : 08.54
- घोस्ट राइडर — रात : 09.07

ZEE CINEMA
- प्रेम कहानी — सुबह : 11.00
- साजिश — शाम : 05.00

colors CINEPLEX
- जुड़वा — सुबह : 09.17
- गहराइयां — दोपहर : 02.55

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात :08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी छुट्टी के दिन घर पर बैठ कर डीवीडी में फिल्म देख रहा था। और जोर से चिलाया नहींहीहीहीही.. घोड़े से मत उतर पागल यह एक चाल है। आगे जाल बिछाया गया है। बोल रहा हूं मत उतर पछताएगा। पत्नी -कौन सी फिल्म देख रहे हो? पति-अपनी शादी की डीवीडी

मौलवी-किसी को इस शादी से ऐतराज। तभी आवाज आई हां मुझे है। मौलवी-अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,987 .03	22,200 .55
गिरावट	117 .58	17 .30
प्रतिशत में	0 .16	0 .08

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, गुरुवार, 16 मई 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-985 फ्लैग-1110 डीएमओ-875 बोल्ड-116
चन्दौसी : शिवालिक- 1000 फ्लैग-1105 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 925

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1900, राज श्री 1340, फ़ॉर्चून कि . 1720, रविन्द्रा 1840, फॉर्चुन ली0 1580, जय जवान 1450, सचिन 1545, सूरज 1475, अवसर 1645, राग गोल्ड 1625, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1715, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1735, स्वास्तिक 1870 । किराना- (प्रतिकु .) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-23500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल - (प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250ष दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7425-7700, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11300, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7650, लाल हिंदुस्तान 7750, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8500, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10200, मोटा हीरा 11600, अरहर गोला मोटा 14500, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15200, अरहर पटका छोटा 15200-15600, अरहर कोरी छोटी 16600 । चीनी - डालमियां 4200, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140 (नयी), बहेड़ी 4150 (नयी) ।

विदेश में खनिज संपत्तियां हासिल करेगा देश

कोल इंडिया, एनएमडीसी पहले से ही ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय, ओवीएल भी विदेशों में निवेश करने वाली इकाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां कोल इंडिया, एनएमडीसी और ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज संपत्तियां हासिल करने के लिए काम करेंगी। ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन की विदेशों में निवेश करने वाली इकाई है। इन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की विदेश में पहले से ही किसी न किसी तरह की मौजूदगी है।

खान सचिव वीएल कांता राव ने बताया कि सचिवों के समूह (संसाधनों पर) ने निर्णय लिया है कि ये कंपनियां (कोल इंडिया, एनएमडीसी, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड) आगे बढ़ें और विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज पर भी ध्यान दें। यह एक आसान तरीका है। ये कंपनियां पहले से ही विदेशों में कारोबार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया चिली में कुछ लिथियम ब्लॉक पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। एनएमडीसी पहले से ही ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय है। उनके पास ऑस्ट्रेलिया में कुछ सोने की खदानें हैं और वे ऑस्ट्रेलिया में लिथियम खदानों पर भी गौर कर रहे हैं।

● खान सचिव ने कंपनियों से विदेशों में महत्वपूर्ण खनिजों पर ध्यान देने को कहा

उन्होंने बताया कि हम महत्वपूर्ण खनिजों के लिए चिली के साथ मौजूदा एफटीए (मुक्त व्यापार समझौते) का विस्तार करने पर विचार कर रहे हैं। ताकि हम उन तक जी टू जी (सरकार से सरकार) पहुंच प्राप्त कर सकें। भारत मंगोलिया में कुछ कोयला और तांबे की संपत्तियों पर विचार कर रहा है और सरकार इस भूमि से घिरे देश के साथ व्यापार मार्गों पर गौर कर रही है।

सचिव ने कहा कि भारत लिथियम सहित महत्वपूर्ण खनिजों के लिए जाम्बिया के साथ संयुक्त रूप से खनन भी कर रहा है। तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट और दुर्लभ तत्व जैसे खनिज आज पवन टर्बाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में से कई में आवश्यक घटक हैं। स्वच्छ ऊर्जा बदलाव में तेजी आने के साथ इन खनिजों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है।

भारत की बिजली उत्पादन में कोयले की हिस्सेदारी हुई 50% से कम

नई दिल्ली। भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में कोयले की हिस्सेदारी 1960 के बाद पहली बार 2024 की पहली तिमाही में 50 प्रतिशत से कम रही। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) की नवीनतम पावरअप त्रैमासिक रिपोर्ट के अनुसार, देश में 2024 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में रिकॉर्ड 13,669 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 71.5% थी। भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में लिग्नाइट सहित कोयले की हिस्सेदारी पहली बार 50% से कम रही। भारत 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित स्रोतों से 50% संचयी बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य में काफी आगे है। बिजली उत्पादन क्षमता में कोयले की हिस्सेदारी में गिरावट वैश्विक प्रवृत्ति को दर्शाती है। जी-7 देशों में कोयले की मांग 2023 में रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। यह 1900 के बाद से नहीं देखा गया है। एम्बर की 80 देशों की पांचवीं वार्षिक वैश्विक बिजली समीक्षा के अनुसार, भारत दुनिया की सौर ऊर्जा उत्पादन रैंकिंग में चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 118 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 117 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस जैसे शेयरों में बिकवाली दबाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 117.58 अंक यानी 0.16% की गिरावट के साथ 72,987.03 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 281.95 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 17.30 अंक यानी 0.08% की गिरावट के साथ 22,200.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले और टाइटन नुकसान में रहे। वहीं,

● बिकवाली दबाव और विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार में आई गिरावट

लाभ वाले शेयरों में भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो तथा एचसीएल टेक्नोलॉजीज हैं।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, पूरे कारोबार के दौरान किसी स्पष्ट संकेत का अभाव दिखा। इसका कारण चुनाव समेत अन्य कारणों को लेकर चिंता है। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.96% मजबूत हुआ जबकि मिडकैप 0.60% के लाभ में रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, तीन दिन की तेजी के बाद गिरावट आई। शुरू में तेजी थी लेकिन प्रमुख शेयरों में बिकवाली से निफ्टी नीचे आया।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	86800
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	90000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	95000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	74650
गिन्नी (प्रति नग)	55600-55800
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड (प्रति 10 ग्राम)	-72,650
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,500
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	84,100
चांदी (999)	84,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72400
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71400
सिल्वर (पक्की)	830 (अनुमानित) ।
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,750
चांदी आभूषण	83,900

देश का निर्यात अप्रैल में बढ़कर 34.99 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का वस्तुओं का निर्यात इस साल अप्रैल में मामूली बढ़कर 34.99 अरब डॉलर रहा है। एक साल पहले इसी महीने में यह 34.62 अरब डॉलर था।

बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार आलोच्य महीने में आयात भी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अप्रैल, 2023 में 49.06 अरब डॉलर था। अप्रैल में व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच का अंतर 19.1 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बताया

● आयात भी बढ़कर 54.09 अरब डॉलर पहुंचा

कि इन आंकड़ों से नये वित्त वर्ष की शुरुआत अच्छा होने का संकेत मिलता है और इसके आगे भी बने रहने की उम्मीद है। इस साल मार्च में निर्यात 41.68 अरब डॉलर रहा था, जो एक साल पहले इसी महीने में 41.96 अरब डॉलर था।

मसालों में ईटीओ संदूषण रोकने के लिए भारत ने उठाए कई कदम

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने निर्यात होने वाले मसालों में कैंसरकारी रसायन ईटीओ (एथिलीन ऑक्साइड) के संदूषण को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों में ईटीओ अवशेषों की मौजूदगी से सिंगापुर और हांगकांग में दो ब्रांड के उत्पादों को वापस मंगाने की रिपोर्ट मिलने के बाद ये कदम उठाए गए।

वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि मसाला बोर्ड ने इन क्षेत्रों में भारतीय मसाला निर्यात की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं। बोर्ड ने इन दोनों देशों को भेजी

● सिंगापुर और हांगकांग में एमडीएच और एवरेस्ट के उत्पादों को वापस मंगाने की रिपोर्ट पर लिया निर्णय

जाने वाली ऐसी निर्यात खेपों का परीक्षण करना अनिवार्य कर दिया है। एक तकनीकी-वैज्ञानिक समिति ने मूल कारण विश्लेषण भी किया है, प्रसंस्करण सुविधाओं का निरीक्षण किया है, और मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में परीक्षण के लिए नमूने एकत्र किए हैं। उन्होंने कहा कि समिति की सिफारिशों के जवाब में, सात मई, 2024 से सिंगापुर और हांगकांग के लिए सभी मसाला खेप के लिए ईटीओ अवशेषों के अनिवार्य नमूनाकरण और परीक्षण को लागू किया गया है। सभी निर्यातकों के लिए ईटीओ उपचार के दिशानिर्देश भी दोहराए गए हैं।

सेबी ने केआरए के जरिए केवाईसी सत्यापन को बनाया सरल

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने केवाईसी पंजीकरण एजेंसियों (केआरए) से ग्राहक को जानिए (केवाईसी) रिकॉर्ड के सत्यापन के लिए जोखिम प्रबंधन ढांचे को सरल बनाने का फैसला किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे निवेशकों के लिए लेनदेन में सुगमता सुनिश्चित की जा सकेगी। सेबी ने जोखिम प्रबंधन प्रारूप को आसान बनाने से संबंधित आदेश जारी किया। नियामक ने अक्टूबर, 2023 के अपने परिपत्र में संशोधन किया है। पिछले साल अक्टूबर में सत्यापन प्रक्रिया में बदलाव हुआ था जिससे राशन कार्ड, बिजली बिल या स्कैन किए गए आधार कार्ड जैसे पते के प्रमाण अमान्य हो गए थे। ऑनलाइन पहचान सत्यापन सेवा फर्म साइनजी के सह-संस्थापक एवं सीईओ अंकित रतन ने बताया कि अब केआरए आधिकारिक डेटाबेस से पैन, नाम, पता, ईमेल और मोबाइल नंबर का सत्यापन कर सकते हैं।

राष्ट्रीय

एक नजर

पूर्वी दिल्ली में कागज के अवैध गोदाम में लगी आग एक व्यक्ति की मौत

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में बुधवार को कागज के अवैध गोदाम में आग लगने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों (डीएफएस) के मुताबिक, आग शकरपुर इलाके में दो मंजिला इमारत में लगी जहां एक कमरे में जले हुए कार्डबोर्ड के पीछे से सतेंद्र पासवान का शव मिला। रात दो बजे घटना की सूचना मिली और छह दमकल वाहनों को तत्काल भेजा गया। आग बुझाने का अभियान सुबह सात बजे तक चला। पासवान की बहन सारो देवी ने बताया कि उसका भाई गोदाम में काम करता था। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि गोदाम अवैध रूप से चलाया जा रहा था। स्थानीय निवासी अनिल शर्मा ने कहा, यह गोदाम आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहा था। गोदाम में दूसरी बार आग लगी।

मुख्तार की प्रार्थना सभा के लिए अब्बास को अनुमति

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित उसके आवास पर 10 जून को अपने दिवंगत पिता मुख्तार अंसारी की याद में होने वाली प्रार्थना सभा में शामिल होने की बुधवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति केवी. विश्वनाथन की पीठ ने अब्बास को 11 और 12 जून को पुलिस हिरासत में अपने परिवार के साथ समय बिताने की भी अनुमति दी और राज्य पुलिस को इस संबंध में व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आदेश दिया कि अंसारी को नौ जून से पहले गाजीपुर जेल में स्थानांतरित कर दिया जाए और बिना किसी बाधा के प्रार्थना सभा में शामिल होने की अनुमति दी जाए।

मालीवाल मामले की जांच को सीएम आवास के बाहर प्रदर्शन

नई दिल्ली। भाजपा नेताओं और महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सांसद स्वाति मालीवाल से जुड़ी घटना की जांच की मांग करते हुए बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने केजरीवाल की चुप्पी पर सवाल उठाया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, यह एक महिला के सम्मान का मामला है जो दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख रही हैं। हम यहां उनका समर्थन करने के लिए हैं। आप नेता संजय सिंह ने इस घटना को स्वीकार किया है। सचदेवा ने कहा कि मालीवाल ने पहले आरोप लगाया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के सहायक विभव कुमार ने उनके आवास पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया। आरोपों के एक दिन बाद संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे।

आरक्षण खत्म करना चाहती है भाजपा: राहुल

ओडिशा के बोलांगीर की रैली में कांग्रेस नेता बोले- भाजपा जीती तो देश चलाएंगे 22 अरबपति

बोलांगीर, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा) संविधान को नष्ट करने के साथ ही आदिवासियों, दलितों तथा पिछड़े वर्ग के लोगों को दिए गए आरक्षण को खत्म करना चाहती है। ओडिशा के बोलांगीर में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने आशंका जतायी कि अगर भाजपा यह चुनाव जीतती है तो वह सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर देगी और देश को 22 अरबपति चलाएंगे।

राहुल ने कहा कि जो भी अब तक देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, किसानों और मजदूरों को मिला है वह संविधान की देन है। राहुल ने आशंका जताते हुए कहा, 'अगर भाजपा जीतती है तो आरक्षण खत्म

कर दिया जाएगा, सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर दिया जाएगा और देश को 22 अरबपति चलाएंगे। इसलिए आम लोगों की सरकार बननी चाहिए। राहुल ने दावा किया कि 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का ऋण भाजपा सरकार में माफ कर दिया गया और यह राशि 24 वर्षों के मनरेगा योजना के भत्ते के बराबर है।

उन्होंने दावा किया, उन्होंने आम जनता को कुछ नहीं दिया। उन्होंने किसानों और विद्यार्थियों का ऋण माफ नहीं किया। ऋण तो छोड़िये उन्होंने तो छोटे व्यापारियों को ऋण तक नहीं दिया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि देश की आम जनता से जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के जरिये वसूली गयी रकम सिर्फ दो से तीन लोगों के पास जा रही है। राहुल ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह जातिगत जनगणना कराएगी और दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़े वर्ग को उचित आरक्षण प्रदान करेगी। राहुल ने चार जून को विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा, सरकार बनने के तुरंत बाद हम देश के सभी गरीब परिवारों की एक सूची बनाएंगे और प्रत्येक परिवार की एक महिला को साढ़े आठ हजार रुपये प्रति माह की सहायता दी जाएगी।

ये झूठ है कि प्रधानमंत्री हिंदू-मुस्लिम की राजनीति नहीं करते : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की ये बात झूठ है कि वह हिंदू- मुस्लिम की राजनीति नहीं करते। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री के पास हिंदू-मुस्लिम की राजनीति को छोड़कर कोई एजेंडा नहीं था। मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा है, अगर मैं हिंदू-मुसलमान करूंगा तो मैं सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा। इसी पर रमेश ने एक्स पर लिखा, सारा देश जानता है कि निवर्तमान प्रधानमंत्री आदतन झूठ बोलते हैं और दो तरह की बातें उनकी प्रवृत्ति है। मोदी का यह दावा कि वह हिंदू-मुस्लिम राजनीति नहीं करते, यह दर्शाता है कि वह झूठ बोलने में दिन प्रति दिन नई गहराइयों तक गिरते जा रहे हैं।

आजादी के समय का वादा मोदी ने सीएए के जरिये किया पूरा : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत में बसने वाले लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र दिये जाने को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि इससे आजादी के समय किया गया वादा पूरा हो गया है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश में धार्मिक उत्पीड़न के कारण यहां आने वाले हिन्दू, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी समुदाय के लोगों को बुधवार से नागरिकता प्रमाण पत्र देना शुरू कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, मोदी की गारंटीवादा पूरा होने की गारंटी। आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। आज दशकों का इंतजार समाप्त हुआ है और सीएए के माध्यम से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक प्रताड़नाओं के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी

● पड़ोसी देशों से आए सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी लोगों को सीएए देने की प्रक्रिया शुरू

पीओके भारत का हिस्सा

सेराम्पोर (प. बंगाल)। अमित शाह ने बुधवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में विरोध प्रदर्शनों का जिक्र किया और कहा, पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे ले लेंगे। सेराम्पोर में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद एक समय संकटग्रस्त रहे कश्मीर में शांति लौट आई है लेकिन पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर अब आजादी के नारों और विरोध प्रदर्शनों से गूंज रहा है। पहले आजादी के नारे यहां सुनाई देते थे, अब वही नारे पीओके में सुनाई देते हैं।

और ईसाई बहनों-भाइयों को भारत की नागरिकता मिलनी शुरू हो गयी है। आजादी के समय किए गए वादे को आज नरेन्द्र मोदी जी ने पूरा करके दिखाया है।

विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बदल गई हैं भारतीय अदालतें

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि भारतीय अदालतों की पुनर्कल्पना अब थोपे गए साम्राज्य के बजाय विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में की गई हैं। प्रधान न्यायाधीश डिजिटल परिवर्तन और न्यायिक दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल विषय पर ब्राजील के रियो डी जनेरियो में जे-20 शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जे-20 उच्चतम न्यायालयों और संवैधानिक अदालतों के मुख्य न्यायाधीशों का समूह है, जिसके सदस्य जी-20 देश हैं। इस साल जे-20 सम्मेलन का आयोजन 'ब्राजीलियन फेडरल सुप्रीम कोर्ट' की ओर से किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भारतीय अदालतों की पुनर्कल्पना अब थोपे गये साम्राज्य के बजाय विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में की गई हैं। कोविड-19 महामारी से अदालतों की व्यवस्थाओं को रातों-रात बदलना पड़ा। उन्होंने मुकदमे से जुड़ें पक्षों और कम कनेक्टिविटी वाले स्थानों के बीच डिजिटल विभाजन और प्रतिनिधित्व संबंधी विषमता पर भी बात की। इन विषमताओं को अड़चनें बताते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हमें इनसे निपटना होगा।

● सीजेआई चंद्रचूड़ ने ब्राजील में जे-20 शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि प्रौद्योगिकी की क्षमता इस बात में निहित है कि हम इसे पहले से मौजूद असमानताओं को कम करने के लिए कैसे परिवर्तित करते हैं। प्रौद्योगिकी सभी सामाजिक असमानताओं के लिए एक रामबाण इलाज नहीं है।

वीडियो कॉन्फ्रेंस से की साढ़े 7 लाख मामलों की सुनवाई

नई दिल्ली। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से 7,50,000 से अधिक मामलों की सुनवाई की और 1,50,000 से अधिक मामले ऑनलाइन दायर किए गए। यह सब इसीलिए हो पाया क्योंकि प्रौद्योगिकी ने न्यायपालिका समेत कानून और प्रवर्तन एजेंसियों के बीच नए आयाम स्थापित किए हैं। सीजेआई ने कहा कि भारतीय उच्चतम न्यायालय का वाद प्रबंधन तंत्र फ्री एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (एफओएसएस) पर विकसित किया गया है। चंद्रचूड़ ने कहा कि महामारी के बाद ऑनलाइन सुनवाई अदालतों की विशेषता बन गई है और इससे उनको फायदा हुआ जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से कोर्ट में पेश होने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

चार दोषियों को 10-10 साल सश्रम कारावास

मुंबई, एजेंसी

मुंबई के मालवानी इलाके में 2015 में जहरीली शराब से 100 से अधिक लोगों की हुई मौत के मामले में दोषी ठहराए गए चार लोगों को अदालत ने बुधवार को 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। चारों दोषी राजू तापकर, डोनाल्ड पटेल, फ्रांसिस डी मेलो और मंसूर खान है।

अदालत ने इन्हें साजिश और गैर इरादतन हत्या से जुड़ी धाराओं और

जहरीली शराब कांड

● कोर्ट ने मामले में भूमिका साबित न होने पर 10 लोगों को किया बरी

बंबई निषेध अधिनियम के तहत 28 अप्रैल को दोषी ठहराया था। अदालत ने 10 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि अभियोजन पक्ष मामले में इनकी भूमिका साबित करने में असफल रहा। मुंबई के पश्चिमी उपनगर मलाड के मालवानी के लक्ष्मी नगर मलिन बस्ती में 2015 में जहरीली शराब से 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायधीश स्वप्निल तावशिखर ने सजा की घोषणा करते हुए कहा कि अभियुक्तों को रियायत देने के लिए उनके समक्ष कोई परिस्थितियां सामने नहीं लाई गई। इसलिए उन्हें 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई जाती है। कोर्ट में लोक अभियोजक प्रदीप घरात ने कहा कि यह गंभीर अपराध है जिसमें दोषियों को अधिकतम सजा देनी चाहिए।

होर्डिंग हादसा : मलबे में दिखे दो और शव

मुंबई। मुंबई के घाटकोपर में होर्डिंग गिरने वाली जगह पर मलबे के नीचे दो और शव दिखे हैं। एनडीआरएफ के अधिकारी ने बताया कि घटना के 40 घंटे बाद भी बचाव अभियान जारी है। शवों को कल रात देखा गया था लेकिन अभी तक निकाला नहीं जा सका है। छेड़ा नगर इलाके में जीआरपी की जमीन पर स्थित पेट्रोल पंप के पास लगा होर्डिंग सोमवार को आंधी और बेमौसम बारिश से गिर गया था जिससे यह हादसा हुआ। होर्डिंग के नीचे से 89 लोगों को निकाला था जिनमें से 14 मृत थे जबकि 75 अन्य लोग घायल हो गए थे। एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट निखिल मुधोलकर ने बुधवार को बताया कि होर्डिंग के नीचे दो शव दिखे हैं, लेकिन वहां तक पहुंचने में हमें कठिनाई हो रही है। दुर्घटना स्थल पर ऐसे पांच से अधिक गर्डर हैं जिन्हें हटाने के बाद पता चलेगा कि कितने लोग अब भी दबे हैं।

● सोमवार को घाटकोपर में आंधी के दौरान गिर गई थी होर्डिंग

ग्वालियर की राजमाता माधवी राजे सिंधिया का निधन

नई दिल्ली। ग्वालियर राजघराने की राजमाता एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का बुधवार को निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्वालियर में होगा। राजमाता ने एम्स में सुबह नौ बजकर 28 मिनट पर अंतिम सांस ली।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की पत्नी माधवी बीते तीन महीने से अस्वस्थ थीं और दो माह से एम्स में उनका इलाज चल रहा था। पिछले दो सप्ताह से उनकी हालत गंभीर थी और वह वेंटीलेटर पर थीं। वह नेपाल के राणा राजवंश से थीं। इस राजवंश के प्रमुख जुद्ध शमशेर जंग बहादुर राणा थे, जो नेपाल के प्रधानमंत्री भी रहे।

धन शोधन मामले में अतीक की पत्नी के खिलाफ ईडी ने दाखिल किया आरोपपत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि गैंगस्टर-नेता अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के खिलाफ कथित तौर पर करोड़ों रुपये की उगाही से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है।

ईडी ने एक बयान में कहा कि लखनऊ में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने 14 मई को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया। ईडी ने दिसंबर, 2021 में दंपति की 8.14 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति कुर्क की थी। इसमें परवीन के नाम पर पंजीकृत प्रयागराज के फूलपुर का एक भूखंड और अहमद के 10 खातों एवं परवीन एक खाते में पड़े 1.28 करोड़ का बैंक बैलेंस भी शामिल था। धन शोधन का

● गैंगस्टर से बने नेता की पत्नी शाइस्ता परवीन के खिलाफ करोड़ों की उगाही से जुड़ा है मामला

मामला जबरन वसूली, धोखाधड़ी और संपत्ति के अवैध कब्जे से संबंधित सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है।

ईडी ने कहा कि बाद में जांच का दायरा बढ़ाकर अतीक-परवीन के खिलाफ यूपी के कई थानों में हत्या, वसूली, धोखाधड़ी, जालसाजी, जमीन कब्जा करने और अन्य अपराधों से संबंधित दर्ज कई मामलों को इसमें शामिल किया गया। पिछले साल अपने पति की हत्या के बाद से परवीन फरार है। अप्रैल, 2023 में अतीक अहमद (60) और उसके भाई अशरफ की तीन हमलावरों ने तब गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब उन्हें प्रयागराज में पुलिस स्वास्थ्य जांच के लिए ले जा रही थी।

कोर्ट ने किया 27 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति देने से इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 20 वर्षीय एक अविवाहित युवती की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें 27 सप्ताह के गर्भ को नष्ट करने देने की अनुमति मांगी गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि गर्भ में पल रहे भ्रूण का भी जीवन का मौलिक अधिकार है। न्यायमूर्ति बी.आर.गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह आदेश महिला की अर्जी की सुनवाई के दौरान पारित किया जिसने तीन मई को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा गर्भपात कराने की अनुमति देने से इनकार किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता के वकील के मुताबिक पीठ ने कहा कि हम कानून के विरोधाभासी आदेश पारित नहीं कर सकते। इस पीठ में न्यायमूर्ति एस.वी.एन.भट्टी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता भी थे। पीठ ने कहा, गर्भ में पल रहे बच्चे को भी जिंदा रहने का मौलिक अधिकार प्राप्त है। इस बारे में आपको क्या कहना है? महिला के वकील ने कहा कि गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन अधिनियम केवल मां की बात करता है। यह (कानून) केवल मां के लिए बनाया गया है।

आज का मुकाबला

हैदराबाद सनराइजर्स
बनाम
गुजरात टाइटंस
शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
हर्षल पटेल (पंजाब)	13	22
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	12	18

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	13	661
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	13	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	11	533

आज सनराइजर्स के सामने गुजरात

हैदराबाद, एजेंसी

प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाने के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेआफ में जगह बनाने के लिए गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ एक जीत की जरूरत है जबकि गुजरात की टीम प्रतिष्ठा के लिए ही खेलेगी।

पैट कमिंस की टीम की नजरें हालांकि शीर्ष दो में जगह पक्की करने पर लगी है। उन्हें इसके बाद एक मैच और खेलना है और उनका नेट रनरेट भी प्लस 0.406 है। सनराइजर्स के 12 मैचों में 14 अंक है और वह अधिकतम 18 अंक हासिल कर सकती है जिससे शीर्ष दो में उसकी जगह पक्की हो जाएगी। इस मुकाबले से पहले सनराइजर्स को एक सप्ताह का ब्रेक मिला है जिससे वे तरोताजा होकर मैदान पर लौटेंगे। इसके अलावा आठ मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद उसके हौसले वैसे भी बुलंद है।

दूसरी ओर 13 में से सिर्फ पांच मैच जीत सकी

गुजरात के 11 अंक ही हैं और वह जीत के साथ विदा लेना चाहेगी। पूर्व कप्तान हार्दिक पंड्या के इस सत्र में मुंबई इंडियंस के पास लौटने के बाद गुजरात की टीम में संतुलन नजर नहीं आया। पंड्या ने 2022 की खिताबी जीत और पिछले साल फाइनल तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई थी। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुल गया लेकिन गेंदबाजों ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले तीन ओवर में तीन विकेट लेकर उम्मीद जगाई थी।

पंत बेहतरीन कप्तान, समय के साथ निखरेगा : गांगुली

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत एक बेहतरीन कप्तान है और समय तथा अनुभव के साथ कप्तानी में निखार आएगा।

दिसंबर 2022 में भयावह कार हादसे के शिकार हुए पंत ने आईपीएल के इसी सत्र से मैदान पर वापसी की है। गांगुली ने कहा पंत युवा कप्तान है और वह समय के साथ सीखेगा। जिस तरह चोट से वापसी के बाद उसने पूरा सत्र खेला, हमें आफ सीजन के दौरान इसका यकीन नहीं था। आईपीएल अब दस टीमों का हो गया है और भारतीय क्रिकेटर महत्वपूर्ण हैं। मुझे खुशी है कि उसने वापसी करके पूरा सत्र खेला। मेरी शुभकामनाएं उसके साथ है। कोई भी पहले दिन से महान कप्तान नहीं होता। वह भी सीख रहा है और समय के साथ बेहतर होगा।

आईपीएल प्रदर्शन से अभिषेक को भारत के लिए खेलने में मिलेगी मदद : एडेन

नई दिल्ली, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद के दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी एडेन मार्करम का मानना है कि आईपीएल में अभिषेक शर्मा के बेहतरीन फॉर्म से उन्हें भविष्य में भारत के लिये खेलने में मदद मिलेगी।

आईपीएल के मौजूदा सत्र में 200 के ऊपर के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए शर्मा ने 12 मैचों में 401 रन बनाए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड के साथ मिलकर हाल ही में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 166 रन का लक्ष्य दस से भी कम ओवर में हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्करम ने कहा अभिषेक ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पिछले सत्रों में भी सकारात्मक संकेत दिये थे और इस सत्र के अपने प्रदर्शन से भविष्य में भारत के लिये खेल सकेगा। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम को लेकर चल रही बहस के बीच मार्करम ने कहा कि टीम में अतिरिक्त बल्लेबाज के आने से टीमों को आक्रामक खेलने में मदद मिली है। जब आपके पास एक अतिरिक्त बल्लेबाज होता है तो आप अधिक आजादी के साथ खेल सकते हैं। पारी की शुरूआत से ही सलामी बल्लेबाज खुलकर खेल सकते हैं। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से यह सहूलियत मिली है और नए तरीके का टी-20 क्रिकेट देखने को मिला है।

खेल डायरी

सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में आगे बढ़े, प्रणय हारे

बैंकॉक। भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और तान वी कियोंग को हराकर पुरूष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि एच एस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 34 मिनट में 21-13, 21-13 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना

चीन के शि हाओ नान और जेंग वेइ हान से होगा। वहीं प्रणय को हमवतन मेराबा लुवांग मेसनाम ने हराया। अब मेराबा का सामना डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसेन से होगा जिन्होंने भारत के किरण जॉर्ज को मात दी।

11 जून से शुरु होगा आईएल टी-20, खेलेंगे अंबाती

दुबई। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर, वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन और आंद्रे रसेल जैसे दुनिया भर के स्टार खिलाड़ी 11 जनवरी से नौ फरवरी 2025 तक संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएल टी20) के तीसरे सत्र में हिस्सा लेंगे। आयोजकों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। भारत के अंबाती रायुडू भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। वह घरेलू क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं और इस टूर्नामेंट में खेलने के पात्र हैं। रायुडू अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में भी खेलते हैं। आईएल टी20 में 34 मैचों का आयोजन किया जाएगा जो तीन स्थलों अबु धाबी, दुबई और शारजाह में खेले जाएंगे।

अंजुम, ऐश्वर्य ओलंपिक क्वालीफिकेशन ट्रायल में शीर्ष पर पहुंचे

भोपाल। अंजुम मुद्गिल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने ओलंपिक चयन ट्रायल टी3 क्वालीफिकेशन दौर में महिलाओं और पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस क्वालीफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया। नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग पोजिशंस में 20 शॉट के बाद अंजुम का स्कोर 600 में से 592 था। वहीं ऐश्वर्य ने 590 स्कोर किया। पांच निशानेबाजों का फाइनल गुरुवार को होगा। महिलाओं की थ्री पोजिशन में भारत की नंबर एक निशानेबाज और विश्व रिकॉर्डधारी सिफत कौर सामरा दूसरे स्थान पर रही। आशी चौकसी, निश्छल और श्रियांका साडंगी 585 स्कोर करके उनके बाद रहीं। पुरूषों की थ्री पोजिशंस में स्वप्निल कुसाले 587 का स्कोर करके दूसरे स्थान पर रहे।

स्क्वाश चैंपियनशिप में जोशना, अभय और वेलावन ने जीते स्वर्ण

चेन्नई। जोशना चिनप्पा, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैम्पियनशिप में अपने वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किये। यह प्रतियोगिता 17 साल बाद शुरू की गई है। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अभय ने वेलावन के साथ मिलकर राहुल बैठा और सूरज चंद को 2-0 (11-4, 11-8) से मात दी। फिर 25 साल के इस खिलाड़ी ने जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल वर्ग का भी स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। अभय और जोशना ने हरिंदर पाल सिंह संधू और रथिका सीलन की जोड़ी को 2-1 (10-11, 11-2, 11-9) से हराया।

अर्जुन ने शारजाह मास्टर्स में सफरली को हराया

शारजाह। दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी ने यहां शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में अजरबेजान के एल्ताज सफरली को हराकर अच्छी शुरुआत की। भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिताम्बरम और पी इनियान ने 52,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के इस टूर्नामेंट में क्रमश: हमवतन भरत सुब्रमण्यम और ईरान के ईरानी पौया को हराकर जीत से शुरुआत की। भारतीय मूल के संयुक्त राज्य अमेरिका के अभिमन्यु मिश्रा और इंग्लैंड के श्रेयस ने भी जीत हासिल की। अभिमन्यु ने कजाखस्तान के राजा ऋत्विक और श्रेयस ने रिनात जुमाबायेव को मात दी।

बाहर हुई पंजाब ने बिगाड़ा रॉयल्स का खेल

कप्तान सैम करन के हरफनमौला खेल से मिली पंजाब को जीत, राजस्थान को पांच विकेट से हराया



गुवाहाटी, एजेंसी

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान सैम करन नाबाद (63)की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पंजाब किंग्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 65वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया।

145 रन के छोटे लक्ष्य को हासिल करने उतरी पंजाब किंग्स की पारी शुरुआत में लड़खड़ाती नजर आई। पहले ओवर में प्रभसिमरन सिंह (4) और उसके बाद पांचवें ओवर में राइली रुसो 13 गेंदों में (22) उसी ओवर में शशांक सिंह (शून्य) पर पवेलियन लौट गए। ऐसे समय में कप्तान सैम करन ने जितेश शर्मा के साथ पारी को संभाला। जितेश शर्मा ने 20 गेंदों में 22 रन बनाए। सैम करन ने 41 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्का लगाते हुए नाबाद 63 रनों की पारी खेली। आशुतोष शर्मा 11 गेंदों में 17 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स ने 18.5 ओवर में 145 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। राजस्थान की ओर से आवेश खान और युजवेंद्र चहल ने दो-दो विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले रियान पराग (48) और रवि अश्विन के (28) रनों की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 145 रनों का लक्ष्य दिया है। बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में यशस्वी जयसवाल (4) का विकेट गवां दिया। टॉम कोहलर और कप्तान संजू सैमसन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में नेथन एलिस ने संजू सैमसन (18) को आउट कर पंजाब को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद टॉम कोहलर (18) को पवेलियन भेज दिया। रवि अश्विन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाए। रियान पराग ने 34 गेंदों में 48 रन बनाए। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया।

63 रन की साझेदारी पांचवें विकेट के लिए सैम करन और जितेश शर्मा के बीच हुई, पंजाब को आखिरी 5 ओवरों में जीत के लिए चाहिए थे 42 रन

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रद	रन रेट
कोलकाता (क्वा)	13	9	3	19	1	+1.428
राजस्थान	13	8	5	16	0	+0.273
चेन्नई	13	7	6	14	0	+0.528
हैदराबाद	12	7	5	14	0	+0.406
दिल्ली	14	7	7	14	0	-0.377
बेंगलुरु	13	6	7	12	0	+0.387
लखनऊ	13	6	7	12	0	-0.787
गुजरात (बा)	13	5	7	11	1	-1.063
पंजाब (बा)	13	5	8	10	0	-0.347
मुंबई (बा)	13	4	9	8	0	-0.271

राजस्थान 144/9

20 ओवर, अतिरिक्त : 02

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जयसवाल बोल्ड सैम कुरेन	4	4	1/0
टॉम कोहलर कैच जीतेश बो राहुल चाहर	18	23	2/1
संजू सैमसन कैच राहुल चाहर बो नाथन	18	15	3/0
रियान पराग पगबाधा हर्षल	48	34	6/0
आर अश्विन कैच शशांक बो अर्शदीप	28	19	3/1
ध्रुव जुरैल कैच हरप्रीत बो सैम कुरेन	0	1	0/0
रोमन पावेल कैच/बो राहुल चाहर	4	5	1/0
डोनोवन फेरेरा कैच रुसो बो हर्षल	7	8	0/0
ट्रेंट बोल्ट रनआउट शशांक/बेयरस्टो	12	9	2/0
आवेश खान नाबाद	3	2	0/0

गेंदबाजी : सैम कुरेन 3-0-24-2, अर्शदीप सिंह 4-0-31-1, नेथन एलिस 4-0-24-1, हर्षल पटेल 4-0-28-2, राहुल चाहर 4-0-26-2, हरप्रीत बराड 1-0-10-0

पंजाब 145/5

18.5 ओवर, अतिरिक्त : 01

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
प्रभसिमरन सिंह का चहल बो बोल्ट	6	4	1/0
जॉनी बेयरस्टो का पराग बो चहल	14	22	1/0
रिली रोसोऊ का जायसवाल बो आवेश खान	22	13	5/0
शशांक सिंह पगबाधा बो आवेश खान	0	2	0/0
सैम करन नाबाद	63	41	5/3
जितेश शर्मा का पराग बो चहल	22	20	0/2
आशुतोष शर्मा नाबाद	17	11	1/1

गेंदबाजी : ट्रेंट बोल्ट 3-0-27-1, संदीप शर्मा 4-0-28-0, आवेश खान 3.5-0-28-2, रविचंद्रन अश्विन 4-0-31-0, युजवेंद्र चहल 4-0-31-2

फेडरेशन कप में नीरज चोपड़ा को स्वर्ण और डीपी मनु ने जीता रजत

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने बुधवार को फेडरेशन कप 2024 एथलेटिक्स मीट के पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में 82.27 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। आज यहां कलिंगा स्टेडियम में हुई स्पर्धा में डीपी मनु ने 82.06 मीटर के साथ रजत पदक जीता, जबकि उत्तम बालासाहेब पाटिल ने 78.39 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

नीरज चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 82 मीटर का थ्रो किया, जबकि डीपी मनु ने 82.06 मीटर के थ्रो के साथ इवेंट की शुरुआत की, जो इस इवेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो भी रहा। वहीं, चोपड़ा ने अपने चौथे प्रयास में 82.27 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया, इसके साथ ही उन्होंने इस इवेंट में स्वर्ण



- **नीरज ने 82.27 मी. का थ्रो फेंका चोपड़ा और जेना को पहले ही मिल चुका है ओलंपिक कोटा**

पदक अपने नाम कर लिया, लेकिन आखिरी के दो थ्रो उन्होंने छोड़ने का फैसला किया। एशियाई खेलों के रजत विजेता किशोर जेना इस इवेंट में 75.49 मीटर थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे। नीरज चोपड़ा ने कहा मैंने कुछ दिन पहले दोहा में प्रतिस्पर्धा किया था। इसलिए, मैंने आखिरी दो थ्रो छोड़ने का फैसला किया। उल्लेखनीय है कि नीरज चोपड़ा और किशोर जेना, दोनों एथलीटों ने भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा पहले ही हासिल कर चुके है।

मेदवेदेव इटैलियन ओपन से बाहर

रोम। गत चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव अमेरिका के टॉमी पॉल से 1-6, 4-6 से हारकर इटैलियन ओपन टेनिस से बाहर हो गए। इससे पहले दस बार के चैंपियन राफेल नडाल और शीर्ष रैंकिंग वाले नोवाक जोकोविच भी हारकर बाहर हो चुके हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने नुनो बोर्गेस हराया और अब वह टेलर फ्रिट्स से खेलेंगे। फ्रिट्ज ने ग्रिगोर दिमित्रोव को मात दी। अलेजांद्रो ताबिलो ने कारेन खाचानोव को हराया। अब वह झांग झिझेन से खेलेंगे जिन्होंने थियागो मोंटेइरो को मात दी। पॉल का सामना दूसरे दौर में नडाल को हराने वाले सातवीं वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज से होगा जिन्होंने सेबेस्टियन बाएज को हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीज को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ से होगा जिन्होंने किंवेन झेंग को हराया।

बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी इटालियन ओपन से बाहर

रोम। भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी एटीपी इटैलियन ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से हारकर बाहर हो गई। एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 2-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। उन्होंने पहले दौर में वाइल्ड कार्डधारी मात्तेओ अर्नाल्डी और फ्रांसिस्को पासारो को हराया था। बोपन्ना और एबडेन इस महीने की शुरूआत में मैड्रिड मास्टर्स से भी पहले दौर में बाहर हो गए थे। उन्होंने साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता था।

बॉलीवुड हलचल

जन्मदिन पर आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं बाबिल

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता बाबिल खान अपने जन्मदिन पर आगामी प्रोजेक्ट के लिए डबिंग कर रहे हैं। कला, फ्राइडे नाइट प्लान और द रेलवे मैन जैसी प्रशंसित परियोजनाओं में अपने अभिनय के लिए प्रसिद्ध अभिनेता बाबिल खान आज अपना 26वां जन्मदिन मना रहे हैं। छुट्टी लेने के बजाय, बाबिल इस अवसर को कुछ ऐसा करके मना रहे हैं जो उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है, काम करना। इस साल, बाबिल ने अपना खास दिन डबिंग स्टूडियो में बिताने का फैसला किया है, जहां वह अपने आगामी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। बाबिल के लिए, काम करके जन्मदिन मनाना सिर्फ अपने पेशे के प्रति प्रतिबद्धता से कहीं बढ़कर है। यह उन्हें मिले अवसरों और अपने दर्शकों से मिले प्यार के लिए उनकी गहरी कृतज्ञता का प्रतीक है। बाबिल का अपने जन्मदिन पर काम करने का फ़ैसला उनकी कार्य नीति और समर्पण के बारे में बहुत कुछ बताता है। बाबिल इरफान खान के बेटे हैं और पिता के नक्शे कदम पर चल रहे हैं।

लंदन में अगस्त में शुरू होगी हाउसफुल 5 की शूटिंग

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 5 की शूटिंग लंदन में अगस्त में शुरू होगी। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 की चर्चा काफी समय से हो रही थी। हाउसफुल 5 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। कहा जा रहा है कि निर्देशक तरुण मनसुखानी फिल्म हाउसफुल 5 के लिए लोकेशन की खोज में लंदन जा रहे हैं। तरुण इस महीने से फिल्म का प्री प्रोडक्शन काम शुरु कर देंगे। फिल्म से जुड़े ज्यादातर कलाकार कास्ट किए जा चुके हैं। फिल्म के अधिकांश हिस्से लंदन में शूट किए जाएंगे। तरुण अपनी फिल्म लंदन के ऐसे स्थानों पर शूट करना चाहते हैं, जो पहले हिंदी फिल्मों में न दिखाई गई हो। फिल्म का प्री प्रोडक्शन काम जून तक चलेगा। उसके बाद अगस्त में पूरी फिल्म की टीम शूटिंग के लिए लंदन रवाना होगी।



टी-20 विश्व कप टीम में सिर्फ एक अश्वेत अफ्रीकी खिलाड़ी होने पर हो रही है सीएसए की आलोचना

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

टी20 विश्व कप टीम में कागिसो रबादा के रूप में सिर्फ एक अश्वेत अफीकी खिलाड़ी को शामिल करने के लिए क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) की आलोचना हो रही है। दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यीय संभावित टीम में रबादा सहित छह अश्वेत खिलाड़ी शामिल थे।

सीएसए के बदलाव लाने के लक्ष्य के अंतर्गत एक सत्र के दौरान दक्षिण अफ्रीका की अंतिम एकादश में छह अश्वेत खिलाड़ियों का होना जरूरी है, लेकिन टी20 विश्व कप के लिए चुनी टीम में रबादा के रूप में केवल एक अफ्रीकी अश्वेत खिलाड़ी मौजूद हैं। सीएसए के अपने लक्ष्य को पूरा नहीं करने की वजह से उसकी आलोचना की जा रही है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खेल मंत्री फिकिले एमबालुला ने टीम के चयन पर सवाल उठाते हुए 'एक्स' पर लिखा, आगामी टी20 विश्व कप 2024 की टीम के लिए केवल एक अफ्रीकी खिलाड़ी को दक्षिण अफ्रीका की टीम में चुना गया है। निश्चित रूप से यह बदलाव लाने के लक्ष्य से उलट है और इसमें दक्षिण अफीकी लोगों का उचित प्रतिनिधित्व नहीं है।

स्वदेश लौटे चोटिल रबादा, विश्व कप की तैयारी पर नहीं पड़ेगा असर

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ कागिसो रबादा पैर में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से स्वदेश लौट गए हैं। देश के क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। रबादा आईपीएल में पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने मौजूदा सत्र में 11 मैच में 11 विकेट चटकाए हैं। पंजाब की टीम पहले ही प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अपना अंतिम लीग मैच



19 मई को खेलेगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बयान में कहा इस 28 वर्षीय ने दक्षिण अफ्रीका पहुंचने पर विशेषज्ञ से सलाह ली और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की चिकित्सा टीम उन पर करीबी नजर रखे हुए है। सीएसए ने साथ ही कहा कि चोट के कारण रबाडा की अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी पर असर पड़ने की संभावना नहीं है।

टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को देंगे चुनौती : क्रास

बेंगलुरु। स्कॉटलैंड को भले ही बड़े मुकाबलों में खेलने का अनुभव नहीं हो लेकिन उसके खिलाड़ियों में आत्मविश्वास की कमी नहीं है और बुधवार को टीम के उप कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने अगले महीने टी20 विश्व कप के दौरान इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने की उम्मीद जताई। विश्व कप में स्कॉटलैंड ग्रुप बी में गत चैंपियन इंग्लैंड, पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के अलावा साथी एसोसिएट देश ओमान और नामीबिया के साथ है। कर्नाटक का नंदिनी डेयरी ब्रांड विश्व कप में स्कॉटलैंड और आयरलैंड टीम का प्रायोजक होगा।

डिज्नी हॉटस्टार मोबाइल पर फ्री दिखाएगा टी-20 विश्वकप

मुंबई। डिज्नी हॉटस्टार ने क्रिकेट प्रशंसको के समर्थन में दो जून से होने वाले टी-20 विश्वकप 2024 के मैचों का मोबाइल पर फ्री सीधा प्रसारण करने की घोषणा की है। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 अभियान की सफलता के बाद डिज्नी हॉटस्टार की इस मुहिम से देश भर के सभी क्रिकेट प्रशंसकों के लिए कोई भी क्रिकेट एक्शन छूटेगा नहीं। क्रिकेट मैच देखने यह सुविधा केवल मोबाइल फोन पर ही फ्री उपलब्ध होगी। टीवी या लेपटॉप पर मैच देखने के लिए पैसे चुकाने होंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

कान फिल्म महोत्सव में मेरिल स्ट्रीप को 'पाम डी ओर' सम्मान

कान, एजेंसी

कान फिल्म महोत्सव का 77वां संस्करण मंगलवार को शुरू हुआ। ग्रैंड थिएटर लुमियेर में हुई इस ओपनिंग सेरेमनी में 74 साल की अमेरिकी एक्ट्रेस मेरिल स्ट्रीप को गेस्ट ऑफ ऑनर 'पाम डी ओर' अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्हें यह अवॉर्ड देते हुए फ्रेंच एक्ट्रेस जूलियट बनोच भावुक हो गईं।

इस मौके पर ज्यूरी प्रेसिडेंट ग्रेटा गर्विग को भी सम्मानित किया गया। ओपनिंग सेरेमनी में फ्रेंच सिंगर जाहो दे सागाजान ने म्यूजिकल परफॉर्मेंस भी दी। मेरिल स्ट्रीप जब स्टेज पर आईं तो उनके सम्मान में थिएटर में मौजूद तकरीबन 2 हजार गेस्ट खड़े हो गए।

सभी ने ढाई मिनट तक उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया। इस मौके पर स्ट्रीप ने कहा- आपने यहां मेरे सम्मान में जो क्लिप चलाई उसे देखकर ऐसा लगा जैसे मैं किसी बुलेट ट्रेन की खिड़की के बाहर झांक रही हूं। मैंने कुछ ही पलों में अपने आप को यंग और मिडिल एज से गुजरते हुए, जहां में आज खड़ी हुई हूं वहां पाया।

रेड कारपेट पर नजर आईं इंडियन एक्ट्रेस दीप्ति सधवानी

इससे पहले इवेंट की शुरुआत रेड कारपेट सेरेमनी से हुई जिसमें हेलेना क्रिस्टेनसेन, हेइडी क्लम, जेन फोंडा और विक्टोरिया हर्वी जैसे कई सेलेब्स नजर आए। इंडियन एक्ट्रेस और सिंगर दीप्ति सधवानी भी रेड कारपेट पर फ्लोरल ट्रेल गाउन में नजर आईं।

लॉरेंस वोंग सिंगापुर के नए प्रधानमंत्री

सिंगापुर। अर्थशास्त्री लॉरेंस वोंग ने बुधवार को सिंगापुर के चौथे प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। वोंग (51) ने ली सियन लूंग (72) का स्थान लिया है जिन्होंने करीब दो दशक के बाद अपना पद छोड़ा है।

दोनों नेता सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के सदस्य हैं। पीएपी गत पांच दशक से द्विपीय देश को आर्थिक विकास के पथ पर अग्रसर रखे हुए है। वोंग पूर्व में उप प्रधानमंत्री के पद पर थे और पीएपी की चौथी पीढ़ी के नेता हैं। वह प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री की नयी जिम्मेदारी संभालेंगे।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि सादे कार्यक्रम में सत्ता हस्तांतरण हुआ और राष्ट्रपति थरमन षणमुगरत्नम (67) ने वोंग को पद की शपथ दिलाई। वोंग ने मंत्रिमंडल में बड़े स्तर पर फेरबदल नहीं करने के कारणों के रूप में निरंतरता, स्थिरता और व्यवधानों से बचने की आवश्यकता का हवाला दिया। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने लॉरेंस वोंग को बधाई दी।

कैंसर वक्त नहीं देता, नजर अंदाज न करें ये लक्षण

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी अब हमारे बीच में नहीं हैं। सोमवार, 13 मई 2024 को दिल्ली स्थित एम्स में उनका निधन हो गया। सुशील कुमार मोदी ने कुछ महीने पहले ही इस बात की जानकारी दी थी कि वो गले कैंसर के कैंसर से जूझ रहे हैं। अपने कैंसर की सूचना देने के कुछ महीनों बाद ही उनका काल के गाल में चला जाना बताता है कि कैंसर वक्त नहीं देता। इसके लक्षणों को नजरअंदाज करना मौत को आमंत्रण देने जैसा है। आइए जानते हैं कि गले का कैंसर क्या होता है, इसके कौन-कौन से रूप हैं? यहां हम इसके लक्षण और इससे बचाव का तरीका भी जानेंगे।

गले के कैंसर के प्रकार

- सुपर ग्लोटिक : यह गले के ऊपरी हिस्से में एपिग्लोटिस में होता है।
- सब ग्लोटिक : वोकल कॉर्ड्स के निचले हिस्से पैदा होता है।
- ग्लोटिक : यह वोकल कॉर्ड्स में होने वाला कैंसर है।
- हाइपो फैरिंजीयल : यह कैंसर गले के निचले हिस्से में फैलता है।
- ऑरोफेरिंजियल : यह मुंह के पीछे हिस्से में फैलना शुरू होता है।
- नसों फैरिंजीयल : यह गले की नली के ऊपरी भाग में शुरू होता है।

गले के कैंसर के कारण क्या हैं?

- धूम्रपान/स्मोकिंग
- तंबाकू खाना
- शराब की लत
- विटामिन ए की कमी
- खराब खान पान

मुख्य लक्षण

- गले में खराश
- सांस लेने में दिक्कत
- गर्दन या कान में दर्द
- खांसी के साथ खून
- आवाज में बदलाव
- निगलने में कठिनाई

समय से बीमारी का पता चले तो मर्ज हो सकता ठीक

राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं रिसर्च केंद्र के मुताबिक सिर और गला के कैंसर की देखभाल हो सकती है, और मरीज ठीक हो सकता है। बीमारी का पता अगर जल्दी लग जाए है तो इससे बचाव की संभावना 80 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। कैंसर के लक्षण को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। अगर किसी को कोई समस्या है तो उन्हें डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए। गले का कैंसर का पता लगाने के लिए एंडोस्कोपी, बायोप्सी और इमेजिंग टेस्ट की मदद ली जाती है।

एक नजर

गूगल ने जेमिनी एआई अपडेट जारी किया

सैन फ्रांसिस्को। गूगल ने कंपनी के वार्षिक डेवलपर सम्मेलन गूगल आई/ओ 2024 में अपनी एआई मॉडल श्रृंखला जेमिनी के नवीनतम नवाचारों का अपडेट जारी किया है। कंपनी ने मौजूदा फ्लैगशिप मॉडल जेमिनी 1.5 प्रो के नए संस्करण के निजी पूर्वावलोकन की मंगलवार को घोषणा की। यह 20 लाख तक टोकन ले सकता है। जेमिनी 1.5 प्रो का नया संस्करण किसी भी व्यावसायिक रूप से उपलब्ध मॉडल के सबसे बड़े इनपुट का समर्थन करता है। सुंदर पिचाई ने कहा कि आज हमारे सभी दो करोड़ यूजर्स जेमिनी उत्पाद का उपयोग करते हैं।

इजरायल के हवाई हमले में 40 लोग मारे गए

गाजा। मध्य गाजा पट्टी के नुसीरात शरणार्थी शिविर में सोमवार देर रात के बाद इजरायल के हवाई हमले में कम से कम 40 लोग मारे गए और अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीन टीवी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इजरायली लड़ाकू विमानों ने शिविर के दक्षिण में कराजा परिवार के स्वामित्व वाली एक आवासीय इमारत पर बमबारी की। हताहतों में बच्चे भी शामिल हैं।

मुठभेड़ में एक अधिकारी और तीन आतंकवादियों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक सैन्य अधिकारी और तीन आतंकवादियों की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि यह घटना प्रांत के झोब जिले में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना के आधार पर आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाया था।

ईरान से 40 भारतीय नाविकों को रिहा करने का आग्रह

नई दिल्ली। भारत ने ईरान से लगभग 40 भारतीय नाविकों को रिहा करने का अनुरोध किया है। इन नाविकों को पिछले आठ महीने में अलग-अलग आरोपों में जब्त किये गये चार वाणिज्यिक जहाजों से हिरासत में लिया गया था। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को तेहरान में ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ बैठक के दौरान यह अनुरोध किया। सोनोवाल तेहरान की यात्रा पर थे।

डब्ल्यूएचओ ने डेंगू के दूसरे टीके को दी मंजूरी

दो खुराक वाला यह टीका चार प्रकार के डेंगू से बचाएगा

जिनेवा, एजेंसी

- ज्यादा प्रकोप वाले क्षेत्रों में छह से 16 साल के बच्चों को यह टीका देने की सिफारिश

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बुधवार को डेंगू के दूसरे टीके को मंजूरी दे दी है। यह कदम दुनिया भर में लाखों लोगों को मच्छर जनित बीमारी से बचाने में काम आएगा। डब्ल्यूएचओ ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसने जापानी फार्मास्युटिकल कंपनी टाकेडा द्वारा निर्मित डेंगू के टीके को मंजूरी दी है। डेंगू के ज्यादा प्रकोप वाले क्षेत्रों में छह से 16 साल के बच्चों को यह टीका देने की सिफारिश की गई है। दो खुराक वाला यह टीका चार प्रकार के डेंगू से बचाएगा।

टाकेडा के डेंगू के टीके क्यूडेंगा को 2022 में यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी द्वारा मंजूरी दी गई थी। डब्ल्यूएचओ की मंजूरी का मतलब है कि दानकर्ता और अन्य संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां गरीब देशों के लिए टीके खरीद सकती हैं। अध्ययन से पता चला है कि टाकेडा का टीका लोगों को डेंगू से पीड़ित होने पर अस्पताल में भर्ती होने से रोकने में लगभग 84 प्रतिशत और लक्षणों को रोकने में लगभग 61 प्रतिशत प्रभावी है। डब्ल्यूएचओ के दवाओं और टीकों के अनुमोदन के लिए निदेशक, रोजेरियो गैस्पर ने कहा कि यह डेंगू के टीकों की वैश्विक पहुंच के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह दूसरा टीका है जिसे संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने डेंगू के लिए अधिकृत किया है। डब्ल्यूएचओ द्वारा मंजूर पहला टीका सनोफी पाश्चर द्वारा बनाया गया था, जो बाद में उन लोगों में डेंगू के खतरे को बढ़ाता पाया गया जो पहले इस बीमारी से संक्रमित नहीं थे। लगभग 120 लातिन अमेरिकी और एशियाई देशों में गंभीर बीमारी और मृत्यु का प्रमुख कारण डेंगू का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है।

करीब 80 प्रतिशत मामले हल्के किस्म के

डेंगू में करीब 80 प्रतिशत मामले हल्के किस्म के होते हैं, लेकिन गंभीर मामलों में आंतरिक रक्तस्राव, अंगों के काम करने की विफलता और मृत्यु तक हो सकती है। मार्च में, ब्राजील के रियो डी जनेरियो में अधिकारियों ने डेंगू पर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की और देश ने टाकेडा टीकों का उत्पादन शुरू कर दिया, जिसका लक्ष्य कम से कम 30 लाख लोगों को टीका लगाना था।

मोदी फिर बनेंगे पीएम पाक को भी उनके जैसे नेता की जरूरत

वाशिंगटन। पाकिस्तान मूल के अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा है कि भारत में चल रहे चुनाव में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी को जीत मिलेगी और फिर से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। नरेंद मोदी एक मजबूत नेता हैं, जिन्होंने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। बाल्टीमोर निवासी पाकिस्तानी अमेरिकी कारोबारी साजिद कहा कि मोदी ना केवल भारत के लिए अच्छे हैं बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी अच्छे नेता साबित हो रहे हैं।

- पाकिस्तानी अमेरिकी अरबपति साजिद तरार ने की मोदी की तारीफ

मोदी जैसे नेता की पाकिस्तान को भी जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा कोई नेता मिलेगा। तरार ने कहा कि वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि मोदी जी पाकिस्तान के साथ संवाद और व्यापार शुरू करेंगे। भारत के लिए भी शांतिपूर्ण पाकिस्तान अच्छा होगा।

यूक्रेन को दो अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार देंगे : ब्लिंकन

राष्ट्रपति जेलेंसकी से मिलते अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन • एजेंसी

कीव, एजेंसी

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार सौदे की घोषणा की। वह यूक्रेन को अमेरिकी मदद को लेकर आश्वस्त करने के लिए कीव में हैं। यूक्रेन रूस के नये हमलों का मुकाबला करने की तैयारी कर रहा है।

ब्लिंकन ने कीव की दो दिवसीय यात्रा के दौरान बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति जलेंसकी से मुलाकात की।

यूक्रेन में ब्लिंकन की संगीत बैंड के साथ प्रदर्शन की आलोचना की: अमेरिकी सीनेटर रिक स्कॉट ने विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की यूक्रेनी दौरे पर वहां के स्थानीय संगीत बैंड के साथ प्रदर्शन करने के लिए आलोचना की है। स्कॉट ने मंगलवार को कहा जब दुनिया में युद्ध के कारण तबाही मची हुयी है और अमेरिकी के लोग गाजा में पिछले 221 दिन से हमास के बंधक बने हुये हैं।

इजराइल को एक अरब से अधिक कीमत के हथियार

वाशिंगटन। बाइडन प्रशासन ने प्रमुख सांसदों से कहा है कि अमेरिका इजराइल को एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक कीमत के हथियार और गोला-बारूद भेजेगा। अमेरिकी संसद के तीन कर्मियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी यह जानकारी नहीं है कि हथियारों की यह खेप कब भेजी जाएगी। बाइडन प्रशासन द्वारा इस महीने 2,000 पाउंड दर वाले 3,500 बम की खेप इजराइल भेजने पर रोक लगा दी गई थी जिसके बाद से पहली खेप भेजने का यह खुलासा किया गया है।

बाइडन व ट्रंप जून और सितंबर में चुनावी बहस के लिए सहमत

वाशिंगटन। राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जून और सितंबर में दो चुनावी बहस आयोजित करने को लेकर बुधवार को सहमति जतायी। राष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर दोनों नेताओं के बीच पहली बहस 27 जून को सीएनएन चैनल पर होगी। दोनों नेताओं की प्रचार अभियान टीम ने बहस के मूल नियमों को लेकर जानकारी साझा नहीं की है।

डेमोक्रेट पार्टी ने कहा कि अगर चुनाव से पहले राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच होने वाली बहस का आयोजन गैर-दलीय आयोग द्वारा किया जाता है, तो वे इसमें शामिल नहीं होंगे। यह आयोग पिछले तीन दशक से इस बहस का आयोजन कर रहा है। बाइडन की प्रचार टीम ने प्रस्ताव किया कि इसके बजाय मीडिया संस्थान संभावित डेमोक्रेट और रिपब्लिकन उम्मीदवारों के साथ बहस आयोजित करें।

पहली बहस जून के अंत में और दूसरी सितंबर में प्रारंभिक मतदान शुरू होने से पहले होगी। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वह बाइडन के साथ चुनावी बहस के लिए तैयार हैं। ट्रंप के बयान के कुछ घंटों बाद बाइडन ने कहा कि वह 27 जून को बहस के लिए सीएनएन के निमंत्रण को स्वीकार करते हैं।

लुटेरी दुल्हन गिरोह का भंडाफोड़ पुलिस ने 11 सदस्य किये गिरफ्तार

सीहोर, एजेंसी

- बड़ी मात्रा में लूटी गई सोने और चांदी की ज्वैलरी व नकदी बरामद की

मध्यप्रदेश के सीहोर जिले की पुलिस ने एक रात की लुटेरी दुल्हन गैंग का भंडाफोड़ किया है। इस गैंग के 11 सदस्यों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से बड़ी मात्रा में लूटी गई सोने और चांदी की ज्वैलरी और नकदी बरामद की है। गिरोह के लोग ऐसे युवाओं को तलाशते थे, जिनकी शादी नहीं होती है। फिर उनसे रुपए लेकर महाराष्ट्र की गुलनाज को दुल्हन बना उनके यहां भेज देते थे।

शादी के बाद एक-दो दिन तो गुलनाज वहां रहती थी और फिर वहां से रुपये और जेवर लेकर गुलनाज रफूचक्कर हो जाती थी। शाजापुर जिले के सुंदरसी थाना क्षेत्र के गांव बागली में जब दुल्हन बनकर पहुंची तो फिर वहां से भाग नहीं सकी तो उसने पति जसमत के खिलाफ ही अपहरण का मामला दर्ज करा दिया। जब मामले की जांच शुरू हुई तो पूरा मामला ही पलट गया।

जब पुलिस ने इस मामले में आरोपी जसमत को गिरफ्तार किया तो उसने बताया कि उसने डेढ़ लाख रुपए में गुलनाज को खरीदा है। इसकी स्टांप पर लिखा-पढ़ी भी हुई है। इसके बाद पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाने के लिए गुलनाज को गिरफ्तार किया। साथ ही उसके अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया।

प्रदर्शन

अखिल असम छात्र संघ के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को गुवाहाटी में खाद्य पदार्थों, ईंधन और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। • एजेंसी

कर्नाटक में प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर युवती की चाकू मारकर हत्या

हुबली (कर्नाटक), एजेंसी

- बहन इस निर्मम हत्याकांड की चश्मदीद गवाह

कर्नाटक के हुबली में बुधवार को कथित तौर पर प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर 21 वर्षीय युवती की परिचित ने चाकू मारकर हत्या कर दी। इससे कुछ सप्ताह पहले इसी तरह कॉलेज की छात्रा नेहा हिरमेथ की उसके पूर्व सहपाठी ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बेंडिगेरी पुलिस थाना क्षेत्र के वीरपुर ओनी इलाके में 23 वर्षीय विश्वा उर्फ गिरीश सावंत ने सुबह पांच बज कर 45 मिनट पर अंजलि अम्बिगेरा के घर का दरवाजा खटखटाया।

जब अंजलि ने दरवाजा खोला, तो गिरीश ने उस पर चाकू से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि वारदात के बाद आरोपी भाग गया। अंजलि की बहन इस निर्मम हत्याकांड की चश्मदीद गवाह है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी गिरीश के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है और उसे पकड़ने के लिए टीम गठित की गई है। इससे पहले, नेहा हिरेमथ (23) की 18 अप्रैल को हुबली में उसके कॉलेज परिसर के अंदर पूर्व सहपाठी फैयाज खोडुनाइक ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

खगोल विज्ञान दुनिया के सौर वैज्ञानिकों की नजर सूर्य पर, तीव्रता एक्स 8 .7 श्रेणी आंकी गई

सूर्य में हुआ वर्तमान सौर चक्र का सबसे बड़ा विस्फोट

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बीती रात वर्तमान सौर चक्र का सबसे बड़ा विस्फोट देखा गया है। विस्फोट में फूटी ज्वाला की तीव्रता एक्स 8.7 श्रेणी आंकी गई है। विस्फोट में उत्पन्न सौर तूफान का पृथ्वी पर असर नही पड़ेगा। दुनियाभर के सौर वैज्ञानिक सूर्य पर पैनी नजर रखे हुए हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा. वहाबउद्दीन सूर्य की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि सूर्य के दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र में सुपर सक्रिय एनओएए 3664 सौर कलंक बना हुआ है। जिससे एक्स 8.7 श्रेणी की ज्वाला निकली है। यह बेहद खतरनाक सीएमई यानी भू-चुम्बकीय तूफान है, लेकिन इसके पृथ्वी से टकराने की कोई संभावना नही है। यह विस्फोट 14 मई की रात भारतीय समय के अनुसार 10.25 बजे रिकार्ड किया गया। डॉ. वहाबउद्दीन ने बताया कि आठ साल बाद यह सबसे बड़ी ज्वाला है। 2017 मे एक्स 9.3 श्रेणी की ज्वाला भड़की थी।

यह ज्वाला सौर चक्र 24 की सबसे बड़ी सौर ज्वाला थी। जिसकी गति 497 किमी प्रति सेकंड थी। इस विस्फोट से निकले सौर तूफान से रडार, जीपीएस और उपग्रह संचार सहित संवेदनशील रिसीवरों मे व्यवधान उत्पन्न हुआ था। जिसका असर अमेरिका , पूर्वी प्रशांत और उत्तरी अटलांटिक में रेडियो सिग्नल में देखने को मिला था।

मंगलवार रात सूर्य की सतह पर हुए विस्फोट की तस्वीर।

- सौर वैज्ञानिक डा. वहाबउद्दीन ने बताया आठ साल बाद यह सबसे बड़ी ज्वाला थी

15 दिन में 16 भयानक विस्फोट हुए

नैनीताल। डा वहाबउद्दीन के अनुसार सूर्य के सतह पर 1 से 15 मई के बीच रिकॉर्डतोड़ विस्फोट दर्ज किए गए हैं। जिनमें 100 से अधिक एम-क्लास और 16 एक्स-क्लास की ज्वाला शामिल हैं। जिनसे पृथ्वी के दिशा निर्देशित सीएमई यानी भू चुम्बकीय तूफान उठे हैं। जिनमें से कुछ शक्तिशाली सौर तूफान उठे हैं। 10 मई को ऐतिहासिक जी5 श्रेणी का बेहद शक्तिशाली भू-चुंबकीय तूफान का उत्पादन हूआ। इसका असर भारत के लदाख क्षेत्र में ऑरोरा के रूप में देखने को मिला है।

स्वीडन में बिजली गुल, द. अफ्रीका में हुए ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

नैनीताल। पिछली बार पृथ्वी पर जी 5 श्रेणी का भयानक भू-चुंबकीय तूफान अक्टूबर 2003 में आया था। विस्फोट से उठी ज्वाला को एरीज से रिकार्ड किया गया था। इस तूफान को हैलोवीन तूफान नाम दिया गया था। जीसस स्वीडन में बिजली गुल हो गई और दक्षिण अफ्रीका में ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए।

मस्जिद में विस्फोट चार बच्चों सहित 24 लोग घायल

अबुजा। नाइजीरिया के कानो राज्य में बुधवार सुबह एक व्यक्ति द्वारा मस्जिद पर किये गये विस्फोट में चार बच्चों सहित कम से 24 नमाजी घायल हो गये। पुलिस के प्रवक्ता अब्दुल्लाही हारुना ने एक बयान में बताया कि इलाके के ही रहने वाले 38 वर्षीय संदिग्ध ने कानो के दूर-दराज के गदान गांव में स्थित मस्जिद में हमला करने के अपने जुर्म को कबूल लिया। उसंदिग्ध ने लंबे अरसे से चली आ रही पारिवारिक मतभेदों के कारण इस घटना को अंजाम दिया।

हारुना ने बताया कि शुरुआती फॉरेंसिक जांच में सामने आया कि विस्फोट गैस रिसाव के कारण हो सकता है लेकिन जांच अभी जारी है। पुलिस ने इलाके को घेर लिया और घायलों को तुरंत राजधानी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। द डेली ट्रस्ट समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, नमाजी मस्जिद के भीतर बंद हो गये थे।

भारत के सहयोग से छोटे हथियारों की निर्माण इकाई लगा सकता श्रीलंका

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका अपने यहां छोटे हथियारों की एक निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए भारत के साथ बातचीत कर रहा है जिससे दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और मजबूत होगा। श्रीलंका के रक्षा मंत्री प्रेमिता बंदारा तेन्नाकून ने बुधवार को यह जानकारी दी। तेन्नाकून ने कहा हम हमारे भारतीय समकक्षों के साथ संपर्क में हैं, भारत से सीखने के लिए बहुत कुछ है।

सैन्य उद्योग में एक संयुक्त उपक्रम के लिए चर्चा जारी हैं। अप्रैल की शुरुआत में यहां हुए भारत-श्रीलंका रक्षा सहयोग के दूसरे सेमिनार के बाद यह चर्चा हो रही है। कोलंबो में भारतीय राजदूत संतोष झा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग आज अत्याधुनिक हथियारों, उन्नत प्रौद्योगिकियों और विश्व स्तरीय उपकरणों से लैस है। इनमें से कुछ जो प्रमुख हैं, उनमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर से लेकर नौसैनिक पोत, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली से लेकर साइबर सुरक्षा समाधान और छोटे हथियारों से लेकर लंबी दूरी तक मार करने वाली हथियार प्रणाली शामिल हैं। झा ने कहा कि श्रीलंका जैसे अपने मित्र देशों को ये क्षमताएं उपलब्ध कराने के लिए भारत इच्छुक है।

- श्रीलंका के रक्षा मंत्री प्रेमिता बंदारा तेन्नाकून ने कहा- भारत से बातचीत जारी

19 करोड़ पौंड भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को मिली जमानत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने 19 करोड़ पौंड के भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को बुधवार को जमानत दे दी। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी पर रियल एस्टेट के एक दिग्गज व्यक्ति से रिश्वत के रूप में अरबों की जमीन लेने का आरोप है।

उच्च न्यायालय की दो न्यायाधीशों की पीठ ने बहस पूरी होने के बाद मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने बुधवार को खान से जमानत के लिए 10 लाख का मुचलका दाखिल करने को कहा। इस फैसले से पूर्व प्रधानमंत्री की अदियाला जेल से रिहाई होने या न होने पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा क्योंकि गोपनीय दस्तावेज और इद्दत मामलों में उनकी सजा को फिलहाल निलंबित किया हुआ है। एनएबी ने पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और अन्य लोगों के खिलाफ जांच शुरू की थी।